माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 184, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com





जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 16

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 2


## सिद्धार्थनगर में कुत्तों ने बालिका को नोच-नोचकर मार डाला

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▶▶ गांव के बाहर बकरियां चराते समय कुत्तों के झुंड ने किया हमला, इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की घटना

**अमृत विचार:** जिले में आवारा कुत्तों ने एक बालिका पर हमला कर उसकी जान ले ली। परिवारीजनों ने बताया कि तरन्नुम (10) गांव के पास खेत में बकरियां चरा रही थी, तभी उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद बच्चों ने भागकर गांव में और घर में सूचना दी जबतक लोग पहुंचते तब तक तरन्नुम की मौत हो चुकी थी।

पुलिस के अनुसार यह घटना इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की है। यहां के निवासी आबिद की पुत्री तरन्नुम (10) कक्षा चार की छात्रा थी। गुरुवार शाम स्कूल से लौटने के बाद वह बकरियों को चराने को चली गई। तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह जब तक उसे भगाती उसके साथ के सात आठ अन्य कुत्ते भी उस पर झपट पड़े। बच्चों ने घटना की जानकारी गांव में दी। ग्रामीण भाग कर पहुंचे और कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक बालिका की मौत हो चुकी थी।

## केंद्र की विफलताओं पर कांग्रेस का ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी

▶▶ प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण

▶▶ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है।

प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी। एक घटना को याद करते हुए कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है। मोदी ने उनकी सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' लाने के लिए खरगे को धन्यवाद दिया और अपनी सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छों कामों के बीच इसे नजर न लगे जाए इसलिए उसे 'काला टीका' कहा ।

### वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चिट्ठा प्रस्तुत किया जाएगा।

### एक नजर

#### राहुल बोले-प्रधानमंत्री मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं

झारसुगुडा (ओडिशा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ और वह खुद को ओबीसी बताकर लोगों को 'गुमराह' कर रहे हैं। राहुल ने ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतिम दिन कहा कि मोदी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ जो सामान्य जाति की श्रेणी में आता है। मोदी जी का जन्म घांची जाति के परिवार में हुआ था, जिसे 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान ओबीसी सूची में शामिल किया गया।

#### दिल्ली में मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहा, एक की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार (पूर्वी तरफ) का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। डीएमआरसी गंभीर रूप से घायलों को पांच लाख और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि देगी।

## हल्द्वानी में बवाल, थाना फूंका, कर्फ्यू

▶ जिलाधिकारी ने दिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

▶ बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर अवैध निर्माण हटाने गई थी टीम

▶ पुलिस वाहन, सरकारी संपत्ति में लगाई आग

### हालात काबू में करने को बुलाई गई सेना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव व आगजनी कर दी। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं। पथराव व आगजनी में 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देरशाम सेना भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़ी, लेकिन बवाल बढ़ता गया। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे।

शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस ने किसी तरह भीड़ के बीच फंसे प्रशासनिक अधिकारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक बवाल जारी था।



उपद्रवियों द्वारा की गई आगजनी के बाद हालात पर नियंत्रण पाने के लिए भारी संख्या में तैनात सुरक्षाबल। ● अमृत विचार



दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। देर रात तक हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **–प्रहलाद नारायण मीणा**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

### मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

## उप्र. को बीमारू राज्य बनाना राजनीतिक मानसिकता थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▶▶ इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले योगी

▶▶ औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी के 13 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। विभिन्न जिलों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र. में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में हमारी क्षमता को देखकर कोई उप्र. को कोई बीमार नहीं कहेगा।

**19 को मोदी रखेंगे 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला :** मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी उप्र. के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी।

## जयंत को लोस टिकट और पत्नी चारु को राज्यसभा की सीट!

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ रालोद के एनडीए में जाने की चर्चाओं के बीच सामने आया समझौते का मसौदा

▶▶ एक दो दिन के भीतर ही गठबंधन की घोषणा संभव, राजग को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के एनडीए में शामिल होने की सुगबुगाहट के बीच प्रस्तावित समझौते का मसौदा भी चर्चा में है। भाजपा-रालोद के इस समझौते के तहत दिलचस्प यह है कि जयंत को उप्र. से लोकसभा का टिकट और पत्नी चारू चौधरी को राज्यसभा की सीट मिलना संभव है। इतना ही नहीं, योगी मंत्रिमंडल में भी एक कैबिनेट तो एक राज्यमंत्री बनाया जाना प्रस्तावित है।

एक दो दिन के भीतर ही नये समीकरणों की तस्वीर सामने आ सकती है। दरअसल, रामलला प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को देखकर रालोद मुखिया का मन बदला माना जा रहा है। वहीं, भाजपा भी मिशन 80 साधने को हर बाजी खेलना चाहती है। राजनीतिक चश्मे से देखें तो रालोद के लिए कांग्रेस और सपा के साथ मिलकर लोस चुनाव लड़ने से ज्यादा फायदा भाजपा से दोस्ती कर मनमाफिक लाभ पाना रहेगा। जहां राज्यसभा की सीट घर में ही रहेगी वहीं, भाजपा में शामिल होकर अगर मथुरा लोस का टिकट मिल गया तो क्या कहने?

वहीं, भाजपा की नजर से देखें तो मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद मंडल की 14 सीटों में से 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें ही जीती थी। रामपुर की सीट बाद में उपचुनाव में भाजपा के पास आ गई। अन्य पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। रालोद का सफाया हो गया है। ऐसे में अगर भाजपा-रालोद का एका हो गया तो राजग के मिशन 80 को मजबूती मिलेगी।

## रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 % पर बरकरार रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को 6 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6 .5 प्रतिशत किया था। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की तीन दिन की समीक्षा बैठक के बाद यह फैसला लिया।

## पुलिस की कम्प्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में सेंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ गैंग का सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार:** परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे बैठकर केवल माउस हिलाता रहा और उधर सॉल्वर गैंग ने सिस्टम का एक्सेस लेकर खेल कर दिया। कहीं और नहीं उप्र पुलिस की ऑनलाइन कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा में ही सॉल्वर गैंग ने सेंध लगा दी। गैंग ने हाईटेक पुलिस के आर्टिफिशियल इंटिलीजेंस को भी चुनौती दे डाली। सरगना ने अभ्यर्थियों से 4 से 5 लाख रुपये इस कार्य के लिए वसूले।इस मामले में एसटीएफ ने गैंग का सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्यों ने दूर बैठकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल किए। एसटीएफ टीम ने उनके पास से तीन लैपटॉप, डेस्क टॉप कम्प्यूटर, आठ मोबाइल फोन, स्क्रीन शॉट, आठ एडमिट कार्ड बरामद किए हैं। यह मामला बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र की है। गिरफ्तार लोगों में गैंग का सरगना रचित चौधरी, शामली जिले के बाबरी थानान्तर्गत ग्राम भाजू का निवासी है, जबकि बागपत जिले ग्राम बिहारीपुर के रहने वाले कर्मवीर सॉल्वर है।




# टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे बुमराह : वेर्नोन

## सभी प्रारूपों में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज होंगे साबित



जोहानिसबर्ग, एजेंसी

**बुमराह से पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच रैंकिंग में दूसरे नंबर पर रहे**



सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा कि वह इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 9 विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे। फिलैंडर ने कहा कि बुमराह इस समय मुकम्मिल गेंदबाज है। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है, जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी-20 क्रिकेट में भी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी-20 क्रिकेट में यही तो चाहिए। मुझे लगता है कि वह टी-20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। उन्होंने मोहम्मद शमी के लिए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।

# इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान कोः अहमद

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी ने दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते हैं।

## खेल डायरी

### मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया



**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

### मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

### पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

# कोहली की अनुपस्थिति भारत, श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटकाः हुसैन

## व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से दूर रहे दिग्गज क्रिकेटर

चेन्नई, एजेंसी

**राजकोट और रांची में होने वाले मुकाबलों में भी खेलने की संभावना कम**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का आगामी टेस्ट मैच में नहीं खेलना सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं बल्कि श्रृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका है। हुसैन ने हालांकि भारतीय क्रिकेटर के व्यक्तिगत जिंदगी को प्राथमिकता देने का समर्थन किया। कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच से हट गए थे। उनके राजकोट और रांची में आगामी मुकाबलों में भी खेलने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है। पांच टेस्ट की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।



हुसैन ने कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ भी अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन यह झटका होगा। हुसैन ने कहा कि यह भारत के लिए झटका होगा। यह श्रृंखला के लिए ही नहीं विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष श्रृंखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच काफी शानदार रहे। कोहली की उपलब्धियों और क्रिकेट में योगदान की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उन जैसा खिलाड़ी 15 साल तक खेल की सेवा करने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताने का हकदार है। खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने की जरूरत है। वह पिछले 15 साल से अधिक समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर उन्हें परिवार के साथ रहने के लिए खेल से ब्रेक की जरूरत है तो हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हुसैन ने कहा कि भले ही इस कारण हमें एंडरसन बनाम कोहली का दिलचस्प मुकाबला देखने को नहीं मिले जैसा हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है तो भी ठीक है, लेकिन कोहली और उनका परिवार और उनकी निजी जिंदगी सर्वोपरि है। विराट कोहली खेल और किसी श्रृंखला के खेलने वाले महान बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके जैसे खिलाड़ी की टीम को कमी खलेगी, लेकिन जैसा कि हमने देखा है कि उनके पास युवा बल्लेबाजों की अच्छी जमात है।

**केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद**

हुसैन ने कहा कि कोहली की जगह लेना मुश्किल है लेकिन उन्हें केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद है जो दर्द के कारण दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। मुझे लगता है कि केएल राहुल भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं जो दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 से 19 फरवरी तक खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा। हाल में कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब शो पर खुलासा किया था कि भारतीय बल्लेबाज अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

# चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिकः पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा।



राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा। महिला सर्किट में शीर्ष 10 से 15 स्थान पर काबिज खिलाड़ी कड़ी चुनौती पेश करते हैं। ऐसे में अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना और अच्छी रणनीति के साथ कोर्ट पर उतरना महत्वपूर्ण होता है, जिससे आप शुरुआती रणनीति के नहीं चल पाने पर दूसरी रणनीति को अपना सकें। फॉर्म में वापसी के लिए बेताब सिंधु ने पिछले साल कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ दिया था। अब उनके साथ पूरी तरह से नया सहयोगी स्टाफ है। वह प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में इंडोनेशिया के एगस सैंटोसो की देखरेख में अभ्यास कर रही हैं।

# टी-20 विश्व कप चयन के लिए आईपीएल का रहेगा महत्वः मूडी

चेन्नई, एजेंसी



कोच टॉम मूडी ने गुरुवार को कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएल टी-20 जैसी लीग में प्रदर्शन इस बार मायने रखेगा क्योंकि इसका टी-20 विश्व कप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का इस चरण का टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। मूडी ने 'आईएल टी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा कराई बातचीत के दौरान कहा कि मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएल टी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है।

# डेविस कपः सितंबर में स्वीडन से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत डेविस कप विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में सितंबर में मेजबान स्वीडन का सामना करेगा। भारत ने पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ में पाकिस्तान को 4-0 से मात दी थी जबकि स्वीडन क्वालीफायर के पहले दौर में ब्राजील से 1-3 से हारा था। भारत और स्वीडन के बीच डेविस कप में अब तक पांच मुकाबले हुए हैं। भारत स्वीडन को हराने में नाकाम रहा है लेकिन इस बार उसके पास अच्छा मौका होगा क्योंकि मेजबान टीम में कोई बड़ा एकल खिलाड़ी नहीं है।

# यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन

बेनोनी, एजेंसी



लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है।

भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है।

श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं। भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा कि फाइनल में सामने आस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता।

## बॉलीवुड हलचल

### 12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

### पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

### 'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

### सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं: हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

### खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### जिला अस्पताल में एक गेट से वाहनों का प्रवेश होगा बंद



**अयोध्या। अमृत विचार** : जिला अस्पताल में ओपीडी परिसर को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त बनाने के लिए सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने अब एक गेट से वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। सीएमएस ने गुरुवार को बताया कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोज 800 से एक हजार के करीब मरीज पहुंचते हैं। परिसर को ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाने के बाद वाहनों को खड़ा करने में भी परेशानी होने लगी है। कहा कि पार्किंग के इंतजाम किए जा रहे हैं। अब पुराने सीएमओ ऑफिस के पास से ही वाहनों का प्रवेश कराया जाएगा। इमरजेंसी के गेट से वाहन अंदर न आएं इसके लिए गार्डों को तैनात किया गया है। परिसर में अधिक से अधिक वाहन खड़े हो सकें। इसके लिए परिसर में खड़ी कंडम गाड़ियों को भी हटवाया जाएगा।

# राममंदिर से और प्रगाढ़ होंगे भारत-फिजी के संबंध : बिमान प्रसाद

## बोले उप प्रधानमंत्री- फिजी में रामराज्य की परिकल्पना पर ही सरकार की व्यवस्था, मंदिरों में होता रामायण पाठ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राममंदिर निर्माण से भारत और फिजी के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। फिजी में गवर्नेंस रामराज्य की परिकल्पना पर ही संचालित है। बहु धार्मिक देश होने के बाद भी फिजी में मठ-मंदिरों पर रामायण पाठ और दीपावली मनाई जाती है। ये बातें गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पर फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने कहीं। वो अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ यहां रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे थे।

विमान से उतरने के बाद भावुक और अभिभूत दिखे उप प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज भारत खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार से रामायण और गीता लेकर गए थे। एक लंबे संघर्ष के बाद फिजी में स्थापित हुए। उन्होंने कहा कि फिजी में हिंदू की पहचान पूर्वजों के कारण बनी है। वहां हिंदू धर्म के मानने वाले लोगों के दिल और दिमाग में अयोध्या हर समय रहती है। उन्होंने बताया कि बहु धार्मिक देश होने के बाद भी दीपावली का पर्व एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। उस दिन अवकाश रहता है। कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज यहां रामलला के दर्शन के लिए जा रहा हूं। यह भारत और फिजी के संबंधों को और मजबूत करेगा। भारत से फिजी का संबंध बहुत प्राचीन है और हमारे पूर्वजों की देन है। अयोध्या में फिजी दूतावास के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे राजदूत दिल्ली में हैं। हमारी भी विशेष बैठकें विदेश मंत्री से प्रस्तावित हैं।



महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बाहर निकलते फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद व मौजूद अन्य लोग।

### उत्तर प्रदेश और बिहार से फिजी का है विशेष लगाव

फिजी के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार से खासा लगाव है। वहां बसे भारतीय मूल के लोगों के पूर्वज यहीं से गए थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम के जीवन और रामायण से मिली प्रेरणा से फिजी में सनातन समाज जीवन में न्याय प्रिय प्रकार से रह रहा। फिजी की गर्वनेंस भी इसी आधार पर चल रही है। हमारे देश में भी राम मंडलियां है जो नियमित रूप से रामायण और रामलीला की प्रस्तुति करतीं हैं।

- कहा - रामलला के दर्शन के लिए आना परम सौभाग्य
- भारत से गए थे पूर्वज, दीपावली पर होता है अवकाश



### उप प्रधानमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गुजारे 20 मिनट

यहां गुरुवार दोपहर बाद पहुंचे फिजी के उप प्रधानमंत्री का स्वागत जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बुके देकर किया। इतना ही नहीं करीब 20 मिनट उप प्रधानमंत्री लाउंज में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत करते रहे। बताया जाता है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उप प्रधानमंत्री को राममंदिर व अयोध्या से संबंधित जानकारियां दी गईं। इस मौके पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व एसएसपी आर के नैय्यर ने उप प्रधानमंत्री की एयरपोर्ट पर अगुवानी की।

### गोंडा के मूल निवासी हैं फिजी के उप प्रधानमंत्री

रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने एयरपोर्ट पर बताया कि वह मूल रूप से गोंडा के ही रहने वाले हैं। इसीलिए अयोध्या से उनका लगाव बहुत भावनात्मक है।

## इटली से रामलला दर्शन को पहुंचा दंपति



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम में आस्था के पग थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इटली से एक दंपति गुरुवार को यहां रामलला का दर्शन करने पहुंचा। अल्बर्टो अपनी पत्नी इलोनोरा के साथ आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों यहां दो दिन रहकर अयोध्या को जानने का प्रयास करेंगे। इटालियन नागरिक अल्बर्टो ने अयोध्या धाम में आकर बहुत खुशी जाहिर की।



आस्था स्पेशन ट्रेन से रामनगरी पहुंचे रामभक्त। अमृत विचार

# भक्तिपथ से हनुमंत लला के दर्शन, रामपथ से वापसी

- श्रद्धालुओं का रेला देख गुरुवार से बदली गई व्यवस्था, कपिलगंज बाजार से प्रवेश बंद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : आस्था के पथ पर गुरुवार को भी श्रद्धालुओं का उमड़ता सैलाब पूरे दिन बना रहा। इसी के चलते हनुमानगढ़ी पर दर्शन की व्यवस्था में आंशिक बदलाव कर दिया गया है। अब यहां हनुमानगढ़ी पर श्रद्धालुओं को भक्तिपथ से दर्शन सुलभ होंगे, रामपथ से वापसी होगी।

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब रोजाना ही अयोध्या धाम में मेले जैसा दृश्य दिख रहा है। जिला प्रशासन को भी रोज नए दिशा-निर्देश जारी करने पड़ रहे है। राम मंदिर में दर्शन कराने के लिए गुरुवार को श्रीराम मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मियों ने नए दिशा निर्देश के मुताबिक दर्शनार्थियों को रोक-रोककर दर्शन करने के लिए भेजना शुरू कर दिया है। वहीं अयोध्या धाम के मुख्य मंदिर हनुमानगढ़ी पर दर्शनार्थियो को सुलभता से दर्शन कराने के लिए सड़क के बीच बैरियर का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे लोगों को कोई असुविधा न हो। हनुमानगढ़ी मंदिर पर जाने के लिए दर्शनार्थियो के लिए कपिल गंज बाजार का प्रवेश द्वार पर बैरियर लगा कर बन्द कर दिया गया है। अब श्रद्धालु सिर्फ भक्ति पथ से हनुमान मंदिर जा सकते है और वापसी भी इसी मार्ग से रामपथ होते हुए राम मंदिर को जा सकते है। इसके पहले पूर्व में ही श्री राम मंदिर का पुराना मार्ग रामगुलेला मार्ग बंद किया जा चुका है।



श्रीरामजन्मभूमि दर्शन मार्ग पर गुरुवार को उमड़ा रामभक्तों का रेला।



सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# रामलला के ननिहाल से संदेश लेकर पहुंचे रामभक्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ से संदेश लेकर गुरुवार को 1500 रामभक्तों का जत्था आस्था स्पेशल ट्रेन यहां पहुंचा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचते भी रामभक्तों का पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत भक्तों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। बसों से सभी को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। सभी भक्त स्नान और भोजन के बाद रामलला का दर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ दुर्ग विधानसभा से यहां पहुंचीं वाणी सोनी ने कहा कि 22 जनवरी को जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी। यह क्षण टीवी पर देखकर आंखों में आंसू आ गए थे। तभी से मन में लालसा थी कि भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करूं, इसलिए आज यहां आए हैं। इसके लिए हम सभी बहुत उत्साहित हैं। संतोष सोनी ने कहा कि आज पूरा देश सनातनी हो गया है। दुर्ग से अयोध्या तक का सफर बहुत ही अच्छा रहा, पूरा देश राममय है। यहां आकर बहुत ही सुकून मिला। इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की जितनी तारीफ की जाए कम है। और उनके कारण पूरा देश खुशहाल है।

**पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर हुआ स्वागत**

### मौनी अमावस्या पर आज सरयू में डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : माघ कृष्ण पक्ष मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को रामनगरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयू में आस्था की डुबकी लगाएंगे। प्रयागराज में स्नान करने के बाद अयोध्या आकर सरयू में डुबकी लगाने का महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इसी मान्यता के चलते प्रयागराज से गुरुवार शाम ही यहां पहुंचने लगे हैं। राम जन्मभूमि के पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि सूर्योदय से लगभग 60 मिनट पहले से मौन रहकर नहान शुरू करना विशेष फलदायी होता है। इसके अलावा ब्रह्म मुहूर्त में भी मौन स्नान करते समय काले तिल का दान श्रेयस्कर रहता है। जो नदी के घाटों पर न जा पाएं, उन्हें घरों में ही जल में काले तिल डालकर मौन स्नान करना चाहिए। कहा जाता है कि अमावस्या तिथि सर्वार्थ योग है। उन्होंने बताया कि नौ फरवरी दिन शुक्रवार को माघ कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली मौनी अमावस्या सुबह आठ बजकर 11 मिनट से प्रारंभ होकर शाम 11 बजकर 57 मिनट तक ही रहेगी।

# संदीप हत्याकांड: पत्नी आशा ने थाना पुलिस की कार्यशैली पर खड़ा किया सवाल

मिल्कीपुर, अयोध्या

- सीओ के मान-मनौव्वल के बाद हुआ अंतिम संस्कार

**अमृत विचार** : खंडासा थाना क्षेत्र के कीन्हूपुर गांव निवासी 32 वर्षीय युवक संदीप की मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी आशा ने खंडासा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। शव गाँव पहुंचने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और परिवार ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। सीओ के काफी मान-मनौव्वल के बाद पत्नी राजी हुआ और कड़ी चौकसी के बीच अंतिम संस्कार कराया गया है।

मृतक की पत्नी आशा का आरोप है कि मारपीट की रात लगभग 11 बजे पुलिस दरवाजा तोड़ कर घर में घुसी और तोड़फोड़ कर जेवर उठा ले गई। उनका पति लखनऊ में जिंदगी और मौत से जूझ रहा था और पुलिस विपक्षी से मिलीभगत के चलते परिवार से बदतमीजी की और मारपीट में जुटी रही। विपक्षी गांव के पूर्व प्रधान मनोज कुमार की शह पर कोरोना काल में तत्कालीन थानाध्यक्ष खंडासा ने तांडव मचाया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वह ड्योढ़ी बाजार पोस्ट ऑफिस में हुई लूट में आरोपी है और गांजा बेचने का काम करता है। मृतक के बाबा भगवान दास ने बताया कि आरोपी पुलिस को पैसा देकर परिवार को प्रताड़ित कराते रहे हैं। भाई ओमप्रकाश ने का कहना है कि मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से न्याय की गुहार की जाएगी। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव ने बताया कि नामजद अधिकतर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐतिहात के तौर पर पुलिस कर्मियों को लगाया गया है।



थाना पुलिस के खिलाफ आरोप लगाती मृतक की पत्नी।

## सार-संक्षेप



आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे श्रद्धालु।

### 11 और आस्था स्पेशल ट्रेनों से पहुंचे दर्शनार्थी

**अयोध्या। अमृत विचार** : ट्रेनों से श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को 11 और आस्था स्पेशल ट्रेनों से तकरीबन 15 हजार यात्री अयोध्या पहुंचे। तमिलनाडु से दो, अमृतसर, वैष्णो देवी, महाराष्ट्र के न्यू अमरावती, हिमाचल के अंब अदौरा, कोलकाता, आंध्र प्रदेश के गुंटूरि, दिल्ली के निजामुद्दीन व छत्तीसगढ़ से आस्था स्पेशल ट्रेनें अयोध्या कैंट, धाम, सलारपुर, दर्शनगर व कटरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं।

### आज रामनगरी आएंगे अमिताभ बच्चन



**अयोध्या। अमृत विचार** : प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी को शामिल हुए अमिताभ बच्चन शुक्रवार को एक बार फिर अयोध्या आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लगभग चार बजे महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से वह अयोध्या धाम श्रीरामलला का दर्शन करने जाएंगे। उसके बाद वह शाम पांच बजे सिविल लाइंस में एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों के अनुसार वह अपनी जमीन भी देखने जा सकते हैं। उनके आगमन के मद्देनजर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

### मेला स्पेशल बसों का संचालन शुरू

**अयोध्या। अमृत विचार** : परिवहन निगम मुख्यालय के निर्देश पर हरदोई क्षेत्र ने गुरुवार से माघ मेला विशेष बसों का संचालन शुरू कर दिया। इसके लिए संबंधित स्थलों पर क्षेत्र के छह डिपो की कुल 220 रोडवेज बसों को लगाया गया है। मेला अधिकारी सीतापुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार का कहना है कि अयोध्या से 50, राजे सुल्तानपुर से 30, कम्हरियाघाट से 45, सुल्तानपुर से 35, टांडा से 20 और कादीपुर-चांदा, अकबरपुर, अमेठी व रामनगर से 10-10 रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराया गया है। उन्होंने बताया कि अभी अपेक्षित श्रद्धालु नहीं निकल रहे हैं, फ़िलहाल जरूरत के मुताबिक बसे और स्टाफ मुस्तैद हैं।

### बाइक सवारों ने मारी टक्कर, धमकाया

**अयोध्या। अमृत विचार** : रामपथ पर नगर कोतवाली क्षेत्र में गलत दिशा में चल रहे बाइक सवार युवकों ने स्कूटी सवार अवधपुरी कॉलोनी आवास विकास मोहल्ला बेनीगंज निवासी योगेश को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार का पैर फ्रैक्चर हो गया। मोहल्ले वालों की ओर से रोके जाने के बाद युवकों ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ दुर्घटना करने, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### मन व विवेक को काबू में रख चलाएं वाहन: राम कृष्ण

**अयोध्या। अमृत विचार** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता राम कृष्ण गोस्वामी रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मन और विवेक को काबू में रख कर वाहन चलाना चाहिए तथा क्रोध व नींद की दशा में वाहन का संचालन नहीं किया जाना चाहिए। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने कहा कि भारतीय सिविल सेवकों कर्मचारियों में कौशल विकास कर उन्हें रचनात्मक, कल्पनाशील, प्रगतिशील, सक्षम, प्रोफेशनल और तकनीकी योग्यता से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे लोग अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि देश को सुरक्षित एवं सुदृढ बनाया जा सके।

**सीबीएसई** | जिले में 18 से शुरू होंगी 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं, स्कूलों को 14 तक 12वीं के प्रेक्टिकल्स और 10वीं का आंतरिक मूल्यांकन समाप्त करने के निर्देश

# 60 हजार छात्र 13 केन्द्रों पर देंगें बोर्ड परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं जिलें में 18 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड ने इस बार तीन नए परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। अब कुल 13 केन्द्रों पर जिले के 56 स्कूलों के 60 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि बोर्ड की ओर से परीक्षा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । परीक्षा केन्द्रों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सीबीएसई पर्यवेक्षक की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र पर सख्त सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थी प्रवेश पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से सचल दल का गठन भी किया गया है। परीक्षा के मद्देनजर बोर्ड की ओर से स्कूलों को 14 फरवरी तक 12वीं के प्रेक्टिकल्स और 10वीं का आंतरिक मूल्यांकन समाप्त करने के सख्त निर्देश हैं। इस बार बोर्ड परीक्षा के साथ ही केन्द्रीय मूल्यांकन भी साथ-साथ होगा, जिससे परिणाम समय पर घोषित हो सके।

### 10 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं मिलेगा



सीबीएसई जिला समन्वयक अजीत द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी दशा में सुबह 10 बजे के बाद परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सुबह नौ बजे से 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र का गेट खुला रहेगा। बोर्ड ने सलाह दी है कि परीक्षार्थी एक दिन पूर्व ही अपना परीक्षा केन्द्र देख लें।

### केन्द्र में प्रवेश से पहले बरतें ये एहतियात

सीबीएसई जिला समन्वयक अजीत द्विवेदी ने बताया कि सभी रेगुलर परीक्षार्थियों को स्कूल यूनीफार्म में, बोर्ड की ओर से जारी प्रवेश पत्र व स्कूल का परिचय पत्र लेकर ही परीक्षा केन्द्र आना होगा। परीक्षार्थी लेखन सामाग्री के साथ सिर्फ पीने के पानी की पारदर्शी बोतल, पारदर्शी पाउच ही ला सकते हैं। प्रवेश से पहले अपनी जेब चेक कर लें, किसी भी तरह का कागज लाने की अनुमति नहीं है।

### जिले के 13 परीक्षा केन्द्र

सीबीएसई जिला समन्वयक अजीत द्विवेदी ने बताया कि अयोध्या जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल, जेबी अकादमी, महाराजा पब्लिक स्कूल, टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, उदया पब्लिक स्कूल, अवध इंटरनेशनल स्कूल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, भवदीय पब्लिक स्कूल, फैजाबाद पब्लिक स्कूल, अनिल सरस्वती स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल कुमारगंज शामिल हैं।

## बोर्ड परीक्षा के लिए प्रधानाचार्यों ने दिए टिप्स

# शांत मन से पढ़े हुए को करें रिवाइज

**अयोध्या, अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे बच्चे बहुत शांत मन से पढ़ाई करें। अच्छी नींद लें और सुपाच्य भोजन कर हल्का व्यायाम भी करें। ऐसे ही कुछ टिप्स जिले के प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने दिए हैं। उनका कहना है कि बच्चे एग्जाम का फोबिया न पालें। मन लगाकर पढ़ाई करें और जब पढ़ाई का मन न हो तो जबरन किताब लेकर न बैठें।



पढ़े हुए को ही रिवाइज करें, नया न पढ़ें। परीक्षा के दौरान संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद लें और माइंड मैपिंग करें। शांत चिंतन इस दौरान लाभप्रद है। **- आरसी पांडेय, प्रधानाचार्य, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय**



पुराने पेपर सॉल्व करें। कठिन विषय को अधिक समय दें। सभी विषय प्रतिदिन पढ़ें। प्राणायाम, हल्के व्यायाम, संतुलित भोजन और अच्छी नींद लें। **- विमल कुमार जोशी, प्रधानाचार्य, जेबी अकादमी**



स्वयं पर भरोसा रखें। बोर्ड पर्याप्त समय और स्टूडेंट फ्रेंडली पेपर देता है। हड़बड़ी न करें। प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़े। रिलैक्स हो कर प्रश्न पत्र हाल करें। **- जीवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य, उदया पब्लिक स्कूल**



अनावश्यक तनाव न लें। अनसॉल्व पेपर ईमानदारी से हल करके चेक कराएं। छोटे नोट्स बनाएं। लिखने की प्रैक्टिस करें। संयमित खान-पान और आठ घंटे नीद जरूरी है। **-अशोक कुमार तिवारी, शिक्षाविद, पूर्व प्राचार्य**

## एक नजर

### नगर आयुक्त व महापौर को सौंपा शिकायती पत्र

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल समुन्द्रे ने गुरुवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त व महापौर को शिकायती पत्र दिया है और उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि कई लोग बिना काम किए ही वेतन ले रहे हैं। ऐसे लोगों को तत्काल कार्य निकाला जाए। साथ ही उन्होंने ट्रेड यूनियन एक्ट के नियमानुसार संघ प्रत्येक वर्ष विभाग की देखरेख में चुनाव कराए जाने की मांग की है।

### सीएमओ सभागार में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में गुरुवार को भी राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत समस्त ब्लॉक के बीसीपीएम व स्टाफ नर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें सीएमओ डॉ. संजय जैन द्वारा रेबीज वैक्सीनेशन का शेड्यूल बताया गया। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजेश चौधरी के द्वारा रेबीज के लक्षण, कैटिग्रेनशन, डॉ. आलोक विश्वकर्मा द्वारा वैक्सीनेशन शेड्यूल केंद्र व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने इलाज संबंधित जानकारी दी।

### व्यापारियों ने की मुआवजे की मांग

अयोध्या। अमृत विचार : मोदहा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाए जाने का कार्य गति पकड़ ली है। अब जिला प्रशासन की ओर से मोदहा के आस-पास की दुकानों को हटाने का आदेश जारी होते ही व्यापारियों में खलबली मच गई है। गुरुवार को दुकानदारों ने एसडीएम सदर राजकुमार शुक्ला से मुलाकात की और दुकान हटाने पर उचित मुआवजा देने की मांग भी की। दुकानदारों का कहना है कि हम अपनी दुकान स्वेच्छा से हटाने को तैयार हैं, लेकिन उससे पहले जिला प्रशासन हमें दुकान का उचित मुआवजा दे या फिर कहीं विस्थापित किया जाए।

# जून 2025 तक तैयार हो जाएगा 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर

## 33 करोड़ की लागत से 1500 स्क्वायर मीटर में बन रहा चार मंजिला भवन ▸ अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होने के बाद रेफर मामलों में आएगी कमी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटनाओं के बाद मरीजों को लखनऊ या अन्य महानगरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न ही जल्दी मरीजों को मेडिकल कॉलेज से हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। इसके लिए जिले में बड़ी व्यवस्था की जा रही है। जून 2025 तक मेडिकल कॉलेज के परिसर में ही 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर तैयार हो जाएगा। 1500 स्क्वायर मीटर में चार मंजिला भवन तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है। इसका निर्माण होते होने से जिले के अलावा गोंडा, बस्ती व अंबेडकरनगर के लोगों को भी राहत मिलेगी।


डेडलाइन मिलते ही कार्यदायी संस्था ने ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य किया तेज।

अयोध्या में जिला अस्पताल के अलावा श्रीराम चिकित्सालय में रोज गंभीर मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां से जवाब मिलने के बाद ही दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं। मेडिकल कॉलेज में भी इमरजेंसी में बेड कम होने के कारण मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है।हालांकि नए भवन में ट्रॉमा सेंटर चलने के बाद कुछ राहत मिली है। अब परिसर में करीब 33 करोड़ रुपये की लागत से 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर बनाया जा रहा है। कार्यदायी संस्था निर्माण निगम ने 18 महीने में इसे पूरा करने का करार किया है। चार मंजिला भवन में लिफ्ट, फायर टेंडर, खिड़कीदार वार्डों की भी व्यवस्था रहेगी। 110 बेड में 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर व 60 बेड इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के लिए रहेंगे। इसमें अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर भी बनाया जाएगा।

### स्वीकृति के बाद भी लगता रहा अड़ंगा

मेडिकल कॉलेज की प्रशासन की ओर से ट्रॉमा सेंटर की स्वीकृति के लिए 24 मई 2022 को शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। फरवरी 2023 में जाकर इसे स्वीकृति मिली थी। इसके बाद परिसर के प्रथम गेट पर खाली पड़ी जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई को लेकर पेंच फंस गया। नए प्राचार्य के आने के अक्टूबर में पेड़ों की कटाई होने के बाद निर्माण का रास्ता साफ हुआ था। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रथम किस्त के तौर पर 1.11 करोड़ रुपये की धनराशि जारी हुई थी।

> कार्यदायी संस्था निर्माण निगम ने कार्य शुरू कर दिया है। अभी नींव का कार्य पूरा हुआ है। कार्यदायी संस्था ने 18 महीने में भवन निर्माण कर देने की बात कही है। इसके बाद उपकरण लगाए जाएंगे व चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। -डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्राचार्य

### अभी ताले में बंद तीन करोड़ की सीटी स्कैन मशीन

अयोध्या, अमृत विचार : दर्शन नगर स्थित मेडिकल कॉलेज में करीब तीन करोड़ की लागत से लगी अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का संचालन महीना भर बाद भी नहीं हो पाया। 128 स्लाइस की इस मशीन के लगने से चिकित्सकों को गंभीर से गंभीर मर्ज आसानी से पकड़ में आ जाएगा, लेकिन आकर्षण कक्ष में लगी यह मशीन महीनों से बंद ताले में धूल फांक रही है। शासन की तरफ से मेडिकल कॉलेज को 4.50 करोड़ में सीटी स्कैन मशीन और 160 केवी का जनरेटर मिला था। अमूमन देखा जाता था कि बिजली कट होने के बाद सीटी स्कैन मशीन का संचालन ठप हो जाता था। इसीलिए मशीन के साथ ही जनरेटर भी शासन की तरफ से उपलब्ध कराया गया था। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से 10 दिसंबर तक मशीन के संचालन का दावा किया जा रहा था, लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी मशीन जस की तस रखी है। कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर व मीडिया प्रभारी डॉ. डीके सिंह ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन से रेडिएशन निकलता है। इसके संचालन के लिए एआरबी से अनुमति लेनी होती है। आवेदन किया गया है, अभी लाइसेंस नहीं मिला है। उम्मीद है कि जल्द लाइसेंस मिल जाएगा।

# बच्चे की हत्या के मामले में पिता दोषी करार

अयोध्या कार्यालय

**सजा पर सुनवाई 13 को**

**अमृत विचार :** दो वर्षीय बच्चे को अनाथालय न भेजने पर जमीन पर पटक कर हत्या करने के मामले में सौतेले पिता को कोर्ट ने दोषी पाते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 13 फरवरी को होगी। फैसला अपर जिला जज अनिल कुमार वर्मा की अदालत से गुरुवार को हुआ।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी व एडीजीसी ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना 17 दिसंबर 2021 की है। इसकी रिपोर्ट मासूम की मां ने अपने दूसरे पति के खिलाफ लिखाई थी। वादिनी गैरमती निवासी पीलुआ माफी महासमुंद छत्तीसगढ़ की दूसरी शादी लोकनाथ के साथ हुई थी। पहले पति से उसके दो वर्षीय पुत्री दिव्या उसके साथ ही रहती थी। घटना वाली रात लोकनाथ ने वादिनी से झगड़ा किया और कहने लगा कि दिव्या को अनाथालय भेज दो। अनाथालय भेजने से मना करने पर उसने दिव्या की जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने लोकनाथ के खिलाफ हत्या की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया।

## दो ठेले वालों के बीच हुई मारपीट, लाठी से सिर फोड़ा

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के चौक बजाजा में अगल-बगल ठेला लगाने वाले दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें एक का सिर फट गया। पुलिस को दी तहरीर में कोतवाली क्षेत्र के ही दिल्ली दरवाजा क्षेत्र निवासी कन्हैयालाल गौड़ का कहना है कि वह अपने पुत्र अमृतलाल गौड के साथ चौक बजाजा में चाट का ठेला लगाता है। बगल में चिंटू गुप्ता व उनके बेटे अश्विन गुप्ता का अपना चाट का ठेला लगाते हैं। चिंटू गुप्ता मेरे ठेले पर काम कर रहे कृष्ण केसरवानी से गाली-गलौच की और मारने-पीटने लगे। बीच-बचाव की कोशिश में चिंटू और उनके पुत्र अश्विन ने बेटे अमृतलाल के सिर पर पीछे से लाठी से मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# अब एनसीईआरटी तैयार करेगी परिषदीय विद्यालयों के प्रश्न पत्र

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 11 मार्च से शुरु हो रही है वार्षिक परीक्षा, कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों के लिए व्यवस्था

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर मॉडल प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे। पहली बार परिषदीय विद्यालयों में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र एनसीईआरटी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तैयार करेगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से छपवाकर स्कूलों में पहुंचाया जाएगा। पहले स्कूल अपने स्तर से मॉडल प्रश्न पत्र तैयार किया करते थे जिसमे हेडमास्टर खुद से खर्च करके प्रश्नपत्रों को छपवाते थे।

इतना ही नहीं कई जगह बिना प्रश्न पत्र छपवाए ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखकर ही परीक्षाएं हो जाती थी। अब विभाग की ओर से प्रश्न पत्र छपवाए जाएंगे। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि यूपी बोर्ड की तरह चार अलग-अलग मॉडल पेपर तैयार किए जाएंगे। जिनमें अलग-अलग सवाल होंगे। सभी प्रश्न पत्र एक ही स्तर के होंगे। यह व्यवस्था कक्षा तीन से आठ तक के लिए की गई है। कक्षा एक और दो की मौखिक परीक्षाएं होंगी।

### 11 मार्च से शुरु होगी परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा

परिषदीय स्कूलों में परीक्षाएं 11 मार्च से शुरू होंगी और 15 मार्च को खत्म हो जाएंगी। शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में कुल 1792 स्कूल हैं। जिनमें एक से लेकर आठ तक की कक्षा में डेढ़ लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। 26 मार्च को ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा। शिक्षकों को 20 मार्च तक मूल्यांकन करना होगा।

## विद्यार्थियों में कौशल उद्यमिता के लिए वैल्यू एडेड कोर्स शुरू होगा

अयोध्या कार्यालय। भारत में मशरूम की खेती की ओर लोगों का रूझान तेजी से बढ़ा है। यह आकर्षक व्यवसाय है। विद्यार्थियों में कौशल उद्यमिता विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय में मशरूम यूनिट की शुरुआत की गई है। विद्यार्थियों को मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए शीघ्र ही मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वैल्यू एडेड कोर्स) शुरू करने की योजना है। विद्यार्थियों को कोर्स प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। ये बातें गुरुवार को अवध विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहीं। वो परिसर स्थित मशरूम यूनिट का निरीक्षण कर रहीं थीं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजन सिंह द्वारा तैयार की गई यूनिट में करीब 50 कटीवेशन बैग में बटन मशरूम को उगाया गया है। डॉ. रंजन ने बताया कि मशरूम यूनिट तैयार करने में वर्मी कम्पोस्ट खाद व भूसा का प्रयोग किया गया है। करीब 50 बैग में बीज को रोपित किया गया। इस मौके पर डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. विजयेन्दु, डॉ. अनिल कुमार मौजूद रहे।

# आज ले चल अपनी नगरिया अवध बिहारी सांवरिया...

## यामिनी पांडेय के भजनों और नटवरी लोक नृत्य ने छोड़ी छाप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग की ओर से रामोत्सव में रामकथा पार्क में गुरुवार शाम विविध आयोजन हुए। मातु पिता गुरु की सुनै राम बने हर कोय की उद्घोषणा से जागृत हुये भजन संध्या स्थल का मंच आज ले चल अपनी नगरिया अवध बिहारी सांवरिया, शबरी जोहे बाट राम की आयेंगे मोरे द्वार राम जी ... यामिनी पाण्डेय के इन भजनों से गुंजायमान रहा। दूसरी प्रस्तुति पं. अशोक त्रिपाठी दल द्वारा नटवरी लोक नृत्य से झंकृत हुई।



नटवरी लोक नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

आकर्षक परिधानों में मोर पंख, माथे पर तिलक, गले में माला, शलोका, कमर बंद, धोती, चौरासी बड़े घुंघरुओं से युक्त अमर पटका के साथ नटवर नागर कृष्ण को समर्पित किया। तीसरी प्रस्तुति लखनऊ से पधारी शुचिता पाण्डेय की रही। जिसमें लोक गायन की श्रेष्ठ परम्परा में सोहर, चैती, स्वागत, बधाई गीत की छटा ने भी श्रद्धालुओं को ओतप्रोत किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद वीर विक्रमादित्य सिंह का स्वागत उद्घोषक संस्कृति विभाग के विश्व प्रकाश रूपन द्वारा तुलसी की माला व रामनामी पटका पहना कर किया गया। अधिशासी अधिकारी संस्कृति विभाग कमलेश कुमार के संयोजन में कार्यक्रम हुए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में फाग नृत्य पेश करते हरियाणा के कलाकार।


पांडव नृत्य प्रस्तुत करते उत्तराखंड के कलाकार।

### जानकी नाथ सहाय करे जब, कौन बिगाड़ करे नर तेरा..

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : संस्कृति विभाग के सान्निध्य में रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव-2024 के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक मंचों पर देश-प्रदेश व अन्य देशों से आए कलाकारों की ओर से अनूठी प्रस्तुति की जा रही है। रामकथा पार्क में बुधवार शाम सुर, लय और ताल की स्वर लहरियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आगरा की शास्त्रीय गायिका शुभ्रा तलेगांवकर ने 'मनमोहिनी मूरत प्यारी, नैन सुखारी अति मनहारी' और 'जानकी नाथ सहाय करे जब, कौन बिगाड़ करे नर तेरा' का गायन कर सभी श्रोताओं के सम्मुख रामलला की अद्भुत छवि को अपनी गायकी से प्रस्तुत किया। तबले पर मिथलेश कुमार, हार्मोनियम पर प्रतिभा केशव तलेगांवकर, सहगायक के रूप में जतिन नागरानी और मंजीरे पर अनिल शर्मा ने संगत की। द्वितीय प्रस्तुति मुरादाबाद के डॉ. विनीत गोस्वामी ने अपनी गायकी से माहौल को राममय कर दिया।

### उत्तराखंड के कलाकारों ने पांडव और हरियाणा के फाग नृत्य प्रस्तुत किया

सांस्कृतिक संध्या में तृतीय प्रस्तुति उत्तराखंड से आमंत्रित कलाकार जितेंद्र शाह एवं दल द्वारा पांडव नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके बाद हरियाणा के गुलाब सिंह एवं दल द्वारा फाग नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंतिम प्रस्तुति उड़ीसा के श्री रघुनाथ एवं दल द्वारा लोक नाट्य- प्रह्लाद का मंचन किया गया।

## साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने पर भड़के वकील, जांच के लिए कमेटी गठित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : एक नर्स की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के मामले में अधिवक्ता भड़क गए हैं। गुरुवार को आयोजित बार की बैठक में गौतम तिवारी के नेतृत्व में चार अधिवक्ताओं की कमेटी गठित की गई है, जो मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट बार एसोसिएशन को सौंपेगी। अध्यक्ष पारसनाथ पांडे ने बताया कि कौशलपुरी निवासी राम पुकारे यादव ने अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी में भर्ती कराया था। आरोप है कि वहां नर्स अंकित राय ने नॉर्मल डिलीवरी करवाने के लिए 7000 रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसने डिलीवरी के समय नवजात की टांग तोड़ डाली। इस पर परिजन उसे शहर के एक नर्सिंग होम ले गए। जहां उनका 3 लाख 80 हजार रुपये खर्च हुआ। इस मामले में अधिवक्ता लव कुमार ने सुलह समझौता करवाने के लिए नर्स से 40000 रुपये ले लिए थे। बाद में उन्होंने यह रुपये वापस भी कर दिया लेकिन नर्स ने अधिवक्ता के खिलाफ रंगदारी वसूलने के मामले में एफआईआर दर्ज करवा दी। पीड़ित अधिवक्ता ने प्रस्ताव देकर नर्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की थी।

## टेंट सिटी में लगेंगे ध्वनि विस्तारक यंत्र


टेंट सिटी का निरीक्षण करते मंडलायुक्त व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पर्यटन विकास निगम द्वारा ग्रीन फील्ड टाउनशिप क्षेत्र में बनाई गई टेंट सिटी में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाए जाएं। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों तक सूचनाएं पहुंच सके। ये निर्देश गुरुवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने पर्यटन निगम के अधिकारियों को दिए।

वो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहराने और उनको मूल भूत सुविधाओं के सुनिश्चित करने के लिए टेंट सिटी का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रान्तों से आने वाले महिला व पुरुष दर्शनार्थियों से व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि परिसर में स्थापित शौचालयों सहित समस्त स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था सही रहे, इसकी नियमित निगरानी की जाय। उन्होंने परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु बनाये गए विभिन्न काउंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एमएलसी मानवेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बीएस-6 की आवंटित हुई 40 बसें

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** परिवहन निगम मुख्यालय ने अयोध्या क्षेत्र को 40 बीएस छह डीजल बस आवंटित की हैं। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन का कहना है कि अयोध्या क्षेत्र को फरवरी में 10 और मार्च में 30 नई बीएस 6 डीजल चालित बस आवंटित हुई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए केंद्रीय कार्यशाला और मुख्यालय से संपर्क व संवाद किया जा रहा है।

परिवहन निगम मुख्यालय की ओर से पुरानी बसों को संचालन से हटाने के लिए आधुनिक मानक की 1350 बसों की खरीद की थी। बीएस 6 मॉडल के डीजल चालित 650 साधारण बसों में बॉडी आदि का निर्माण लगभग पूरा होने के बाद पहले चरण में गत वर्ष का अक्टूबर माह में इनका आवंटन विभिन्न क्षेत्रों और डिपो को किया गया था। शारदीय नवरात्र के अष्टमी को मिशन शक्ति अभियान-चार के दौरान रामकथा पार्क से मिशन महिला सारथी के आगाज और 51 नई बसों को हरी झंडी दिखा रवाना करने के कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यालय ने अयोध्या क्षेत्र को पांच नई बसें आवंटित की थी। अब दूसरी खेप की बसों का आवंटन किया गया है। प्रधान प्रबंधक संचालन मनोज कुमार की ओर से जारी आवंटन पत्र के मुताबिक क्षेत्र को कुल 40 नई बसें आवंटित हुई हैं।

### क्षेत्र को मिले दो केंद्र प्रभारी

परिवहन निगम मुख्यालय ने वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात दो कर्मियों को अयोध्या क्षेत्र में केंद्र प्रभारी के रूप में तैनाती दी है। प्रयागराज से वकील सरोज और लखनऊ क्षेत्र से राकेश कुमार वर्मा को अयोध्या क्षेत्र में केंद्र प्रभारी बनाया गया है। इनकी तैनाती अस्थाई है और एक साल तक परिवीक्षा में रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### गीता भवन प्रकरण में एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम जन्मभूमि थाना के रामकोट मोहल्ला क्षेत्र स्थित गीता भवन मंदिर के विवाद मामले में गुरुवार को विश्व हिंदू महासंघ के धर्माचार्य प्रकोष्ठ के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें थाना पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवा न्याय दिलाने की मांग की है। महासंघ के जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सौंप गए ज्ञापन में कहा गया है कि रसिक बल्लभ भगवान गीता भवन का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद विपक्षी विश्व स्वरूप ब्रहमचारी ने कब्जे की कोशिश की तहत अपने समर्थकों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हुई, लेकिन पुलिस ने पहले विपक्षी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़ित पक्ष की शिकायत छह घंटे बाद दर्ज की गई और पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में वारदात की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मंदिर में सुचारू राग भोग सेवा की व्यवस्था की जाय। साथ ही विपक्षी की ओर से दर्ज कराए गए मामले को खारिज किया जाय तथा दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो। प्रतिनिधिमंडल में प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पाटेश्वरी दास, पवन दास, केसी श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, संजीत पांडेय, संतोष यादव, राजेश सिंह, राम प्रकाश त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

### ताइक्वांडो पदक विजेताओं का किया गया सम्मान


सम्मानित हुए ताइक्वांडो पदक विजेता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : एचसीजे एकेडमी में नेशनल ताइक्वांडो खिलाड़ी आराध्या मिश्रा, राज्य ताइक्वांडो खिलाड़ी अभिषेक प्रताप सिंह, राज्य स्केटिंग खिलाड़ी आनंदी यादव को अकेडमी संस्थापक अध्यक्ष मंजुला जैन, प्रबंध निदेशक डॉ. शिक्षा जैन, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्त, प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी ने गुरुवार को सम्मानित किया। विजेताओं को पदक व पुरस्कार से, अभिभावकों व ताइक्वांडो कोच डॉ. विशाल गुप्त को बुके व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। अकादमी की एमडी डॉ. जैन ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### इंटर के छात्र -छात्राओं को दी विदाई


देवा इंटर कॉलेज के विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : उसरू-अमौना, स्थित देवा इंटर कॉलेज में गुरुवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव विश्वेश नाथ मिश्र, समाजसेवी महेश नारायण पाण्डेय, विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक सीता सरन मिश्रा व घनश्याम यादव ने परीक्षा संबंधी उचित दिशा निर्देश देते हुए भविष्य की चुनौतियों से निपटने के मंत्र दिए। इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए मिस्टर व मिस फेयरवेल का आयोजन भी किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा कक्षा 12 बी के छात्र विशाल विश्वकर्मा व छात्रा कल्पना गौर को मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल चुना गया। प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने टाइटल टैग पहनाया। कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी व सीता सरन मिश्र के नेतृत्व में आयोजित किए गए।शिक्षक घनश्याम यादव ने मंच संचालन में छात्रा प्राची पाण्डेय का सहयोग व मार्गदर्शन किया। साज़ -सज्जा में कमलेश श्रीवास्तव, रंगोली में सुमन दूबे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति में जया शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किया जागरूक



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. मंजूषा मिश्रा व रोड सेफ्टी क्लब की संयोजिका डॉ. पूजन शुक्ला के निर्देशन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के लिए लोगों को यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया।

**दावा** अयोध्या में 10 से 18 तक चलेगा अब तक का सबसे बड़ा महायज्ञ, साकेतवासी 1008 यज्ञ सम्राट कनक बिहारी दास महाराज के शिष्य करा रहे आयोजन

# कलश यात्रा से होगी 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की शुरुआत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार से बड़ी छावनी के मैदान में 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की शुरुआत होने जा रही है। पहले दिन कलश यात्रा से महायज्ञ का शुभारंभ होगा।


महायज्ञ के बारे में जानकारी देते आचार्य देवमुरारी बापू।


तैयार किया जा रहा यज्ञ मंडप। अमृत विचार

यज्ञ समिति के सलाहकार आचार्य देवमुरारी बापू ने गुरुवार को बताया कि यह महायज्ञ श्रीराम के वंशज साकेतवासी 1008 यज्ञ सम्राट कनक बिहारी दास महाराज के शिष्य मध्य प्रदेश व सम्पूर्ण भारत वर्ष के रघुवंशी मिलकर करा रहे हैं। यह महायज्ञ 10 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा, जो 18 फरवरी तक चलेगा। पहले दिन 1100 कलश के साथ 5100 श्रद्धालुओं की संख्या में मुख्य यजमान सहित ब्राह्मण व सभी यजमान शामिल रहेंगे। कलश यात्रा नयाघाट से सरयू जल कलश में भरकर गाजे-बाजे के साथ यज्ञ स्थल पहुंचेगी। आचार्य देवमुरारी बापू ने बताया कि अयोध्या में अब तक का सबसे बड़ा यज्ञ होने जा रहा है। यज्ञ में नौ दिन में 1.25 करोड़ आहुतियां दी जायेगीं। यज्ञ में कुल आहुति 180 क्विंटल हवन सामग्री से कराई जायेगी। यज्ञ आचार्य डॉ. प्रेमनाराण शास्त्री काशी व अयोध्या के वेदों के ज्ञाता ब्राम्हणों द्वारा रामनाम महामंत्र द्वारा हवन कराया जायेगा। यज्ञ के मुख्य यजमान मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के मुनिराज पटेल रहेंगे। यज्ञकर्ता महंत उत्तराधिकारी श्यामदास व अधिकारी लखनदास छोटे बाबा हैं। संरक्षक पूर्व मंत्री अजय सिंह हैं। जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य रामकथा का श्रवण कराएंगे। यज्ञ के मार्गदर्शक श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास हैं। सहायक कथा वक्ता के रूप में आचार्य देवमुरारी बापू, रामकिशोर दास, वाल व्यास रमाकिशोरी हैं।

### महायज्ञ में सीएम योगी समेत ये हैं आमंत्रित

महायज्ञ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, महापौर गिरिशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत कई गणमान्य को आमंत्रित किया गया है।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### हादसे में बच्चे की मौत, तीन घायल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी सिझौली के पास हाइवे पर बने ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित डम्पर ने कार को टक्कर मार दिया। कार में चिकित्सक का परिवार बैठा हुआ था। कार में बैठे 7 वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दो लोगों को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

### पेड़ से टकराई कार, पिता की मौत, पुत्र घायल

जलालपुर, अंबेडकरनगर। गुरुवार को कटका थाना क्षेत्र के सैदपुर भियांव निवासी पारसनाथ यादव पुत्र रामदास 65 वर्ष और रंजीत यादव पुत्र पारस नाथ 40 वर्ष इलाज कराने के लिए अकबरपुर चार पहिया वाहन से जा रहे थे। तभी सामने से एक बाइक आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में चार पहिया वाहन पेड़ से टकरा गया। जिसमें पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे जलालपुर कोतवाली के प्रभारी दर्शन यादव घटना को देख तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाएं। जहां सेवानिवृत दरोगा पारसनाथ यादव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल रंजीत यादव का इलाज चल रहा है।

### विवाहिता से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

आलापुर, अंबेडकरनगर। पति की गैर मौजूदगी में विवाहिता से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जहांगीरगंज के एक गांव निवासिनी 28 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि गत 6 फरवरी की रात करीब 8 बजे वह घर में थी। तभी आरोपी जगदीश पुत्र राजेन्द्र घर में घुस गया और पूछा कि उसके पति कहां हैं उसके यह बताने पर कि वह बाहर गए हैं। तो उसने छेड़खानी करना शुरू कर दिया। पीड़िता शोर मचाते हुए बाहर भागी तो गांव के लोगों को आते देख आरोपी वहां से भाग निकला। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने नकल विहीन परीक्षा के लिए अधिकारियों के कसे पेच

## जनपद के 59 केंद्रों पर 11 को होगी अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह व एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

**अमृत विचार।** जनपद में 11 फरवरी को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता और लोक सेवा आयोग से आए हुए अधिकारियों ने परीक्षा संबंधित आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे और द्वितीय पाली 2:30 बजे से प्रारंभ होगी। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों को उनके दायित्वों को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने केंद्र व्यवस्थापक को सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, परीक्षा कक्षा में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षार्थियों के सीटिंग प्लान का डिस्प्ले लगाने व परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व गेट को बंद करने के लिए निर्देश दिए हैं। परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि इससे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थी परीक्षा में काले बाल पॉइंट पेन का ही प्रयोग करें।

### परीक्षा के दिन फोटो स्टेट की दुकानें बंद करने के निर्देश

सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया की परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के अंदर सभी फोटो स्टेट की दुकान परीक्षा के दिन बंद करना और परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 का अनुपालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने आए हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरस पालन किया जाए। जिससे उक्त परीक्षा को सुचिता पूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन कराया जा सके। बैठक के दौरान समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे!

## यौन उत्पीड़न अधिनियम के बारे में किया जागरूक



राम सुलीन सिंह, जिला जज।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिला जज राम सुलीन सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में और जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के सम्बन्ध में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण करना है। जिस महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है, वह जिला स्तर, विभाग स्तर पर गठित समिति के समक्ष उपस्थित होकर लिखित रूप से शिकायत कर सकती है। यदि पीड़िता शिकायत दर्ज करने की मानसिक स्थिति में नहीं है तो उसके रिश्तेदार या मित्र या संरक्षक भी उसकी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। यह जानकारी अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य द्वारा प्रदान की गई।

# भाजपा नेता पर गैंगस्टर के अभियुक्त ने किया हमला

▸▸ भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद सहित अन्य पर दर्ज किया मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाजपा नेता पर गैंगेस्टर के अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। हमले में भाजपा नेता को जहां गंभीर चोटें आई हैं, वहीं वह बेहोश होकर गिर पड़े। छिड़काव कर रहे मजदूर के हल्ला-गुहार पर जब तक आसपास के लोग बीच बचाव को आते उक्त सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

पुलिस ने पीड़ित भाजपा नेता की तहरीर पर छह ज्ञात और कई अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना दोपहर को थाना के सैरपुर उमरन गांव में घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता व संघ कार्यकर्ता अरविंद कुमार पांडेय गुरुवार दोपहर को एक मजदूर को लेकर गेहूं की फसल पर दवा का छिड़काव करा रहे थे। इसी बीच पुरानी रंजिश रखने वाले गैंगस्टर माधव, पथरू, भानु समेत तीन अन्य महिलाएं और एक क्रिश्चियन का लबादा व गला में क्रॉस पहना हुआ व्यक्ति हाथ में लाठी, डंडा, फरसा और अवैध कट्टा लेकर खेत पर पहुंचा। खेत के बाहर खड़े अरविंद पांडे जब तक कुछ समझ पाते तब तक उक्त सभी लोगों ने इनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। भाजपा नेता अरविंद पांडेय सिर में चोट लगने से गिर पड़े और बेहोश हो गए। मजदूर के हल्ला-गुहार पर पहुंचे आसपास के लोग और परिजनों ने उन्हें थाना ले गए। जहां से उन्हें इलाज नगपुर अस्पताल एंबुलेंस से भेज दिया गया है। भाजपा नेता की तहरीर पर 6 नामजद समेत कई अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एसपी के आदेश पर दो लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। व्यापारी द्वारा मध्यप्रदेश की फर्म को ट्रक से भेजा गया 260 क्विंटल चावल नहीं पहुंचा। चालक व उसका भाई सात लाख रुपए से अधिक का चावल लेकर फरार हो गया। व्यापारी ने चालक और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि जहांगीरगंज के मामपुर निवासी व्यवसायी विजय कुमार जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया था कि उनकी कटघर में स्थित मेसर्स जय मां वैष्णो चावल उद्योग के नाम से फर्म स्थित है। उन्होंने मेसर्स गोविंद एग्रो गर्रा बालाघाट मध्य प्रदेश को 7 लाख 70 हजार 100 रुपए मूल्य के 260 क्विंटल चावल बेचने के लिए ट्रांसपोर्ट से ट्रक मंगवाया था। ट्रक लेकर पहुंचे चालकों से नाम पता पूछा गया तो एक ने आजमगढ़ के बहादुर सिकरौरा निवासी अजीत राय उर्फ मोनू और दूसरे ने अपना नाम सोनू राय बताया। दोनों सगे भाई भी हैं। लाइसेंस फोटो कापी मांगा गया तो मौके पर लाइसेंस नहीं होने की बात कहते हुए ट्रक का रजिस्ट्रेशन की फोटो प्रति दी। जिसमें वाहन स्वामी का नाम वरदा निवासी अभिषेक राय का पाया गया। दोनों पर विश्वास करके उक्त ट्रक पर चावल लोड कराकर और 20 हजार नकद दिया गया व शेष किराया मॉल पहुंचने पर मिलने की बात कहकर मध्यप्रदेश के लिए रवाना कर दिया गया। पांच दिन बीत जाने के बाद भी ट्रक निश्चित फर्म गोविंद एग्रो पर नहीं पहुंची तो मध्यस्थ संदीप गर्ग से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चालक से उनकी बात हुई है। उसने ट्रक खराब होने जाने का हवाला देते हुए बताया है कि अब ट्रक बन गई है। शीघ्र ही माल पहुंचा देगा। इसके बाद भी माल नहीं पहुंचा तो वह स्वयं बात किए तब भी वह पहले वाला बहाना बना कर झांसा देता रहा। ऐसी जानकारी मिली तो पीड़ित व्यवसायी को एहसास हुआ कि वह भी धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं।

# छात्रों की विदाई का पल दुखदायी : प्रधानाचार्य



जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज में विदाई समारोह में उपस्थित छात्र। अमृत विचार

आलापुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गुरुवार को जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर परिसर में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुल्तानपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार तिवारी ने कहा कि वाकई में विदाई का पल बहुत दुखदाई होता है, लेकिन गतिमान समय में यह प्रगति की एक कड़ी है, जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जेबी सिंह ने कहा कि 12वीं के छात्रों को भविष्य निर्धारण के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में छात्रों को जीवन के इस महत्वपूर्ण समय में अपने पसंदीदा कैरियर का चयन करना चाहिए। इस मौके पर 11वीं के छात्रों ने रूंधे गले से गीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर छात्रों को विदा किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा निहारिका उपाध्याय और अनुप्रिया सिंह ने किया।

### ये भी रहे मौजूद

उक्त मौके पर डॉ. प्रवीण यादव, प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह, प्रिंसिपल दीपक चंदेल, रामविलास यादव, प्रभाकर मिश्र, संतोष त्रिपाठी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्रीराम कथा का आयोजन 10 से

जलालपुर, अंबेडकरनगर। स्वयं भूतभावन बाबा भोलेनाथ के द्वारा श्री 1008 श्री रूद्र चंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन तहसील क्षेत्र के गांव डीह भियांव में आयोजन किया जा रहा है। जो 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 18 फरवरी तक चलेगा और इसी दिन पूरा पुर्णाहुति व भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र सं. 1
खुली निविदा सूचना संख्या 02HQ WORKS2024 दिनांक 01.02.2024 के "Para IX of Instructions to Tenderers" में संशोधन कर IREPS पर लोड कर दिया गया है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।
अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ गोरखपुर
मुजाधि/डब्ल्यू-535
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-BSB0SnT-OT-04-2024
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली-ई' निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रमांक 1:- निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-OT-04-2024, कार्य का नामः- व.म.सि.दू.ई-II/वाराणसी के अनुभाग में एल.एच.एस आदि से संबंधित इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सिगनलिंग कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 93,56,071.73, बयाना की राशिः ₹ 1,87,100.00, निविदा प्रपत्र की कीमतः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 01.03.2024 को 15.00 बजें।
1. ई- निविदा दिनांक 01.03.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार वाराणसी
मुजाधि/सिगनल-100
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

# चुनाव के लिए विद्यालय स्कूली बसों को कराएं दुरुस्त

▸▸ जिलाधिकारी ने स्कूली वाहन चालकों के चरित्र और ड्राइविंग लाइसेंस के सत्यापन कराने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत उपलब्धता को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत उपलब्धता और जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति के संबंध में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों की स्कूली बसें ऑफ रोड हैं, उनकी बैट्री, इंजन, वॉडी में आंशिक कमियां है, चुनाव के पहले विद्यालय प्रबन्धन उनकी मरम्मत कराकर निर्वाचन के लिए उपयुक्त दशा में चालक सहित वाहन उपलब्ध कराएं। स्कूली वाहन चालकों के चरित्र और ड्राइविंग लाइसेंस के सत्यापन कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने के लिए विचार-विमर्श और जनपद में जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से जीरो फैटिलिटी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मॉडल सेफ रोड के चयन पर विचार-विमर्श किया गया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बसों के मालिकों निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपने बसों को पूर्व से ही मेंटेन करा लें। जिससे चुनाव के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी, एआरटीओ बीडी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी, वाहनों के मालिक और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## नवागत बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण, जिम्मेदारों को दिया निर्देश



राघवेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ टांडा।

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। टांडा विकास खंड के नवागत बीडीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को पंचायत अधिकारियों, ब्लॉक कर्मियों के साथ की बैठक कर अहम बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोंडा जनपद से स्थानांतरण होकर आए 2018 बैच के पीसीएस अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने टांडा बीडीओ के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही बीडीओ ने विकासखंड टांडा के ग्राम डाड़ी में बने गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला से जुड़े कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था और चारे की उपलब्धता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। बीडीओ राघवेंद्र गोंडा में नवाबगंज, वजीरगंज, बभनजोत ब्लॉक के बीडीओ पद पर अपनी सेवाएं दी हैं। इस दौरान उन्होंने हॉट बाजार और गौशाला पर उत्कृष्ट कार्य के लिए आयुक्त और जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है। गुरुवार को बीडीओ ने कार्यालय पर पंचायत अधिकारियों, ब्लॉक कर्मियों के साथ बैठक कर अहम बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पेंशन, मनरेगा व गौशाला से जुड़ी जानकारी हासिल किया। इस दौरान बीडीओ ने गोंडा जनपद में मिले मान सम्मान को अपने अधीनस्थों के साथ साझा किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम SHOMU JAISWAL था अब मैने बदलकर अपना नाम SOMU JAISWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: KANHAIYA LAL JAISWAL R/O 545-KA/MC-LC-2578, HAIDAR GANJ-3, MANAK NAGAR, LUCKNOW

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में गलती से कलावती पत्नी राम धीरज दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम फूलमती पत्नी राम धीरज, निवासी- ग्राम भण्डहा पोस्ट पड़री कृपाल जिला गोंडा है।

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GULEMA DEVI था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम MULEMA रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। W/O LALTA PRASA PAL VID KANPA MADHUPUR, POST- KANPA PA PRATAPGARH, UP

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपनी बेटी का नाम सोना कपूर से बदलकर रिदमा कपूर कर दिया है। भविष्य में उसे रिदमा कपूर नाम से जाना-पहचाना जाये। सागर कपूर, 3/240, विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

सूचना
सूचित हो कि मेरा पहले नाम राधा रानी पत्नी सहूराम था। मैं इसी नाम से जानी जाती थी। मैनें अपना नाम राधा रानी से बदलकर फिरकरी पत्नी साहूराम कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। - फिरकरी पत्नी साहूराम निवासी- ग्राम-अमरैया खुदादभारी, कोतवाली नानपारा, जिला बहराइच

सूचना
सूचित हो कि मै मलिक फैयाज अहमद पुत्र- मलिक अब्दुरऊफ, निवासी- बी-32 अबरारनगर, कल्याणपुर, पो0- विकास नगर लखनऊ। मेरे मार्कशीट में मेरे पिता का नाम MALIK ABDUL RAUF है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों (आधार, पैन व डी0 एल) में मेरा पिता का नाम MALIK, ABDUR, RAUF है। जो कि सत्य व सही है।

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र शिवांश द्विवेदी की जन्मतिथि 25/4/2013 है। जबकि स्कूल में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 25/4/2011 अंकित हो गयी है। शिवांश द्विवेदी के समस्त अभिलेख में उसकी जन्मतिथि 25/4/2013 अंकित है जो कि पूर्णतया सत्य है और उसकी यही जन्म तिथि वास्तविक मानी जाय। - ममता द्विवेदी पत्नी अनुपम द्विवेदी निवासी कान्धापुर गिरधारी दूबे का पूरा थाना जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर

कृषक मेला | औद्यानिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विभिन्न विकासखंडों के 22 कृषकों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया गया सम्मानित

# आय बढ़ाने के लिए किसान वैज्ञानिक तरीके से करें खेती : सुनील तिवारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



स्टालों को देखते जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी व साथ में अन्य।



विकासखंड परिसर बसखारी में आयोजित मेले में मौजूद किसान।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कृषक मेला का आयोजन विकासखंड परिसर बसखारी में किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लि. व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जमुना प्रसाद चतुर्वेदी, डॉ. रामजीत वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके पांती और जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन किया। कहा कि किसान आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी ने कृषक गोष्ठी में जनपद में संचालित समस्त योजनाओं के बारे में और जैविक संसाधनों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग लागत में कमी व पर्यावरण की संरक्षा कर खेती का विविधी करण कर कृषकों की आय में सृजन व जीवनस्तर में सुधार के बारे में जागरूक किया। मुख्य अतिथि जमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने उद्यान विभाग में संचालित बागवानी कार्यक्रमों और सूक्ष्म सिंचाई पद्धति अपनाएं। विशिष्ट अतिथि कृष्ण चन्द सिंह ने स्टालों का अवलोकन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों की टीम ने डॉ. रामगोपाल द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने और वर्मीकम्पोस्ट नाडेप निर्माण, बीजमृत जीवामृत आदि प्रमाणित बीज, बीडर बीज व आधारित बीज के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### ये किसान किए गए सम्मानित

कृषि मेले में आनन्द मौर्या पुत्र वंशराज, जैनापुर, राम आसरे पुत्र वंशराज मौर्या जैनापुर, चन्द्रिका प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद जैनापुर, सरजू प्रसाद पुत्र हिलई जैनापुर, सत्य कुमार मौर्य पुत्र वंशराज मौर्य जैनापुर, कन्हैयालाल मौर्य पुत्र राम आसरे जैनापुर, कुमार गुप्ता पुत्र कमला लखमीपुर, श्रीकृष्ण पुत्र मंजू रण्डौली, राजेन्द्र पुत्र हरिवंश गारोपुर, रामलखन शर्मा पुत्र राम मूरत गारोपुर, मुन्नीलाल गौतम पुत्र अच्छेलाल कोड़रा कला, लालचन्द तिवारी पुत्र राधेरमण तिवारी बेहजादपुर, बुद्धिराम मौर्य पुत्र संतराज कोड़रा कला को जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी और अन्य अतिथियों को सम्मानित किया।

■ **किसानों को किया जागरूक :** डॉ. रामजीत वरिष्ठ वैज्ञानिक कार्यक्रम समन्वक केवीके पांती द्वारा बागवानी फसलों में सिचाई पद्धति व इंटर क्रापिंग से कृषकों को अधिक आय सृजन करने व उत्पादकता बढ़ाने के बारे में जागरूक किया। सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, पशु चिकित्साधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत व अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहें। औद्यानिक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विभिन्न विकासखण्डों के 22 कृषकों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बेलसर, गोंडा :** बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार घायल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामला गोंडा बेलसर मार्ग पर थाना क्षेत्र देहात कोतवाली के पावर प्लांट के पास का बताया जाता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लव्वा टपरा विष्णु उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत के पूरे पांडेय निवासी ननके पांडे 50 कल देर रात गोंडा से अपने घर साइकिल से आ रहे थे। बाइक ने जोरदारदार टक्कर मार दिया जिससे ननके पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में गोंडा लाया गया जहां गंभीर हालत होने पर लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### नेत्र परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**रुपईडीह, गोंडा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में 209 नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इन नेत्र रोगियों में से 25 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाए जाने पर ऑपरेशन के लिए उन्हें अयोध्या भेजा गया है।

### सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** श्री रग्घु बाबा आरोग्य सेवा संस्थान घुचुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने कस्बा घुचुआपुर से रनियापुर गांव तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से की है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क पर कई साल पहले खड़ंजा का निर्माण कराया गया था लेकिन मार्ग को पक्की सड़क में परिवर्तित नहीं किया गया है। जिससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कते उठानी पड़ रही है। उनके इस मांग पर मुख्य अभियंता ने मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का पूरा-पूरा आश्वासन दिया है।

### प्रधानों का एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण संपन्न

**रुपईडीह, गोंडा :** भारत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार पर आधारित ब्लॉक रुपईडीह के ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण ब्लॉक मुख्यालय पर संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज के सहायक निदेशक सत्य प्रकाश सिंह व वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी प्रेमचंद कुमार द्वारा सभी प्रधानों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के लिए विभिन्न तौर तरीकों के प्रति जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव, एडीओ आईएसबी आजम खान, ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी, अनिल कुमार पांडेय, शिवनाथ तिवारी, रामनाथ मौर्य, कृपाराम तिवारी, रवि मिश्र, विजय कुमार तिवारी, राधे रमण प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिकायत निस्तारण में करनैलगंज तहसील अव्वल

## दूसरी बार मिली यह उपलब्धि, पिछले दो माह से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में मिले शत-प्रतिशत अंक

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) हेल्पलाइन से की जाने वाली सुनवाई में पिछले माह की तरह इस बार भी शिकायतों के निस्तारण में करनैलगंज तहसील पहले स्थान पर रही है, वहीं तरबगंज तहसील भी इस बार अव्वल रही।

जनवरी माह में गोंडा जनपद के तहसील स्तरीय मूल्यांकन में करनैलगंज व तरबगंज तहसील को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए 100 फीसद अंक मिले हैं। जबकि तहसील सदर को 85 फीसदी व मनकापुर



| क्र०सं० | पद-तहसील | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | उप जिलाधिकारी,तहसील -तरबगंज,जनपद-गोंडा | 90 | 90 | 100.00 | 1 |
| | उप जिलाधिकारी,तहसील -करनैलगंज,जनपद-गोंडा | 90 | 90 | 100.00 | 1 |
| | उप जिलाधिकारी,तहसील -गोण्डा,जनपद-गोंडा | 90 | 77 | 85.56 | 167 |
| | उप जिलाधिकारी,तहसील -मनकापुर,जनपद-गोंडा | 90 | 73 | 81.11 | 198 |

तहसील स्तर मूल्यांकन रिपोर्ट की फोटो। अमृत विचार

तहसील को 81 फीसदी अंक मिले हैं। दिसंबर माह में भी करनैलगंज तहसील शिकायतों के निस्तारण में पहले स्थान पर थी।

आईजीआरएस में आने वाली शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद गंभीर हैं। आईजीआरएस निस्तारण में जनपद की खराब हो रही स्थिति को लेकर जिलाधिकारी ने पिछले दिनों समीक्षा के दौरान बेहद सख्ती दिखाई थी। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को चेतावनी एवं प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई थी। इसके



करनैलगंज तहसील की फोटो। अमृत विचार

बाद तहसीलों की रैंक में सुधार हुआ है। एसडीएम विशाल कुमार ने इसका श्रेय डीएम नेहा शर्मा के कुशल प्रशासनिक मार्गदर्शन एवं टीम की अथक मेहनत को दिया है।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस निस्तारण की भांति ही अन्य कार्यक्रमों व शासन स्तर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन में भी इसी प्रकार आगे रहते हुए तहसील एवं जनपद का नाम रोशन करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

# चौपाल में महिलाओं और बेटियों को किया जागरूक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत बृहस्पतिवार को जिले के सभी थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया और उन्हे उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर सभी थानों की एंटी रोमियो टीम व बीट पुलिस अधिकारी गांवो में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। गांवों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा रैली निकालकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन आदि की जानकारी दी जा रही है। इस क्रम में बृहस्पतिवार को थानों की महिला बीट अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रैली निकालकर महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा चौपाल लगाकर व उन्हें आत्मरक्षा के उपाय बताए गए।

# सुचिता और कड़ाई से होंगी परीक्षाएं, गलती माफ नहीं

## डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को सकुशल परीक्षा कराने के दिए निर्देश

**बैठक**

- परीक्षा शुरू होने से दस मिनट पहले बंद हो जाएगा प्रवेश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** रविवार को जनपद के 27 परीक्षा केंद्रों पर लोक सेवा आयोग की तरफ से आयोजित होने वाली आरओ व एआरओ की परीक्षा में पेपर शुरू होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। कोई भी अभ्यर्थी प्रथम पाली में 9 बजकर 20 मिनट व द्वितीय पाली में 2 बजकर 20 मिनट के बाद परीक्षा केंद्र के अन्दर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

सभी अभ्यर्थी समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच सके इसके लिए जिलाधिकारी ने यातायात पुलिस को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्र तक पहुंचने वाले सभी मार्गो पर ट्रैफिक जाम न होने पाये।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर बैठक भी की। डीएम ने स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा के जो नियम और शर्तें हैं,



परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

### दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

लोक सेवा आयोग की परीक्षा प्रथम पाली में 9 बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 30 मिनट तक होगी एवं द्वितीय पाली में 2 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 30 मिनट तक संपन्न होगी। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले ही परीक्षा केंदों का गेट बंद कर दिया जाएगा। अत: सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी गयी है कि वह परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचे अन्यथा उन्हें परीक्षा से वंचित रहना पड़ सकता है।

### डेढ़ घंटे पहले पहुंचेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वह परीक्षा तिथि से एक दिन पहले परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लें। साथ ही परीक्षा तिथि को परीक्षा शुरू होने से पहले डेढ़ घंटा पहले कोषागार से गोपनीय पैकेट लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंच जायेंगे और पर्यवेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। परीक्षा के दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के बाद सील्ड पैकेट डाकघर पहुंचाएंगे। सील्ड पैकेट सुरक्षित डाकघर पहुंचे इसकी प्रमुख जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की है।

उनके अनुरूप ही परीक्षा कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। पूरी परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए। जिन अधिकारियों की इसमें ड्यूटी लगाई है वह अपनी दायित्व को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएं। डीएम ने कहा कि सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए। कमरों में दोनों तरफ से सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले बोर्ड, रिकार्डिंग व वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था पूरी तरह सही हो। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था भी ठीक रहे।

# कुपोषण से छुटकारे के लिए अपनाएं श्रीअन्न

## जनपद स्तरीय कार्यशाला में किसानों को दी गई श्री अन्न की जानकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए डीएम ने कहा कि कुपोषण से छुटकारा पाना है तो अपने आहार में श्री अन्य का उपयोग बढ़ाना होगा। कार्यशाला के पहले दिन जनपद स्तरीय प्रदर्शन एवं रोड शो कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस रोड शो को जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने किसानों को श्री अन्न की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



जनपद स्तरीय कार्यशाला को लेकर हरी झंडी दिखातीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

टाउन हॉल में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने श्री अन्न की फसलों के पोषकीय महत्व के संबंध में चर्चा करते हुए किसानों को इसके उत्पादन के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली ने किसानों का आह्वान किया कि वह मिलेट्स से बने खाद्य पदार्थों को अपने आहार में अवश्य शामिल करें क्योंकि यह कार्बोहाइड्रेट के साथ ही साथ कैल्शियम, पोटेशियम आदि मिनरल्स से भरपूर होने के कारण सुपर फूड के नाम से जाने जाते हैं। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने किसानों को मिलेट्स की फसलों से होने वाले लाभ के विषय में बताते हुए उनसे आग्रह किया कि वे जनपद में फिर से श्री अन्न के फसलों की खेती का रकबा बढ़ाएं। कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिक डॉ० राम लखन सिंह ने मिलेट्स फसलों के उत्पादन तकनीक के विषय में चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक आरपीएन सिंह ने किया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी पारसराम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# धोखे से कर्ज लेने वाले पर मुकदमा किया दर्ज

**खरगूपुर गोंडा:** धोखाघड़ी कर बैंक से केसीसी के माध्यम से एक लाख रुपए का कर्ज ले लिया गया। जानकारी होने पर शाखा प्रबंधक ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला थाना क्षेत्र के विशुनापुर स्थित स्टेट बैंक की शाखा का है।बैंक की शाखा से 18 दिसंबर 22 को देवरिया गांव की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी बैजनाथ ने अपनी भूमि को बंधक रखकर किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट द्वारा एक लाख दो हजार नौ सौ रुपए ले लिया। न्यायालय के आदेश पर शाखा प्रबंधक द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि आरोपी महिला ने बैंक को शपथ पत्र देकर उक्त जमीन को भार मुक्त बताया था। इसके अलावा उसने किसी अन्य बैंक से कोई कर्ज नहीं लेने और न ही बैंक के पक्ष में बंधक किए गए भूमि की बिक्री न किए जाने का दावा किया था।

दर्ज कराए गए प्राथमिक में कहा गया है कि आरोपित महिला ने बैंक कर्मियों को गुमराह करके किसी अन्य बैंक की शाखा से धोखाघड़ी कर पहले ही कर्ज ले रखा था और जमीन भी बेच दिया था। इसके बावजूद उसने पुनः बैंक से कर्जा प्राप्त कर लिया।

## सार-संक्षेप

### डिजिटल दुनिया से जोड़ने के लिए दान किया कंप्यूटर



विद्यालय में बच्चों को पीसी डोनेट करते अतुल्य विकास फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**करनैलगंज, गोंडा :** ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ डिजिटल दुनिया से जोड़ने के लिए अतुल्य विकास फाउंडेशन ने विद्यालयों में ऑल इन वन पीसी दान किया है। फाउंडेशन के संस्थापक नरेंद्र शर्मा व मानव शर्मा ने बताया कि 1000 छात्र-छात्राओं के डिजिटल पढ़ाई के लिए क्षेत्र के पांच विद्यालयों में ऑल इन वन पीसी डोनेट किया गया है। जिसमें जेपी मेमोरियल शिक्षण संस्थान लाला पुरवा दूदा, बाबू सिद्दीकी मेमोरियल स्कूल जहांगिरवा, अरुणोदय मॉडर्न पब्लिक स्कूल मलौली, अतुल्य विकास फाउंडेशन केंद्र पंडित पुरवा व परसपुर क्षेत्र के गोविन्द कुलम नेशनल एकेडमी सुसंडा आदि शामिल है। अब इन विद्यालयों में कम्प्यूटर के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ तकनीकी जानकारी भी मिल सकेगी। इस योगदान पर मनोज कुमार पाण्डेय, चंद्र शेखर शुक्ल, पुनीत शुक्ल, मोहम्मद फाखिर, अरुण दीक्षित, दीपक राजपूत समेत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ब्लॉक में पशु गणना का काम शुरू

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक में 21वीं पशु गणना का कार्य शुरू किए जाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय रुपईडीह के पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर निशांत यादव ने बताया कि इस कार्य के लिए दो पर्यवेक्षकों व सात गणनाकारो की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देश मिलते ही ब्लॉक के सभी 106 ग्राम पंचायतों में पशु गणना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### नवागत चिकित्सा अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

**रुपईडीह, गोंडा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक के पद पर डॉ अजय कुमार यादव ने पुन: कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विदित हो कि दो साल पहले यहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉ जेपी शुक्ल के एमडी का कोर्स किये जाने के लिए यहां से कर मुक्त किया गया था उनके स्थान पर डॉ अजय कुमार यादव को चिकित्सा अधीक्षक पद का प्रभार दिया गया था लेकिन सीएमओ द्वारा चिकित्सक श्वेता त्रिपाठी तथा डॉक्टर जीएम चिश्ती को चिकित्सा अधीक्षक पद का प्रभार दे दिया गया। अब सीएमओ द्वारा डॉ अजय कुमार यादव को पुन: चिकित्सा अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा गया है।

### 21 दिव्यांगों को दिए गए सहायक उपकरण



दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग ने दिव्यांगजनों को दिया सहायक उपकरण।

**मनकापुर :** बृहस्पतिवार को विकासखंड के सभागार में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी ने लीलावती देवी, उर्मिला, मंशाराम वर्मा, रामकरन, रवि कुमार, आनंद कुमार, रमेश चंद्र, नारायण दत्त, अरविंद कुमार आदि 21 दिव्यांग लोगों को कृत्रिम हाथ, पैर, जूता वितरित किया है। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण धीरेंद्र सिंह, टेक्नीशियन कन्हैया लाल, मोहनलाल, नीरज, सहायक अशोक कुमार, रवि कुमार वर्मा, वरुण कुमार विजय कुमार मौजूद रहे।

### बीडीओ जेएन राव की हुई पदोन्नति



**करनैलगंज, गोंडा :** खंड विकास अधिकारी जेएन राव की पदोन्नति उपायुक्त के पद पर की गई है। उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास अनुभाग प्रथम के संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल की ओर से अनु सचिव धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने सात फरवरी को पत्र जारी कर कहा है कि प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग लेबल दस में कार्यरत जेएन राव को उनसे कनिष्ठ तेजवंत सिंह की पदोन्नति 22 अक्टूबर 2020 से जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक/उपायुक्त( स्वत : रोजगार )( मुख्यालय ) पर लेबल 11 के पद पर पदोन्नति प्रदान किया है। पदोन्नति के बाद उनके नवीन तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत होंगे। इस दौरान वर्तमान पदीय दायित्व व कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।

# सभी इच्छाओं की पूर्ति करती है भागवत कथा

बालपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** श्री मद्भागवत फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय देवी भागवत महापुराण एवं रूद्रचंडी महायज्ञ के कथा प्रवचन में पहले दिन कथा व्यास डॉ. कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने बताया कि देवी भागवत की कथा सुनने मात्र से मनुष्य की सभी इच्छाएं स्वतःपूर्ण होने लग जाती हैं। भागवत कथा में स्थानीय एवं दूरदराज क्षेत्र से भक्त पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि भागवत की कथा कल्पवृक्ष के समान है इस अवसर पर यज्ञचार्य पंडित अतुल



प्रवचन कहते कथा व्यास डॉ. कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज। अमृत विचार

शास्त्री, सहायक सूरज शास्त्री, राकेश शास्त्री, सुमित, रुद्र, रवि शंकर, विकास पांडे, अनिल, मोहित, बलदेव, पंकज आदि आसपास के तमाम श्रोता रहे।

# एसडीएम के खिलाफ क्रमिक अनशन शुरू

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** उपजिलाधिकारी के कार्यव्यहार से नाराज अधिवक्ताओ ने तहसील परिसर में

क्रमिक अनशन करते हुए उपजिलाधिकारी के स्थानान्तरण की मांग किया। अधिवक्ताओ के क्रमिक अनशन की खबर मिलते ही जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य राजस्व अधिकारी ने तहसील पहुंच कर संघ के नामित पदाधिकारियों से घंटो वार्ता की लेकिन यह वार्ता बेनतीजा रही।

एसडीएम पर अधिवक्ताओं ने लगाये अविवादित मामलो को लंबित रखने प्रशासनिक बल का अनावश्यक प्रयोग करने,अपने अधीनस्थो पर कोई नियंत्रण न




मनकापुर तहसील में एसडीएम के खिलाफ धरने पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

करके मनमानेपन की छूट देने व सरकार की मंशा के विपरीत भष्टाचार पर जीरो टारलेंस नीति का उल्लघंन करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ताओं ने वर्षो से विभिन्न पटलों पर जमें पटल सहायको का स्थानान्तरण न करने का आरोप भी लगाया है। मनकापुर उपजिलाधिकारी के कार्यव्यहार से नाराज होकर गुरूवार को दर्जनो की संख्या में अधिवक्ता उनके चैम्बर के सामने धरने पर बैठ गये। कार्य समिति बार एसोशिएसन के अध्यक्ष श्यामलाल शुक्ल एडवोकेट की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम के चैम्बर में एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना व तहसीलदार अखिलेश कुमार तथा सीआरओ के बीच घंटो वार्ता हुई। बैठक में कोई हल नही निकल सका। वही अधिवक्ताओ ने एसडीएम के स्थानान्तरण तक अनशन व आंदोलन जारी रखने की बात कही। देरशाम तक अधिवक्ता अनशन स्थल पर जमे हुए हैं। इस मौके पर अधिवक्ता एल्डर कमेटी चैयरमैन पीएस पान्डेय, सीके पाठक, भानु प्रताप मिश्र, अजय कुमार शुक्ल, अनिल कुमार द्विवेदी, अरूण कुमार पान्डेय, गिरजेश कुमार मिश्र, अम्बुज तिवारी, शिव कुमार मिश्र, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, पंकज पाठक, सीपी पाठक, उमाकांत शुक्ल, कृष्णाकांत मिश्र,राम शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने शुरू किया गांव चलो अभियान

## गांव एवं नगरीय बूथ मिलाकर 230 प्रवास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** इस अभियान के तहत गांव एवं नगरीय बूथ को मिलाकर के 230 प्रवास कार्यक्रम के साथ प्रारम्भ हुआ।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, केके श्रीवास्तव, राजाबाबू गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र ओझा पट्टू ने विधानसभा के केशवपुर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 53 छावनी सरकार में केंद्र एवं राज्य सरकार के उपलब्धियां का पत्रक वितरण करते हुए अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष



महिला को भाजपा का पत्रक देते जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व अन्य। अमृत विचार

ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश में आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को रिकार्ड जीत दिलाने के लिए हम सभी कार्यकर्त्ता दिए गए समस्त लक्ष्य का शत प्रतिशत अनुपालन के लिए कटिबद्ध हैं। गांव चलो अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने बताया कि ग्राम चलो अभियान के निमित्त जिले की समस्त 1192 ग्राम सभा में प्रवास के कार्यक्रम तय कर दिए गए हैं।

प्रवासी द्वारा गांव में 24 घंटे का समय दिया जाना है। आज के प्रवास कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधि जिला पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा,मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा,अनंत राम शुक्ला,अभिषेक दत्त त्रिपाठी, विशाल अग्रवाल, आत्माराम वर्मा रमेश सिंह,आशीष सोनी,धर्मेंद्र चौहान,घनश्याम जायसवाल,संदीप तिवारी,अमरेश तिवारी,कृष्ण चंद्र सिंह सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री एवं प्रवासी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।



पदभार ग्रहण करते नवागत अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत। अमृत विचार

### नवागत एएसपी ने संभाला कार्यभार

**गोंडा कार्यालय :** जिले के नवागत अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर जनपद के राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। मनोज कुमार रावत मूल रूप से राजस्थान राज्य के जयपुर जनपद के निवासी हैं और 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह राजनीति शास्त्र में परास्नातक हैं। इसके पहले वह बुलन्दशहर में बतौर सहायक पुलिस अधीक्षक तैनात रह चुके हैं। मनोज रावत को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी बनाया गया है।

## एक नजर

### बिजली सखी के चयन का काम हुआ शुरू

**रुपईडीह, गोंडा :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक के 65 ग्राम पंचायतों में बिजली सखी के चयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी आजम खान ने बताया कि ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायत में बिजली सखी का चयन पूर्व में किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर बिजली सखी के चयन का कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य को संचालित किए जाने का दायित्व ब्लॉक के मिशन प्रबंधक कुलदीप पांडेय को सौंपा गया है।

### तीन महीने से मिड-डे-मील का संचालन ठप

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दसई पुरवा में तीन माह से मिड डे मील के तहत धनराशि का आवंटन न होने से विद्यालय में मिड डे मील के संचालन में दिक्कते उठानी पड़ रही है। स्कूल में मिड–डे–मील का संचालन न होने से बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, इस मामले में प्रधानाध्यापक सुदीप कुमार मिश्र ने खंड शिक्षा अधिकारी से मिड–डे–मील के तहत धनराशि उपलब्ध कराए जाने की पुरजोर मांग की है ताकि मिड–डे–मील बन सके।

### आठ माह बाद अपहृत किशोरी हरियाणा से बरामद

**नवाबगंज, गोंडा :** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया था कि बीते 25 जून की सायं करीब आठ बजे मनकापुर थाना के अंधियारी निवासी महेश कुमार उसकी बहन को अगवा करके ले कर चले गए।काफी खोजबीन के बाद कोई पता नहीं चल पाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि लड़की के हरियाणा प्रांत में होने की सूचना मिली थी। जिसमें थाने के उपनिरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में हरियाणा गई पुलिस टीम ने लड़की को बरामद कर स्थानीय थाने पर लाया। जहां पर विधिक कार्यवाही के बाद चिकित्सीय परीक्षण के लिए गोंडा भेज दिया गया है।

### उद्घाटन मैच में शमा स्टील ने मारी बाजी

**इटियाथोक/ गोंडा :** इटियाथोक रेलवे स्टेशन ग्राउंड पर विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी केबीएस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न जगहों से 16 टीमे प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रबंधक लक्ष्य महेश्वरम स्कूल के जितेंद्र प्रकाश मौर्य व अनुराग त्रिपाठी के द्वारा किया गया। शमा स्टील इटियाथोक व गोंडा फर्नीचर क्रिकेट टीमों के बीच मैच खेला गया। शमा स्टील क्रिकेट टीम ने पहले खेलते हुए 127 रन 5 विकेट पर बनाए वही गोंडा फर्नीचर क्रिकेट टीम 6 विकेट पर 94 रन ही बना सकी । शमा स्टील क्रिकेट टीम 34 रनों से विजय हुई। दानिश मैन ऑफ़ द मैच बने। इस अवसर पर मोहम्मद सोहेल, गणेश शर्मा , संतोष ,रिजवान सहित कमेटी के कई मेंबर उपस्थित रहे।

# राम दर्शन को कटरा पहुंचा 940 यात्रियों का जत्था

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** अयोध्या में प्रभु रामलला का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला अनवरत जारी है। बृहस्पतिवार को आसनसोल से बीजेपी सांसद ज्योतिर्मय सिंह के साथ 940 श्रद्धालुओं का जत्था आस्था स्पेशल ट्रेन से कटरा शिवदयाल गंज पहुंचा। यात्रियों ने उतरते ही जय श्री राम का जयघोष किया। रेलवे के अफसरों ने सांसद समेत सभी यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

अयोध्या में श्रीराम लला का दर्शन कराने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे आस्था स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है और यात्रियों को अयोध्या पहुंचा रहा है। बृहस्पतिवार को बीजेपी सांसद ज्योतिर्मय सिंह पश्चिम बंगाल के आसनसोल शहर से 940 श्रद्धालुओं का जत्था लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन से कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने सांसद समेत यात्रियों का फूल माला से स्वागत किया। कटरा स्टेशन पहुंचे श्रद्धालुओं के चेहरे पर अयोध्या आने और राम दर्शन की खुशी साफ झलक रही थी। स्टेशन पर उतरते ही यात्रियों ने जय श्री राम रा जोरदार जयकारा लगाया। इस उद्घोष से समूचा स्टेशन परिसर गूंज उठा। यात्रियों को पहले टेंट सिटी ले जाया गया जहां उनके चाय नाश्ते की व्यवस्था की गयी थी। इसके बाद उन्हे प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करायी गयी इलेक्ट्रिक बसों पर बैठाकर अयोध्या के लिये रवाना किया गया। श्रद्धालुओं में आसनसोल के पुरुलिया कल्याणेश्वरी मंदिर के लोग भी शामिल हैं। डीआरएम आदित्य कुमार सांसद ज्योतिर्मय सिंह को अपने साथ लेकर अयोध्या गए। यात्रियों का यह जत्था शुक्रवार को रामलला और हनुमान गढ़ी जाकर बजरंगबली का दर्शन करेगा।



कटरा शिवदयाल गंज में आस्था ट्रेन के उतरे यात्री। अमृत विचार



यात्रियों को लेने आईं कतार में खड़ी ई–बसें। अमृत विचार

**रेलवे क्रासिंग पर आधे घंटे तक फंसा रहा यात्रियों का जत्थाः** कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ यात्रियों का जत्था आगे जाकर रेलवे क्रासिंग पर फंस गया। करीब आधे घंटे तक यात्री रेलवे क्रासिंग पर खड़े रहे।



करनैलगंज में आयोजित श्री खाटू श्याम भजन संध्या में भजन सुनाते कुमार आदर्श।

### श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

**करनैलगंज, गोंडा :** नगर के सरयू डिग्री कॉलेज रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में बुधवार की रात श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय भजन गायक पंकज निगम गोंडा, तनु श्री बहराइच व कुमार आदर्श ने बाबा खाटू श्याम के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाबा के भजनों पर भक्तों ने खूब तालियां बजाईं। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल व पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम के भव्य दरबार को सजाकर अलौकिक श्रृंगार किया गया था। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए बाबा श्याम का प्रसाद स्टॉल लगाया गया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संदीप गुप्ता मोनू, डॉ गिरधर गोपाल वैश्य, पप्पू मौर्या, कन्हैया लाल वर्मा, आशीष गिरी, संतोष पाण्डेय, मिंटू पाण्डेय, दीप जायसवाल, आयुष, विशाल, अंकित, आकाश रहे।

# माघ मेले के लिए उमड़ा भक्तों का रेला प्रयागराज भेजी गईं डिपो की 75 बसें

## मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए रोडवेज बस अड्डे पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



रोडवेज बस स्टैंड पर बस के इंतजार में भटकते यात्री। अमृत विचार



रोडवेज बस में बैठने के लिए यात्रियों की लगी भीड़। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए बृहस्पतिवार को रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ा। यात्रियों की सहूलियत के लिए रोडवेज प्रशासन ने डिपो की 75 बसों को प्रयागराज भेजा है।

मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में आयोजित माघ मेले को लेकर बृहस्पतिवार को जिले में आस्था का सैलाब नजर आया। प्रयागराज जाने के लिए बुधवार से ही यात्रियों के रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बुधवार को रोडवेज प्रशासन ने 20 बसें प्रयागराज भेजी थीं। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाने के लिए बस अड्डे पर डटे रहे। बच्चे, महिलाएं बुजुर्ग सभी के चेहरे पर गंगा स्नान को लेकर उल्लास नजर आया। यात्रियों की संख्या को देखते हुए रोडवेज प्रशासन डिपो की 75 बसों को प्रयागराज के लिये लगा दिया। जैसे जैसे यात्री बस अड्डे पर पहुंचते रहे बसें उन्हे लेकर प्रयागराज के लिए रवाना होती रहीं। दोपहर तक तक सभी बसें प्रयाग राज जा चुकी थीं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अनुबंधित व मंडल के अन्य डिपो की बसों को भी लगाना पड़ा। एआरएम कपिल देव ने बताया कि डिपो की 75 बसें प्रयागराज भेजी गई हैं।यात्रियों की सहूलियत के लिए सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**निजी टैक्सियों व टेंपो चालकों ने वसूला मन माना कियायाः** रोडवेज बस अड्डे पर बस न होने के कारण निजी टैक्सी चालकों व टेंपो चालकों की चांदी रही। उन्होंने यात्रियों से मनमाने किराए की वसूली की उतरौला जाने वाले यात्रियों को 60 किराए के स्थान पर डेढ़ सौ से 200 चुकाने पड़े। इसी तरह टेंपो चालकों ने भी शहर के भीतर 2 से 3 किलोमीटर की दूरी का भी 100 से अधिक किराया वसूला।





बस के लिए पूछताछ करते यात्री। अमृत विचार

### हलकान रहे दूसरे रूटों के यात्री

रोडवेज डिपो की सभी बसों को प्रयागराज भेजे जाने के कारण जिले के दूसरे रूटों पर जाने वाले नियमित यात्री पूरे दिन हलकान रहे और बस अड्डे पर बस के इंतजार में भटकते रहे। खासकर उतरौला की तरफ जाने वाली यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। देर शाम तक सैकड़ों यात्री बस का इंतजार करते रहे लेकिन उन्हें बस नहीं मुहैया कराई जा सकी। यात्रियों ने रोडवेज प्रशासन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया। आखिर में उन्हें प्राइवेट साधनों से अपने गंतव्य को जाना पड़ा।

# स्वास्थ्य शिविर में किया जागरूक

**करनैलगंज, गोंडाः** सीएचसी हलधरमऊ में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ अधीक्षक डॉक्टर संत प्रताप वर्मा ने किया। अधीक्षक डॉ वर्मा व डॉ अजय यादव ने मानसिक स्वास्थ्य पर विचार व्यक्त किए। कमला मिश्रा साइकेट्रिक नर्स ने मानसिक रोगों के सामान्य लक्षण जैसे नींद न आना या नींद अधिक आना, नींद देर से आना या बीच-बीच में टूटना, घबराहट, उलझन, बेचैनी, नकारात्मक विचार आना, बहुत अधिक गुस्सा आना, सिर में काफी दिनों से दर्द रहना, बेहोशी के दौरे, मिर्गी के दौरे आना, एक ही विचार मन में बार-बार आना, अपने आप से बातें करना, भूत -प्रेत, देवी देवता का साया होना, चिड़चिड़ापन एवं किसी चीज के बारे में ज़रूरत से ज़्यादा चिंतित रहना, जीवन के प्रति निराश रहना एवं आत्महत्या का विचार आना, आत्म विश्वास में कमी महसूस करना, छोटी छोटी बातों में अपने आप को दोषी ठहराना, बेवजह शक करना, बिना वजह हंसना-मुस्कुराना-बडबडाना -बुदबुदाना एवं इशारे कर अपने आप में बातें करना, क्षमता से अधिक बड़ी बड़ी बातें करना आदि शामिल है। साइकेट्रिक सोशल वर्कर उमेश कुमार ने किसी भी मानसिक समस्या होने पर राष्ट्रीय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर टेली मानस 14416 पर संपर्क करने की सलाह दी।



करनैलगंज में स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

## उपनिरीक्षक पद पर प्रमोशन होने पर जताई खुशी

**नवाबगंज, गोंडाः** निवासी ग्राम चुरिया टोला थाना लार जिला देवरिया जयनाथ यादव को यूपी पुलिस प्रोन्नति बोर्ड ने हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोट किया गया है। जयनाथ यादव वर्तमान में गोंडा जिले के नवाबगंज थाने पर तैनात हैं। और जयनाथ यादव हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक पद पर प्रोन्नति होने पर थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं इस मौके पर उपस्थित सरयू घाट चौकी प्रभारी शिवलखन सिंह, सुनील कुमार यादव, रविन्द्र सिंह, समेत स्टाफ मौजूद रहे।

## शिव-पार्वती विवाह में उमड़े भक्तजन

**खरगूपुर, गोंडाः** श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा,महादेवा में कथा चल रही। श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि भगवान शिव की बारात पार्वती के मायके पहुंची तो सभी पहले तो प्रसन्न हुए क्योंकि पहले भगवान विष्णु के नेतृत्व में देवतागण चल रहे थे। लेकिन उसके पीछे भगवान शंकर बैल पर बैठ कर सर्प लपेटकर भस्म लगाकर चार भुजाएं धारण कर जब पहुंचे तो उनको देखकर भगवती पार्वती की मां मैना बेहोश हो गयीं। उन्होंने नारद मुनि से कहा कि हे मुनीश्वर हमने आपका क्या बिगाड़ा था जो कि आपने हमारी बेटी को ऐसी शिक्षा दी और बेटी की हजारों वर्षों की तपस्या बर्बाद हो गयी। उन्होंने बताया कि मुनि ने सती के इतिहास को बताने के साथ बताया कि वही सती त्रेतायुग में भगवती पार्वती के रूप में हिमांचल के यहां जन्म ली और इसको समझाने के पश्चात शिव पार्वती का सुन्दर वेद मंत्रों के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संत राघवेश दास वेदांती,भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह,संतोष घनश्याम शुक्ल,अवनीश शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।



कथा सुनाते डॉ. राम विलास वेदांती।

# कोटेदारों के लंबित लाभांश का होगा भुगतान

## 14 माह से बकाया है 12 लाख रुपये लाभांश, भुगतान के लिए डीएम के पास गई पत्रावली

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सार्वजनिक वितरण प्रणावी से जुड़े जिले के कोटेदारों को 14 महीने के बकाया लाभांश का जल्द ही भुगतान किया जायेगा। कई कोटेदारों का लाभांश तकनीकी दिक्कत के कारण उनके खाते में नहीं जा रही थी। कोटेदारों ने अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। पूर्ति विभाग ने 14 माह का बकाया करीब 12 लाख का भुगतान किए जाने के लिए जिलाधिकारी के यहां पत्रावली भेजी है। अब कोटेदारों के लंबित भुगतान की आस जगी है।उम्मीद है कि एक-दो दिन के अंदर कोटेदार के खाते में पैसा पहुंच जाएगा।

जनपद में 1491 कोटेदार प्रत्येक माह 26 लाख से अधिक यूनिट का खाद्यान्न वितरित करते हैं। प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत वर्तमान समय में खाद्यान्न निशुल्क मिलता है। कोटेदारों को राशन कार्ड धारक से एक भी पैसा नहीं लेना होता है । सरकार की ओर से कोटेदारों को लाभांश दिया जाता है।

जनपद के कोटेदारों को लाभांश सीधे खाते में भेज दिया जाता है। लेकिन वर्ष 2022 नवंबर माह से लेकर दिसंबर 2023 तक कई कोटेदारों का खाद्यान्न वितरण का लाभांश खाते में नहीं जा पा रहा था। यह धनराशि करीब 12 लाख रुपए है। कोटेदारों ने लाभांश भुगतान के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आ सका था।

बताया जाता है ये वह कोटेदार है जिनका खाता गड़बड़ था, या आधार में गड़बड़ी थी। फिलहाल पूर्ति विभाग ने इन सभी कोटेदारों के लाभांश की प्रक्रिया पूरी कर ली है। खातों में जो गड़बड़ी थी उसे सुधार दिया गया है। 14 माह बकाया भुगतान को लेकर पत्रावली तैयार कर ली है और उसे अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेज दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही यह धनराशि कोटेदारों के खाते में चली जाएगी।

उधर, इस मामले में जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय का कहना है कि करीब 14 माह से कुछ कोटेदारों के लाभांश का भुगतान नहीं हो पा रहा था। खातों में त्रुटि थी जिसे सुधार लिया गया है। भुगतान के लिए जिलाधिकारी के यहां पत्रावली गई है। जल्द ही कोटेदारों का भुगतान कर दिया जाएगा । यह राशि लगभग 12 लाख रुपये है।

# विद्युत विधेयक रद्द करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोंडा कार्यालयः** केरल व अन्य राज्यों के प्रति केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव तथा विद्युत विधेयक को रद्द किए जाने सहित अन्य मांगों को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी गोंडा बलरामपुर एवं ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को जिला कलेक्ट्रेट में पैदल मार्च कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र में केरल सहित अन्य राज्यों को उनके करों और संसाधन के तय हिस्से से वंचित करना बंद किए जाने, केंद्र सरकार पर राज्य सरकारों के उधार लेने की सीमा तय करने पर रोक लगाई जाने, केंद्र सरकार राज्य सूची के विषय में हस्तक्षेप करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उपयोग बंद करने, केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष द्वारा संचालित राज्य सरकारों के नेताओं को निशाना बनाकर उन्हें परेशान करने के लिए ईडी सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग बंद करने, राज्य सरकारों के मामले में हस्तक्षेप करने के लिए राज्यपाल को अपनी संवैधानिक स्थिति का दुरुपयोग बंद करने आदि की मांग की गई। इसी तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित दिए गए मांग पत्र में नए मजदूर किसान विरोधी नए विद्युत विधेयक को तत्काल रद्द किए जाने, बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किए जाने, बिजली विभाग को निजी क्षेत्र के कॉर्पोरेट को दिया जाना बंद किए जाने, किसानों गरीबों के विद्युत बकाया बिल को माफ किए जाने तथा विद्युत मूल्य में मनमानी तरीके से की जा रही बढ़ोतरी पर रोक लगाई जाने, किसानों बुनकरों व छोटे घरेलू कारखाने को मुफ्त बिजली दिए जाने, विद्युत विभाग में ठेका आउटसोर्सिंग के आधार पर की जा रही भर्ती को बंद किए जाने, पूर्व में संविदा और आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे विद्युत कर्मचारियों को स्थाई किए जाने, गलत विद्युत बिल में संशोधन समयबद्ध किए जाने, विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किए जाने की मांग शामिल है। इस मौके पर खगेंद्र जनवादी, अमित शुक्ला, आशीष सिंह, मोहर्रम अली अब्दुल गनी, विनीत तिवारी, आनंद सिंह, दुर्गेश यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

# शहर से 67 छुट्टा मवेशी गौशाला में भेजे गए

**गोंडा कार्यालयः** शहर में छुट्टा गोवंशियों को पकड़कर गोशालाओं में भिजवाने के लिए नगरपालिका और पशुपालन विभाग का संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को पांच छुट्टा पशु पुलिस लाइन और आसपास क्षेत्रों से पकड़ कर गो आश्रय केंद्र भेजे गए. चालू वर्ष के जनवरी माह से अबतक कुल 66 छुट्टा जानवर जिले की विभिन्न पशुशालाओं मे भेजे गए हैं।

अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनवरी मे 45 छुट्टा जानवर पकड़े गए थे। जबकि एक फरवरी को 6 व दो फरवरी को 5 गोवंशियों को पकड़ कर गो आश्रय केंद्रों मे भेजा गया।

अभियान प्रभारी और टैक्स अनुभाग के राजस्व निरीक्षक राधा किशन बताया कि बुधवार को पोर्टरगंज के राजेन्द्र नाथ लाहरी विद्यालय से गुरुनानक चौक तक और गुरुवार को पुलिस लाइन के आसपास मुख्य सड़क क्षेत्र पर अभियान चलाया गया। अभियान में 11 छुट्टा पशु टीम ने पकड़े. इन्हें उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के माध्यम से दर्जीकुआं से आगे बिरवा बभनी स्थित पशुशाला मे भेजा गया। छुट्टा जानवरों को पकड़ने के लिए एक टीम की मदद ली जा रही है।

# पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** भाजपा किसान मोर्चा की तृतीय एवं अंतिम दिवस की कार्यशाला का आयोजन आज 10 मंडलों में किया गया। जिसमें ग्राम परिक्रमा यात्रा की तैयारी के लिए मंडल कार्यसमिति के सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए और सभी को नमो ऐप डाउनलोड कराया गया।

गोंडा विधानसभा के झंझरी पूर्वी मंडल में मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विद्या भूषण द्विवेदी जिलाध्यक्ष, रवि दूबे जिला मंत्री उपस्थित रहे। कटरा विधान सभा के रूपईडीह मंडल में मंडल अध्यक्ष रमाकांत शुक्ल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी और राम उदित सिंह उपस्थित रहे।तरबगंज विधानसभा के बेलसर मंडल में मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह की अध्यक्षता में, बालेश्वरगंज मंडल में मंडल अध्यक्ष नंदन दूबे की अध्यक्षता में,तरबगंज मंडल में मंडल अध्यक्ष हरिकिशन मौर्य की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र उपस्थित रहे। गोंडा विधान सभा के केशवपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सचिन वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।मनकापुर विधानसभा के वजीरगंज मंडल में मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह सोनू की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह,मनकापुर मंडल में मंडल अध्यक्ष दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि आनंद पाण्डेय जिला मंत्री,झिलाही मंडल में मंडल अध्यक्ष अंकित पाठक की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष वैभव सिंह उपस्थित रहे।गौरा विधानसभा के मसकनवा मंडल में मंडल अध्यक्ष विजय दत्त सिंह की अध्यक्षता में अभिनव मिश्र जिला सह सोशल मीडिया प्रमुख उपस्थित रहे।



ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान पदाधिकारी को सम्मानित करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत- सिसहनी विकास खंड- छपिया गोंडा**

**निविदा**

केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/पंचम/पंद्रहवा/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24के तहत ब्लॉक छपिया के ग्राम– सिसहनी में निम्न कार्य होना है। 1. साधू सरन के घर से उत्तर तालाब तक नाली निर्माण कार्य 2. राम सरन के घर से राज कुमार के चक तक मिट्टी/ खडन्जा निर्माण कार्य – हेतु ईट, सीमेंट, बालू, मोरंग, मिट्टी आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर सम्पर्क करें ।

**विनोद कुमार**
प्रधान
ग्राम पंचायत– सिसहनी
विकास खंड– छपिया गोंडा

**कौशल किशोर**
सचिव
ग्राम पंचायत– सिसहनी
विकास खंड– छपिया गोंडा

## एक नजर

### मारपीट कर नकदी छीनने का लगाया आरोप

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के तैयब्जॉट गांव निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर मारपीट कर 84000 नगदी छीनने का आरोप लगाया है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। रामगांव थाना क्षेत्र के तैयब जोत गांव निवासी छैलू पुत्र राजेंद्र ने बुधवार को बैंक से रुपए निकाला। जिला अस्पताल में भर्ती चालू ने बताया कि 84000 लेकर वह निजी कार्य से राजा मिल के निकट से गुजर रहे थे तभी बलराम, देशराज और सूरज ने उनके पुरानी रंजिश में पिटाई की इसके बाद 84000 नगद छीन लिया। सभी जान माल की धमकी देकर फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि जिला अस्पताल में दिए गए बयान और तहरीर में अंतर है मामले की जांच की जा रही है।

### दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं

**पयागपुर, बहराइच :** पांच दिवसीय दिव्यांगता प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा दिव्यांगता के प्रकार, उनकी पहचान, तथा उनको दी जाने वाली सहायक सामग्री के बारे में शिक्षकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित दिव्यांगता प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है, सभी को उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यशाला में बुनियादी साक्षरता के साथ अंकित दक्षता का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें एआरपी पवन कुमार शुक्ला, राजेश मिश्रा प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं प्रशिक्षण में डॉक्टर डी बी सिंह, आदित्य कुमार विद्यार्थी रामकुमार पांडे ए पूनम शर्मा अन्नपूर्णा तिवारी लीना शर्मा आदि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

### दो दर्जन सिपाही भेजे गए पुलिस लाइन

**बहराइच :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिले के विभिन्न स्थानों में तैनात महिला और पुरुष सिपाहियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 55 सिपाहियों का स्थानांतरण हुआ है। इनमें दो दर्जन से अधिक सिपाहियों को पुलिस लाइन भेजा गया है।

# 240 लोगों ने कराया नामांकन 14 को मिला रोजगार


रोजगार मेले में प्रमाण पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

**तेजवापुर, बहराइच, अमृत विचार :** महसी विकास खंड कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया हुआ। मेले में 240 लोगों ने अपना नामांकन कराया। 14 युवाओं व युवतियों को रोजगार के लिए आफर लेटर दिया गया। 108 युवाओं का चयन किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित रोजगार मेले में 10 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार के इच्छुक 240 युवक व युवतियों ने नामांकन कराया। 158 का चयन किया गया। इसमें विभिन्न कंपनियों व संस्थाओं ने 14 युवाओं व युवतियों को रोजगार के लिए आफर लेटर दिया। खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव व आईटीआई के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्र ने कंपनियों की तरफ से चयनित चयनित युवाओं व युवतियों को आफर लेटर सौंपा। रोजगार मेले में राघवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश प्रताप सिंह, पवन कुमार, रंजना यादव, अंजली, विमलेश कुमार, रविशंकर पाठक, उपेंद्र कुमार, अबू बक्र, नदीम अहमद, तेज नारायण शुक्ल, उमाशंकर मिश्र सहित भारी संख्या में युवक व युवतियां उपस्थित रहे।

# मदरसा छात्रों का किया मार्गदर्शन

बहराइच


मदरसा में आयोजित कैरियर कांसिलिंग में मौजूद छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आकांशी जनपद बहराइच के मदरसा दारुल उलूम मसूदिया मिस्बाहिया के सभागार में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए बृहस्पतिवार को करियर मार्गदर्शन व काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन टीम ने मदरसा के सभी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।

पिरामल फाउंडेशन के सिनियर प्रोग्राम लीडर सैफुर रहमान सिद्दीकी ने छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा संचालित की जा रही तकनीकी शिक्षा ग्रहण करके भविष्य को संवारा जा सकता है, साथ ही साथ छात्रों को उनकी ताक़त, कमजोरी, संसाधन और भविष्य में तेज़ी से आगे बढ़ने वाले क्षेत्र में से कौन सा उनके लिए उत्कृष्ट है, सारे चीजों की जानकारी दी ताकी सभी छात्र सही फ़ैसला लेने में सक्षम बन सकें। कार्यक्रम में गाँधी फेलो लोचन देवाड़े ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे गूगल रीड अलोंग अभियान के बारे में चर्चा की कि कैसे यह एप बच्चों की बुनियादी साक्षरता ज्ञान को बढ़ाने, बच्चों के स्वयं पढ़ने लिखने और सीखने में मददगार साबित होता है। प्रिंसिपल मोहम्मद आरिफ साहब ने छात्रों को कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते है। इस मौके पर कालेज संस्थापक मोहम्मद एहतरामुल हक़, छात्र एवं पिरामल फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

# एसडीएम के निरीक्षण में मीनू के अनुसार नहीं मिला भोजन


सीएचसी में निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का देर रात को पयागपुर के उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिले के सभी सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाले पौष्टिक भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्री की स्थिति और गुणवत्ता की जॉच के क्रम में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार व तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार ने देर रात पयागपुर के कोट बाजार स्थित सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित मरीजों से चिकित्साल्य मे मिल रही सुविधाओ की जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने बताया कि भर्ती मरीजों को दवाएं तो मिल रही है किन्तु मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते नही दिए जा रहे हैं जिसके कारण भर्ती मरीजों को पौष्टिक भोजन नही उपलब्ध हो पा रहा है। इसके लिए रिपोर्ट तैयार कर भेजी जा रही है साथ ही साथ सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाय। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान गरीब व कमजोर मरीजों एवं तामीरदारो को कंबल भी वितरित किए, इस दौरान स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग के कई कर्मी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मार्ग पर जल्द बनकर तैयार हो जाएगा मैत्री द्वार

## सरकार ने मैत्री द्वार के लिए जारी किए हैं 321 लाख रुपये

संवाददाता, बहराइच



भारत नेपाल सीमा पर इस तरह बन रहा मैत्री द्वार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत रूपईडीहा कस्बे से भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर रू. 643.28 लाख की लागत से इण्डो-नेपाल मैत्री द्वार के निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू. 321.64 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है।

जिले की तहसील नानपारा के कस्बे रुपईडीहा में बाराबंकी-बहराइच-रुपईडीहा राष्ट्रीय मार्ग के अन्तिम चौनेज में प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य होना है। प्रवेश द्वार के लिए आवश्यक भूमि को भू-स्वामी से आपसी समझौते के आधार पर क्रय किया जा चुका है। प्रवेश द्वार कार्य का अनुबन्ध गठन प्रक्रियाधीन है। अनुबन्ध गठन के छः माह की अवधि के अन्दर प्रवेश द्वार का निमार्ण कार्य पूरा करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रवेश द्वार के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि प्रदेश के पड़ोसी देशों/राज्यों से आने वाले पर्यटकों/नागरिकों में प्रदेश की अच्छी छवि का निर्माण हो सके। डीएम ने बताया कि सीमा पर चिकित्सालय, स्कूल/कालेज, किसान मण्डी, पर्यटन, मनोरंजन आदि की उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित की जायेंगी। इसके अलावा प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों, बाज़ारों, हास्पिटल एवं बस स्टैण्ड आदि को भी अपग्रेड किया जायेगा। जिससे आम जनमानस, पर्यटकों, श्रद्धालुओं को सीमा पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, अमृत विचार:** कोतवाली देहात के धपालीपुरवा मोहल्ला में किराए के मकान में रह रही किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

श्रावस्ती जनपद के भिनगा कोतवाली क्षेत्र के गोबार गांव निवासी रिंकी (17) पुत्री बच्छराज अपने मौसिया मुन्नालाल के यहां रहती थी। कोतवाली देहात के धपालीपुरवा निवासी एक व्यक्ति के यहां मुन्नलाल किराए के मकान में रहते थे। मन्नालाल का कहना है कि वह बुधवार को मजदूरी के लिए कपूरपुर गांव गए थे। जबकि उसकी मौसी रिश्तेदारी में गई थी। नानी की मौजूदगी में उसने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर जान दे दी। देर रात को घटना की जानकारी घर पहुंचने पर हुई। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली देहात पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 5G के दौर में 3G की भी नहीं मिल रही सुविधा

बहराइच


कलेक्ट्रेट में खराब नेटवर्क को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जंगल से सटे थारू जनजाति गांव आंबा के ग्रामीण बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे सभी ने डीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया सभी का कहना है कि 5G के दौर में उनका 3G का नेटवर्क भी सही से नहीं मिल रहा है। ऐसे में वह सभी देश दुनिया से जुड़ नहीं पा रहे हैं। जिससे सभी को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

मोतीपुर तहसील के ग्राम पंचायत आम्बा के जनजाति बाहुल्य ग्राम सभा शिवनापुर, ग्राम सभा फकीरपुरी, रामपुरवा, व ग्राम सभा बर्दिया के रहने वाले थारू जनजाति के सैकड़ो ग्रामीण थारू जनजाति के जिलाध्यक्ष बेचन चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र सोपा है। सभी ने गांव में नेटवर्क न होने की बात कही है उन्होंने कहा है कि अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो वह चुनाव बहिष्कार करेंगे। थारू जनजाति की ग्रामीणों द्वारा अपने मांग पत्र में लिखा गया है कि जहां हमारा देश के डिजिटल इंडिया के अंतर्गत तरक्की कर नई तकनीक और विकास कार्यों में बुलंदियों को छूते हुए आगे बढ़ रहा है देश के कोने कोने में 5G नेटवर्क पहुंच गया है। लेकिन हमारे क्षेत्र में नही बल्कि पूरे न्याय पंचायत क्षेत्र में एकमात्र बीएसएनएल टावर 3G का बर्दिया गांव में लगा हुआ है। खास बात तो यह है कि वह टावर भी पिछले कई वर्षों से खराब पड़ा है। हमारे क्षेत्र में मोबाइल के अन्य किसी कंपनी के टावर भी नहीं लगे हुए हैं। नेटवर्क ना होने के कारण हमारा जनजाति समुदाय व क्षेत्र काफी पिछड़ता जा रहा है। लोग अपनों से दूर हो रहे हैं और तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब थक हारकर हमारे न्याय पंचायत क्षेत्र में लोगों ने यह तय किया है कि हम इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। जब तक हमारे क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या दूर नहीं की जाएगी तब तक हम सभी आने वाले किसी भी चुनाव मतदान नहीं करेंगे। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसएसबी व पुलिस जवानों ने सीमा पर की संयुक्त गश्त



श्रावस्ती

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल भिनगा कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के दिशा निर्देशन एवं दीवान सिंह कार्की, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व मे गुरूवार को 'ए' समवाय सुईयां के द्वारा पुलिस के साथ संयुक्त गस्त किया गया। गस्त के दौरान आने जाने वाले नागरिको की जांच की गई। 'ए' समवाय सुईयां और पुलिस के जवानों ने समवाय के कार्यक्षेत्र मे सीमा स्तंभ संख्या 633/8 से 633/6 तक संयुक्त गस्त किया इस दौरान भारत-नेपाल आने जाने वाले नागरिको की भी सघनता से जाँच की गई। डॉग टफी ने भी जांच करने में अपना सहयोग किया l गस्त का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र मे रह रहे लोगो के मन में सुरक्षा की भावना पैदा करना, सशस्त्र सीमा बल एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के मध्य आपसी तालमेल को मजबूत रखना, जंगल में किसी तरह के अवैध गतिविधि को रोकना, तस्करी एवं अतिक्रमण पर नियंत्रण करना आदि है।इस दौरान सहायक उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, आरक्षी हेमंत कुमार व अन्य जवान एवं उत्तर प्रदेश पुलिस से आरक्षी राजपाल वर्मा व राहुल पटेल उपस्थित रहे ।

# निर्माणाधीन कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना संस्थाओं का दायित्व : जिलाधिकारी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/कार्यदायी संस्थाओं के साथ नीति आयोग, क्रिटिकल गैप्स एवं त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से कराये जा रहे निर्माण कार्यो की गहन समीक्षा की। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन विकास कार्यों को तेजी से कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाय। जिले में निर्माणाधीन विकास कार्यों में शिथिलता कदापि न बरती जाय और समय सीमा के अन्तर्गत उनको हर हाल में पूरा किया जाय। उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों का दायित्व है कि वे अपने विभागों से सम्बन्धित कराये जा रहे निर्माण कार्यों को मौके पर जाकर देखे और गुणवत्तायुक्त ढंग से उन्हें पूरा कराये। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस.के. हरित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/अभियन्ता तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चुनौतियों से निपटने हेतु पुलिस अधीक्षक ने की पीस कमेटी की बैठक



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में किसी भी चुनौती से निपटने के लिए कोतवाली भिनगा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसपी ने कहा कि ज्ञानवापी मामला, उत्तराखण्ड मे समान नागरिक संहिता कानून लागू करने दृष्टिगत किसी भी प्रकार की गलतफहमी को न पनपने दें। बैठक में क्षेत्र के पीस कमेटी के सदस्यों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एस-7, एस-10 के सदस्यो व धर्मगुरुओं के साथ वार्ता की गयी। बैठक में सभी लोगों से वार्तालाप कर क्षेत्र की समस्यायों के वारे में जानकारी ली तथा इन सभी न्यायिक/विधायी मामलों के वारे में लोगों को जागरुक किया गया। उन्होंने किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने व क्षेत्र में कोई भी अराजकता फैलाने व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों की जानकारी देकर अमन-चैन बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपील की गयी। इसी क्रम में सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पीस कमेटी के सदस्यों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एस-7, एस-10 के सदस्यो व धर्मगुरुओं के साथ मीटिंग की गयी।

### बलवा व दंगा नियंत्रण उपकरण का अभ्यास

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने ज्ञानवापी मामला, उत्तराखण्ड मे समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन परेड मैदान पर दंगा निरोधक उपकरणों व बलवा ड्रिल का पुलिस कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया गया।

## वर्ग पहेली-337

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.) –डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। –डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



### वर्ग पहेली - 336 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | ■ | 2 ध | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ट | प | रा |
| ■ | ■ | 4 बु | ला | ना | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ट | ■ | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | ■ | ला |
| ■ | ■ | ड़े | ■ | ■ | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | ■ | य |

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08.02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 23.29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

**कर्क** – आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

**सिंह** – आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

**कन्या** – आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

**तुला** – आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
दिल ही तो है – सुबह : 09.00
इंडियन – रात : 09.00

**Sony Max**
पति पत्नी और वो – सुबह : 11.28
मेजर – रात : 09.40

**Utsav Gold**
ओ तेरी – सुबह : 10.00
यारियां – रात : 07.00

**Zee Cinema**
चालबाज – सुबह : 09.00
अनाड़ी नम्बर वन – रात : 07.00

**Colors Cineplex**
दोस्ताना – सुबह : 11.34
स्वदेश – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-09.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)–जीजा जी! मेरी बहन तो गाय है गाय,
जीजा–फिर साले गौशाला में ही छोड़ आते,
मेरे साथ क्यों बांध दी...

## एक नजर

### सदस्य टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का आगमन आज

**बहराइच :** सदस्य टेलीफोन एडवाईजरी कमेटी संचार मंत्रालय भारत सरकार मोहम्मद अनीस का प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 09 फरवरी को सायं 07 :30 बजे अहाता हाउस, प्यारेपुर कैसरगंज पहुंचकर मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रात्रि 09 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी/ वीआईपी शालिनी प्रभाकर ने दी है।

### पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री का आगमन आज

**बहराइच :** प्रदेश सरकार के मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग धर्मपाल सिंह के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 09 फरवरी को अपरान्ह 04 बजे बहराइच पहुंचकर झिंगहाघाट बाईपास रोड बहराइच लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन कर अपरान्ह 05 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी/वीआईपी शालिनी प्रभाकर ने दी है।

### आज आयेंगे राज्य सूचना आयुक्त

**बहराइच :** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह का 9 फरवरी को जनपद आगमन प्रस्तावित है। श्री सिंह 9 फरवरी को अपरान्ह 4 :30 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुँचकर सांय 5 :00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा/जागरूकता बैठक कर कैसरगंज के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। राज्य सूचना आयुक्त श्री सिंह 10 फरवरी को तहसील सभागार में पूर्वान्ह 10 बजे से एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, बीईओ एवं तहसील से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समीक्षा/जागरूकता बैठक करेंगे। राज्य सूचना आयुक्त अपरान्ह एक बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### जंगल को आग से बचाने के लिए दें सूचना

**बहराइच :** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच में 15 फरवरी से 30 जून तक आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने एवं सूचना प्राप्त करने के लिए प्रभाग कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गयी है। यह 24 घंटे राउण्ड–द–क्लाक कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष का नम्बर 05252 232498 है। जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी शिव शंकर ने वन्य जीव प्रभाग के आस–पास रहने वाले नागरिकों, पर्यटको एवं वन्य जीव प्रेमियों से अपील की है कि प्रभाग के किसी भी क्षेत्र में अग्नि की घटना की जानकारी होने पर कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05252–232498 अथवा डीएफओ कतर्नियाघाट के सीयूजी नम्बर 7839435102 पर सूचित कर वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

# जिम्मेदार अधिकारियों को ही दें मास्टर ट्रेनर्स की जिम्मेदारी: डीएम

बहराइच कार्यालय


आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए तैनात किये गये प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराये जाने को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सकुशल निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदान कार्मिक, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, यातायात, प्रशिक्षण, लेखन सामग्री, प्रेक्षक व्यवस्था, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, डाक मतपत्र, वेबकास्टिंग, सूचनाओं का आनलाईन प्रेषण, निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, बैरीकेटिंग, प्रकाश, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, एमसीएमसी, निर्वाचन प्लान, मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों से डीएम ने फीड बैक प्राप्त किया। निर्देश दिया कि सभी अधिकारी आरओ हैण्ड बुक का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्यवाही करें। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के सम्बन्ध में सौपी गयी जिम्मेदारियों को पूरा करने में अपने-अपने अनुभवों का भी लाभ उठायें। मतदान कार्मिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान डीएम ने सीडीओ व अपर जिलाधिकारी से कहा कि दक्ष व जिम्मेदार अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर्स बनाया जाय। मतदान के विभिन्न चरणों के प्रशिक्षण हेतु डीएम ने सुझाव दिया कि प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग पीपीटी तैयार की जाय।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर वनरेबुल व क्रिटीकल बूथों की सूची उपलब्ध कराये ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। साथ ही जनपद में शान्तिपूर्ण एवं सकुशल निवार्चन प्रकिया सम्पन्न कराने के लिए नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी कर ली जाय। बैठक का संचालन उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार, महसी के राकेश कुमार मौर्या, कैसरगंज के पंकज दीक्षित व पयागपुर दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### परिषदीय स्कूल का एआरपी ने किया निरीक्षण


विद्यालय में अनुश्रवण करते निरीक्षण। अमृत विचार

**रामगांव, बहराइच, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में सामाजिक विषय के सन्दर्भदाता अनूप कुमार मिश्र ने पहुचकर विद्यार्थियों के निपुणता का परीक्षण किया। तेजवापुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में एआरपी अनूप कुमार पहुंच गए। उन्होंने उपस्थित शिक्षको में बच्चों में किस किस विधियों के माध्यम से निपुणता की ओर ले जाना है, एक एक कर कइयों विधियों से शिक्षकों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के माध्यम से जानकारी प्रदान की। न्याय पंचायत नेवादा में एआरपी अनूप कुमार मिश्र और सुनील कुमार परिहार के पहुचने से पूरे न्याय पंचायत नेवादा भर के शिक्षको में हड़कंप मचा रहा। लगभग सभी शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशक चौकन्ने नजर आए ।विद्यालय की समस्त व्यवस्थाएं चुस्त व दुरूस्त मिलने पर सभी शिक्षकों की प्रसंसा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका कंचन गुप्ता,ममता मुंजाल, रेनू मौर्या, अनिल वर्मा, नीलम सिंह सहित सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

### रक्षा मंत्री से मुलाकात कर ट्रेन के ठहराव की उठाई आवाज


दिल्ली में रक्षामंत्री से मुलाकात करता दल।

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने रक्षा मंत्री भारत सरकार से मुलाकात कर पत्र देकर लखनऊ गोंडा रेल मार्ग पर जरवलरोड रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की है। अखिल भारतीय पासी महासभा के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष तरूण राव ने रक्षामंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह को पत्र सौंप कर अवगत कराया है कि लखनऊ गोण्डा गोरखपुर रेल प्रखंड पर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बंद है जिसके कारण जरवलरोड क्षेत्र के लखनऊ गोंडा गोरखपुर तक यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है उन्होंने यह भी लिखा है कि पूर्व दूरसंचार मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के द्वारा इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराया गया था परंतु कालांतर में ठहराव बंद होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत होने के कारण असंतोष व्याप्त है।

### रिंकू ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान


मेधावी रिंकू।

**मोतीपुर, बहराइच :** मोतीपुर तहसील के गुजरहना गांव निवासी अत्यंत निर्धन परिवार के दिव्यांग छात्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नेट परीक्षा पास कर के गांव का नाम रोशन किया है। परिषदीय विद्यालय गुजरहना से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किये रिंकू प्रसाद पुत्र सांवली की इस उपलब्धि पर प्राथमिक विद्यालय गुजरहना के शिक्षको ने विद्यालय में मिठाई बाट कर खुशी का इज़हार किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनवार अहमद ने बताया कि इसी विद्यालय से पढ़ कर निकले किसी छात्र का इतनी बड़ी परीक्षा में सफल हो जाने पर पूरा विद्यालय परिवार खुद को गौरान्वित महसूस कर रहा है। छात्र के अभिभावको को विद्यालय बुला कर सम्मानित किया जायेगा।

# फोरलेन सड़क के लिए 91 गांवों की जमीन होगी अधिग्रहीत

## पहले चरण में जरवल से बहराइच तक बनेगी फोरलेन सड़क

**पहल**

- कैसरगंज, महसी और सदर तहसील की ग्राम पंचायत शामिल
- अधिसूचना के बाद से किसी जमीन की नहीं बढ़ेगी सर्किल रेट

राजू जायसवाल,बहराइच


डीएम मोनिका रानी।

**इन तहसीलों के इतने गांव हुए शामिल**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सदर तहसील के 10 महसी के सात और कैसरगंज तहसील के 74 गांव की जमीन उपग्रहीत की जाएगी। सबसे अधिक ग्राम पंचायत कैसरगंज तहसील के शामिल हैं।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग बाराबंकी बहराइच रूपईडीहा को फोर लाइन में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। पहले चरण में जरवल से बहराइच तक सड़क फोर लेन में परिवर्तित होगा। इसके लिए डीएम ने पत्र जारी करते हुए सर्किल रेट को पूर्व की तरह रखने के निर्देश दिए हैं।

**शामिल ग्राम पंचायतें एक नजर में**

बहराइच तहसील के ग्राम पंचायत भोगाजोत, सोहरवा, झांसा बनवारी, मोहम्मद नगर, आंधराचक, बिस्वारिया बसीरगंज, सोहरियावा, रायपुर और शेख दाहिर शामिल है। जबकि महसी तहसील के तमाचपुर, भोगजोत, सिसई हैदर, गजपतिपुर, हेमरिया, टेडवा बसंतपुर, शेख दाहिर और कैसरगंज तहसील के कीर्तनपुर, अलादादपुर, मरौचा, बतुरहा, माधवपुर, गाजीपुर, खालिदपुर, हैबतपुर इंदौर, अंगनापारा, बीबीपुर, शिवराजपुर, महमूदपुर, माहुरी कला, अजीजपुर, गजाधरपुर, टेड़वा उजार, तेडवा अल्पी मिश्रा, परसेंडी, लालपुर, जलालपुर, रुकनापुर खुर्द, कुंडासर, बखरौली कनपुरवा, देवलखा और विजयपुर समेत 74 गांव शामिल है।

केंद्र सरकार के सड़क मंत्रालय की ओर से बाराबंकी से रुपईडीहा तक राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बहराइच के जरवल से जिला मुख्यालय तक पहले चरण में मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए दो माह पहले ही टेंडर निकाला गया था। अब जमीन अधिग्रहण की तैयारी शुरू की गई है। इसके लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिग्रहण की जड़ में आने वाले तहसीलों के उप जिलाधिकारी को पत्र भेज कर सर्किल रेट पूर्वरत रखने और कोई परिवर्तन न करने के निर्देश दिए हैं। डीएम का कहना है कि एनएचएआई के निदेशक सौरभ चौरसिया के पत्र पर ऐसा निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि टेंडर के समय सरकार की ओर से निर्धारित खेत और अन्य जमीन की खरीद सर्कल रेट पर ही किया जायेगा। इसके लिए डीएम ने कैसरगंज, महसी और सदर तहसील के एसडीएम को पत्र जारी किया है। इन तीन तहसीलों की 91 ग्राम पंचायत से जमीन फोर लेन सड़क निर्माण के लिए सरकार की ओर से खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण का सड़क निर्माण पूरा होने के बाद दूसरे चरण के लिए अन्य तहसील के ग्राम पंचायतों की सूची जारी की जायेगी।

## 20 ग्राम स्मैक हुआ बरामद

**रूपईडीहा, बहराइच :** भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र बल और पुलिस के जवानों ने एक अभियुक्त को 20 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन ने बताया कि सोनू सोनी पुत्र अजय सोनी निवासी सरस्वती नगर रुपईडीहा को टीम के द्वारा भारत नेपाल सीमा पर 651/11 के निकट से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# जमीन बैनामा करने के दूसरे दिन हो गई ग्रामीण की मौत


शिकायती पत्र देने आए दंपती।

**बहराइच,अमृत विचार :** जनपद के कोल्हुआ गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपने पिता की हत्या करने और जालसाजी से जमीन बैनामा करवाने का आरोप सगे भाई समेत चार लोगों पर लगाया है। उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम करवाने और केस दर्ज करने की मांग की है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोल्हूआ गांव निवासी तेजराम और दुर्गेश कुमार सगे भाई हैं। दोनों ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को शिकायती पत्र दिया है। उनका कहना है कि गांव निवासी सगे भाई जमुना प्रसाद उर्फ ननकू प्रसाद ने आशुतोष वर्मा, शारदा वर्मा और इमलिया गांव निवासी अमित कुमार वर्मा के साथ मिलकर उसके बीमार पिता बलभद्दर प्रसाद को 30 जनवरी को जिला मुख्यालय ले गए। इसके बाद बीमार पिता से फर्जी तरीके से अंगूठा निशान लगवाकर 31 जनवरी को गाटा संख्या 755 की 0 .2590 हेक्टेयर जमीन अपने नाम करवा की। एक फरवरी को मार पीटकर पिता की हत्या कर दी। इसकी सूचना पयागपुर पुलिस को दी गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते भाई ने पिता के शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। ग्रामीणों और जांच के बाद मिली जानकारी पर भाई और अन्य के द्वारा पिता की पीट पीट कर हत्या करने और धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा करवाने का मामला सामने आया है। ऐसे में केस दर्ज कर जांच की जाए। शव का पोस्टमार्टम करवाने की मांग की है।

# जिले में आए दो खंड विकास अधिकारी

हुजूरपुर/तेजवापुर


अनुभा श्रीवास्तव।


अनुष्का श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** जिले के हुजूरपुर और तेजबापुर में बृहस्पतिवार को शासन की ओर से भेजे गए खंड विकास अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू कराना पहली प्राथमिकता होगी। यह बातें नवागान्तुक बीडीओ अनुभा श्रीवास्तव ने हुजूरपुर ब्लाक में कार्य भार ग्रहण के बाद एक सन्क्षिप्त मुलाकात के दौरान कही।

ब्लाक हुजूरपुर के बीडीओ सन्दीप कुमार कुमार सिंह का स्थानांतरण मुख्यालय ग्राम विकास लखनऊ के लिए हो गया था। इनके स्थान पर गुरुवार को इन्होंने कार्य भार ग्रहण किया है। बाद में सभी कर्मचारियों का परिचय कर सभी पटल से सम्बन्धित बिकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बिकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अजय सिंह,ए पीओ प्रमोद कुमार यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी बिनोदकुमार सिह, सौजन्य मिश्र, अभिषेक सिंह, शेरबहादुर सिंह, लक्ष्मन यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उधर तेजवापुर में खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने विकास कार्य को गति देने और भ्रष्टचार पर अंकुश की बात कही।

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्ववित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

प्रबंधकः– श्रीमती सरोज
बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय
शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875
मो. नं. 9919751551, 8004972161

# डीएम ने एसडीएम नानपारा को हटाया

- जमीनी विवाद में जांच के बाद हुई कार्रवाई

बहराइच

**अमृत विचार:** नानपारा के एसडीएम को जिलाधिकारी ने हटाते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया है। उनके स्थान पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नानपारा का एसडीएम बनाया है।

नानपारा तहसील अंतर्गत बंजरिया गांव में कुछ लोगों ने कई पट्टेधारकों की जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण करवा लिया। इसकी शिकायत पीढ़ी ग्रामीणों ने एसडीएम और कोतवाली की पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया। जिलाधिकारी ने बुधवार को जिले से एक टीम का गठन कर जांच के लिए टीम को भेजा। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शासकीय कार्य हित में जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम बहराइच अश्वनी पाण्डेय को उप जिलाधिकारी नानपारा का पद भार सौंपा है। जबकि उप जिलाधिकारी नानपारा के पद पर कार्यरत अजित परेश को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम बहराइच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र समेत 3 घायल

जैतापुर, बहराइच : जिले के दो थानों के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार रात मे हुई सड़क दुर्घटनाओं में पिता पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर पहुंच कर उनकी मदद से घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। बौंड़ी थाने के भौंरी के मजरे बहोरवा निवासी 60 वर्षीय दुलारे पुत्र गुप्तार अपने बेटे 35 वर्षीय बिन्द्रेश के साथ रिश्तेदारी से मंगलवार रात बाइक से अपने गांव आ रहे थे। इसी दौरान कोदई के मजरे मनिहारनपुरवा के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार उनकी बाइक में कट मारते हुए फरार हो गया। जिसके चलते अनियंत्रित बाइक पलटने से पिता पुत्र घायल हो गए। रामगाव थाने के मानिकपुर भगवानपुर निवासी 45 वर्षीय विश्वनाथ वर्मा पुत्र राम आधार मंगलवार देर रात कही से बाइक से अपने गांव आ रहे थे। बाइक जैसे ही मिठवा किशनपुर के पास पहुंची। तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते वह घायल हो गए।

# आज व कल 22 ग्रामो में लगेंगे चिकित्सा शिविर

मिहींपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** मिहींपुरवा तहसील श्रेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों तथा भारत नेपाल सीमा पर निवास कर रहे लोगों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को गांव में योग्य एवं प्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा शिविर लगाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जायेगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 और 10 फरवरी को आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दृष्टि से जिला नानपारा संयोजक बलहा आलोक जिंदल को बनाया गया है । स्वास्थ्य यात्रा संयोजक ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा शिविर की तैयारी पूरी कर ली गई है। क्षेत्र के लोगों को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक किया गया है। जिससे कैंप में पहुंचकर अधिक से अधिक लोग डाक्टरों से परामर्श लेकर चिकित्सीय लाभ प्राप्त कर सकें। बृहस्पतिवार की देर शाम डॉक्टरों की टीम मिहींपुरवा पहुंची। 9 और 10 फरवरी को 22 चयनित स्थलों पर शिविर लगाकर लोगों को चिकित्सीय लाभ दिलाया जाएगा । जिसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम शामिल रहेगी । मिहींपुरवा ब्लाक क्षेत्र में 9 फरवरी को आयोजित चिकित्सा शिविर आयोजन में बर्दिया, फकीरपुरी, आंबा, सलारपुर, भगडिया, परगहवा(औरहवा), जोगनिया, पड़रिया, करमोहना, सोहनी बलाईगाव, कठौतिया शामिल हैं । 10 फरवरी को रमपुरवा, सुजौली, चहलवा, मिहींपुरवा, गौरापिपरा, गोपिया, सोंगवा, कंजीबाग, अयोध्या गाँव, मटेही कला, हरखापुर गाव शामिल हैं । सभी गांव में चिकित्सा शिविर के लिए तैयारी पूरी तरह फाइनल हो गई। इस दौरान प्रमुख राज किशोर, प्रांत बौधिक डा. सुनील, प्रांत प्रचार प्रमुख अशोक दुबे, विभाग प्रचारक डा. अवधेश, सीमा जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री अमरनाथ, जिला संचालक बाबूलाल, सहसंचालक सुरेश, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य, खण्ड प्रचारक महेश्वर, प्रचारक अभिषेक राणा, खण्ड कार्वायह आशीष, स्वयंसेवक राजेश गुप्ता, मनीष सिंह, रोहित मिश्रा, विश्वास निगम आदि कार्यकर्ता व्यवस्था की दृष्टिगत गतिमान रहे ।

**जागरूकता रैली** | मतदाता जागरूकता के लिए शिक्षकों ने निकाली रैली

# चाहे नर हो या नारी, मतदान सबकी जिम्मेदारी

बाबागंज, बहराइच


जागरूकता रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक शामिल हुए।

मतदाता जागरूकता रैली के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि भारत एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक मजबूत सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका चाहिए। हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निर्धारित 18 आयु वर्ग या उससे अधिक उम्र के लोग मतदान कर सकते है। मतदान के माध्यम से हम सभी अपने उम्मीदवार को चुन सकते है। मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व बताया। रैली ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज मुख्यालय बाबागंज से नई बाजार बाबागंज आदि होते हुए पुनः मुख्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान शिक्षक, शिक्षा मित्र,अनुदेशक व अन्य कर्मचारियों ने हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। जिसमे पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसी स्लोगन लिखा था। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा सहित एआरपी विपिन सिंह,राकेश मौर्य, सुनील कुमार एवं विनोद गिरि, वैभव सिंह विशेन, विकास वर्मा, सजल मिश्रा, अजीत सिंह, राकेश सिंह, नन्द किशोर वर्मा, पवन कुमार, बबिता सिंह, चंद्रप्रभा सिंह, नेहा त्रिपाठी, करुणा वर्मा उपस्थिति रहे।

# निपुण लक्ष्य में कोताही पर होगी कार्रवाई


प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के तहत चल रहे चार दिवसीय बुनियादी भाषा एवं गणित विषय का शिक्षक प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी की देखरेख में हुआ। विशेश्वरगंज में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन के तहत सभी परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाए जाने हेतु प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है, उक्त प्रशिक्षण की निगरानी आनलाइन सीमेट प्रयागराज द्वारा की जा रही है। इसको सफल बनाने के लिए प्रशिक्षक के रूप में संतोष कुमार सिंह, रमेश कुमार पाठक व दिवाकर पांडे द्वारा प्रोजेक्टर एवं पीपीटी के माध्यम से परिषदीय विद्यालय के द्वितीय बैच में 50 शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ,इस प्रशिक्षण में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में राहुल पांडेय, मुरली मनोहर मिश्रा प्रमोद कुमार सिंह, दीप माला सिंह, शालिनी सहाय, खुशबू सिंह, दीपक पाठक, अंकित पांडे चंद्रकांत राय, राम छबीले, नीतू मिश्रा समेत अन्य शिक्षक/ शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा – बहराइच**

पत्रांक–591/3/न0पा0नान0/राज्य मिशन निदे0(एस0बी0एम0)/नि0कार्य/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक–05.02.2024

**ई–टेण्डिरिंग निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से नगर पालिका परिषद नानपारा के राज्य मिशन निदे0 (एस0बी0एम0) के अन्तर्गत स्वीकृत 03 कार्यो की निविदा ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक 22.02.2024 समय 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जा रही है। निविदा सूचना दिनांक–07.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक–22.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्म उपरोक्त निधि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक–22.02.2024 को समय 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक–22.02.2024 को सांय काल अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

(रंगबहादुर सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

(अब्दुल वहीद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा– बहराइच**

पत्रांक–591/2/न0पा0नान0/पं0दी0द0उपा0न0वि0यो0/नि0कार्य/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक–05.02.2024

**ई–टेण्डिरिंग निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से नगर पालिका परिषद नानपारा के पं0दी0द0 उपा0न0वि0यो0 के अन्तर्गत स्वीकृत 07 कार्यो की निविदा ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक–22.02.2024 समय 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जा रही है निविदा सूचना दिनांक–07.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक–22.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्म उपरोक्त निधि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक 22.02.2024 को समय 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक 22.02.2024 को सांय काल अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

(रंगबहादुर सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

(अब्दुल वहीद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा– बहराइच**

पत्रांक–591/1/न0पा0नान0/15वां वि0आ0(टाइड ग्रा0)/नि0कार्य/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक–05.02.2024

**ई–टेण्डिरिंग निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से नगर पालिका परिषद नानपारा के 15वां वि0आ0 (टाइड ग्रा0) के अन्तर्गत स्वीकृत 07 कार्यो की निविदा ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक–22.02.2024 समय 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जा रही है निविदा सूचना दिनांक–07.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक–22.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त फर्म उपरोक्त निधि से ही ई–टेण्डिरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। दिनांक 22.02.2024 को समय 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में हार्ड कापी जमा करना होगा जो कि उसी दिनांक 22.02.2024 को सांय काल अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा के समक्ष खोली जायेगी।

(रंगबहादुर सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

(अब्दुल वहीद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा–बहराइच

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता।
सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नही पाया जाता ।

## संपादकीय

# जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं के 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

# जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सांमती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-मंहगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती हैं?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

## प्रसंगवश

# धर्म की प्रकृति

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

# मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

## सोशल फोरम

# आस्था विश्वास और अस्तित्व

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

**- फेसबुक वॉल से**

# पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है ।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है । विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

# राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं, उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

## आपका पत्र

# कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

- **डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

## एक नजर

### करौंदीकाल थाना परिसर में बनेगी पुलिस बैरक

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना परिसर में पुलिस बैरक निर्माण के लिए परिसर में मौजूद विभिन्न श्रेणी के कुल 15 पेड़ों की नीलामी प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हुई। वन विभाग द्वारा उक्त 15 पेड़ों का मूल्यांकन कर 12 हजार रुपए की धनराशि तय की गई थी। जिसको नीलामी के दौरान बोली लगाने के लिए मौजूद ठेकेदारों ने अधिक बताया और किसी ठेकेदार ने बोली नहीं लगाई। जिस कारण नीलामी को निरस्त कर दिया गया। इस दौरान पुलिस लाइन आरआई राजेश कुमार, थानाध्यक्ष मो. अकरम खान, वन दरोगा हेमंत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में दी गई जानकारी

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के कटघर पूरे चौहान व बूढ़ापुर गांव में बड़ौदा यूपी बैंक के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जादूगर जितेंद्र रामपुरी के माध्यम से जादू दिखाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वही बड़ौदा यू.पी. बैंक शाखा करौंदीकला के शाखा प्रबंधक हरिशंकर ने लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी प्रदान किया।

### तीन दिनों मे मतदेय स्थलों का अफसर करें निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** गुरुवार को एडीएम प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन ने मतदेय स्थलों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है कि नहीं इसकी जानकारी ली। साथ ही सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिया कि तीन दिन के अन्दर मतदेय स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वहीं मतदेय स्थलों पर कोई कमी हो तो संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

### मौखिक परीक्षा 12 व 13 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमए भूगोल विषय के प्रथम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 12 व तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 13 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थी निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे अपने आवश्यक प्रपत्र, टूर रिपोर्ट, प्रवेश पत्र व परिचय पत्र के साथ विभाग कक्ष में सम्पर्क करें। परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर परीक्षा परिणाम बाधित होगा जिसकी जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

# 'कमल' को हराकर फिर भाजपा में शामिल हो गए अवनीश कुमार

## नगर पंचायत लंभुआ के चेयरमैन अवनीश सिंह अंगद आए कमल के साथ, इसके पहले ब्लाक प्रमुख भी निर्दल जीतकर थाम चुके हैं भाजपा का दामन

लक्ष्मण गांधी, लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** लगभग आठ माह पूर्व हुए निकाय चुनाव में भाजपा के बागी बन निर्दलीय चुनाव लड़ पार्टी प्रत्याशी को तीसरे नंबर पर धकेलकर चेयरमैन बने अवनीश कुमार सिंह अंगद ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थित में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। अवनीश के भाजपा की सदस्यता लेने पर जहां उनके समर्थक खुश है, वहीं पार्टी के कुछ पदाधिकारी भाजपा परिवार बड़ा होने पर भी खुश नजर नहीं आ रहे है।

लंभुआ में पहले भी ब्लाक प्रमुख का चुनाव भाजपा प्रत्याशी को हराकर निर्दल के रूप में जीत दर्ज करने वाले कुंवर सिंह पप्पू बाद में भाजपा में आ गए थे। उसी तर्ज पर अब भाजपा के बागी बन जीत हासिल कर चेयरमैन बने अंगद भी पार्टी का दामन फिर से थाम चुके हैं। एक तरफ जहां पार्टी के जिला पदाधिकारी चेयरमैन लम्भुआ अवनीश को पार्टी में शामिल न होने के लिए ताकत लगाए थे, वहीं अलग-अलग रास्तों से अवनीश पार्टी में जाने के लिए बेताब नजर



भाजपा प्रदेश कार्यालय पर अंगद सिंह ने ली बीजेपी की सदस्यता। अमृत विचार

आते रहे। उसी दरमियान भाजपा के तमाम जनप्रतिनिधियों से मिलने की तस्वीरे वायरल भी होती रही। माना जा रहा था कि इनको शामिल करके भाजपा अपनी भद्द नहीं पिटायेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा कोई भी बूथ लूज नहीं करना चाहती। इस कारण भाजपा का एक धड़ा अवनीश को शामिल करने की जिम्मेदारी लिया हुआ था। इस तरह कमल को ही हराकर भाजपा के हो गए अवनीश। कस्बे की मेला वाली बाग में 26 मई 2023 को हुए शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा ने दूरियां बनाई हुई थी। हालांकि, नगर निकाय के चुनाव पूर्व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते हुए भी अवनीश की फोटो सोशल मीडिया पर देखी गई थी। बाद में भाजपा के टिकट के लिए दावेदारों की अग्रिम लाइन में भी खड़े थे। टिकट न मिलने पर भाजपा के बागी होकर अध्यक्ष पद के लिए पर पर्चा दाखिल कर दिया। उधर भाजपा ने जिला महामंत्री विजय प्रताप त्रिपाठी को टिकट देकर जीताने के लिए एड़ी चोटी लगा दी थी। पहली बार हो रहे नगर निकाय के इस चुनाव में डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री, एमपी, एमएलए, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख व संगठन की लंबी चौड़ी फौज लगी रही। यहां तक की चुनाव के दिन नगर पंचायत के 15 वार्डों की 23 बूथों पर दल बल के साथ सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार डटे रहे। लेकिन नतीजा पार्टी के पक्ष में नहीं रहा। प्रत्याशी रहे विजय प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि भितरघातियों व कैडर वोट न मिलने से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

इसके पूर्व भी पंचायत चुनाव में ब्लॉक प्रमुख के पद पर भाजपा विधायक ने निर्दलीय प्रत्याशी की मदद कर प्रमुख बनाया था।

### निकाय चुनाव के प्रमुख पांच प्रत्याशियों के आंकड़े

| उम्मीदवार | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| अवनीश | निर्दलीय | 3,310 |
| अतेन्द्र | सपा | 2,127 |
| विजय प्रताप | भाजपा | 1,881 |
| कुसुम सिंह | निर्दलीय | 1,711 |
| रोहणी पटेल | बसपा | 1,329 |

# बच्ची से दुराचार के दोषी को 25 साल की जेल

## कोर्ट ने मात्र नौ माह आठ दिन में फैसला कर पीड़ित परिवार को दिया न्याय, 35 हजार का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल छह वर्षीय दलित मासूम के अपहरण व दुराचार करने के दोषी चन्द्रशेखर यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को 25 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 35 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी विवेक सिंह व पीड़िता के निजी वकील अजय सिंह के मुताबिक टॉफी खरीदने गई छह वर्षीय मासूम को बहला-फुसलाकर कर आरोपी ने 19 फरवरी 2023 को दुराचार किया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमें के दौरान पेश किए गये आठ गवाहो के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला मात्र नौ माह आठ दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया। कोर्ट ने पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरवी करने का निर्देश भी दिया है।

### दुराचार के आरोपी को राहत

बीते साल शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी हसीब की जमानत जिला जज जेपी पांडेय ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया चांदा के एक गांव में नौ नवंबर 2023 को आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुराचार, मारपीट व हत्या की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जेल में बंद आरोपी की जमानत पर हुई सुनवाई में पीड़िता के विरोधाभासी बयान व मेडिकल के आधार पर कोर्ट ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।



दीवानी न्यायालय का मुख्य गेट।

### कूरेभार एसओ समेत आठ पर कोर्ट में मुकदमें की अर्जी

**सुलतानपुर।** गलत प्रपत्रों के सहारे रोजगार सेवक की नौकरी करने के मामले में जानकारी करने गए अब्दुल जब्बार को प्रताड़ित करने के आरोप में कूरेभार थानाध्यक्ष समेत आठ पर कोर्ट में मुकदमें की याचिका दाखिल की है। एसीजेएम साइमा सिद्दीकी जर्रार आलम ने याचिका दर्ज कर 16 फरवरी को बयान दर्ज करने की तारीख नियत की है। इससे पूर्व मामले की शिकायत एसपी से की गई थी लेकिन न्याय नहीं मिल सका। कूरेभार थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी अब्दुल जब्बार ने थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र, एसआई श्रीराम मिश्र, सिपाही अजीम, गांव के रोजगार सेवक रमाकांत पाल व चार अन्य लोगों पर परिवाद दायर किया है। रोजगार सेवक पर गलत प्रपत्रों के सहारे नौकरी करने के आरोप में पूर्व में शिकायत की गई थी जिसके संबंध में जांच जारी है।

### पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट खारिज, विवेचना का आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर।** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र कमरौली के समसी बरसण्डा में चार साल पूर्व निजामुद्दीन की हत्या व साक्ष्य छुपाने के केस में पुलिस की आरोपियों को दी गई क्लीन चिट रिपोर्ट को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बटेश्वर कुमार ने खारिज कर अग्रिम विवेचना का आदेश पुलिस को दिया है। कमरौली के समसी निवासी वादी कुतुबुद्दीन ने इश्तियाक, एकलाख समेत चार आरोपियों पर 24 मार्च 2019 को नाली के विवाद के चलते अपने भाई निजामुद्दीन की हत्या कर गेंहू के खेत में शव छिपाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज होने के बाद दौरान विवेचना पुलिस ने आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट अदालत में पेश की। पुलिस की रिपोर्ट को अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने कोर्ट में चुनौती दी। सीजेएम ने पुलिस रिपोर्ट को खारिज कर थानाध्यक्ष कमरौली को केस में अग्रिम विवेचना कर आख्या तीन माह के भीतर अदालत भेजने का आदेश दिया है। क्लीन चिट खारिज होने से आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है।

### पूर्व सपा विधायक समेत 12 आरोपियों की बढ़ीं मुश्किलें



दीवानी पेशी पर पहुंचे पूर्व विधायक संतोष पांडेय। अमृत विचार

▸▸ न्यायालय ने सभी आरोपियों पर तय किए आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर।** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने गुरुवार को आरोप तय किए। सभी पर आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। जमानत कराने के बाद नहीं आने के कारण कोर्ट ने हाजिरी के लिए आरोपियों को अंतिम मौका दिया था। गुरुवार को पूर्व विधायक संतोष पांडेय, उनके समर्थक परमात्मा यादव, समेत दर्जनभर अन्य आरोपियों पर कोर्ट ने आरोप तय किया जिन्होंने आरोपों से इनकार किया और मुकदमे के विचारण की मांग की। कोर्ट ने अगली सुनवाई साक्ष्य के लिए नियत की है।

## सार-संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत, कोहराम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** टेंट हाउस की भीगी रजाई सुखाने के लिए फैलाते समय किशोर करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी झुलसकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई। गुरुवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के मिठनेपुर गांव निवासी सचिन (16) पुत्र राम सूरत निषाद जाबाज टेंट हाउस की गीली रजाई सुखाने गया था। भीगी रजाई लेकर किशोर गांव में बने खेल मैदान की बाउंड्रीवाल पर फैला रहा था तभी ऊपर से गए विद्युत तार की चपेट में आ गया। हल्ला गुहार पर जब तक ग्रामीण पहुंचे तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### ससुराल आए युवक की पिटाई, तीन पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** ससुराल आए एक युवक को गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। जौनपुर जनपद के सरपतहा थाने के उसरौली गांव के विकास पांडे अपनी ससुराल कुम्ही डड़िया गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरोप है कि 7 फरवरी को वे लघु शंका करने गए थे। तभी गांव के तीन लोगों ने लाठी डंडे से मारा पीटा। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने देर रात कुम्ही डडिया गांव के रामनरेश पांडेय, धीरेंद्र विक्रम सिंह, विजय विक्रम सिंह के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

### अराजकतत्वों ने जला दिया पेड़, प्रधान ने दर्ज कराया केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** मनरेगा से लगाए गए वृक्षों को अराजकतत्वों ने आग लगाकर जला दिए। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। अखंड नगर थाने के अलीपुर ग्राम पंचायत में स्थित तालाब के दक्षिणी भीटे पर मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान ने वृक्षारोपण कराया था। आरोप है कि 31 जनवरी को कुछ अराजकतत्वों ने आग लगाकर वृक्षों को जला दिया। लैट्रिन का ढक्कन एवं टोटी तोड़ डालें। प्रधान साधना तिवारी की तहरीर पर अखंड नगर पुलिस ने 7 फरवरी को अज्ञात लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया है।

### एसपी के आश्वासन पर तीसरे दिन हुआ अंतिम संस्कार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** मंगलवार की दोपहर छत पर लटकी पेड़ की डालियों को काट रहे बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था तो पिता को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित छोटे भाई व उसके पुत्र को जेल भेज दिया, लेकिन परिजन हत्या की धारा में केस दर्ज करने पर अड़े रहे और अंतिम संस्कार से मना कर दिया। मौत के तीसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद एसपी के आश्वासन पर परिजन मानें और अंतिम संस्कार किया। बुधवार की शाम जब पोस्टमार्टम के बाद राम मिलन का शव घर पहुंचा तो परिजन पुलिस द्वारा लगाए गए धारा 304 व 504 का विरोध करते हुए अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया गया था। परिजनों की मांग थी कि 304 की जगह 302 की धारा आरोपियों पर लगाई जाये। जानकारी मिलते ही एसडीएम जयसिंहपुर अरबिंद कुमार, कोतवाल प्रेम चंद सिंह गांव पहुंच परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार को वार्ड नंबर 17 के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा. सूरज ने एसपी सोमेन बर्मा से परिजनों की बात कराई। एसपी ने धारा बढ़ाने का आश्वासन दिया, जिस पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए। परिजनों ने कोतवाल प्रेम चंद सिंह को धारा बढ़ाने के लिए अलग से प्रार्थना पत्र देकर शव के अंतिम संस्कार करने के लिए दियरा घाट चले गए। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार के लिए तैयार होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

### विज्ञान प्रदर्शनी में अंधविश्वास से दूर रहने की दी सीख

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के गोपालपुर स्थित गोसाईं बाबा बालिका इंटर कालेज में गुरुवार को विज्ञान सह प्रदर्शनी व जागरूक ज्ञान विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को अंधविश्वास को दूर करने के वैज्ञानिक प्रयोग दिखाए गये। तथा उनके बनाए मॉडल को सराहा गया है। भारत सरकार राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वावधान में भदैंया के गोपालपुर स्थित गोसाई बाबा बालिका इंटर कालेज में एक दिवसीय विज्ञान एवं मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। परमार सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वावधान मे आयोजित एक दिवसीय विज्ञान मेले में गोसाई बाबा बालिका इंटर कालेज के छात्र छात्राओं को अंधविश्वास व तंत्र मंत्र से परदा हटाने को वैज्ञानिक प्रयोग दिखाए। एक दिवसीय विज्ञान मेले की प्रदर्शनी में रोचक भरी प्रतियोगिता का प्रदर्शन हुआ जिसमे बच्चों द्वारा बनो गये चंद्रयान, सोलर पंप, बल्ब जलाने के उपकरण, मानव शरीर संरचना, मानव अंगों की कार्यप्रणाली तथा पौधों की प्रकाश संस्लेषण क्रिया का माडल बनाकर प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में बच्चों को आधुनिक ज्ञान और विज्ञान की विस्तृत जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामचंद्र शुक्ल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के द्वारा किया। मौके पर विज्ञान अध्यापक राकेश मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर पलटा कंटेनर, 6 गोवंशों की मौत

- जिले की सांसद ने घटना का लिया संज्ञान, दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** चालक की झपकी से पलटे कंटेनर ने गो तस्करी की पोल खोल दी। कंटेनर पलटने पर चालक मौके से भाग निकला। वहीं, सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जीवित गोवंशों को गौशाला भेजा, जबकि मृत गोवंशों को दफन कराया। सांसद मेनका गांधी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

पशु प्रेमी जिले की सांसद मेनका संजय गांधी जिले में दौरे पर हैं। इसी बीच बुधवार की सुबह करीब सात बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के धनपतगंज थाना क्षेत्र के 114 किमी. पर चालक को झपकी आने से कंटेनर पलट गया। पलटा हुआ कंटेनर लखनऊ की तरफ से बिहार की तरफ जा रहा था। कंटेनर पलटते ही चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारियों ने जब पलटे कंटेनर में गोवंशों को देखा तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। वहीं, जब इसकी जानकारी सांसद को हुई तो थानाध्यक्ष धनपतगंज को तत्काल मुकदमा दर्ज कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश दिया। अगर चालक को झपकी नहीं आई होती तो गो तस्करी का खुलासा नहीं हो पाता। धनपतगंज कोतवाल पंडित त्रिपाठी ने बताया जिंदा बचे 12 गोवंश गौशाला भेजे गए हैं। छह गोवंशों की मौत हो चुकी थी, साथ ही तस्करी कर बिहार भेजे जा रहे गोवंशों के मामले में मुकदमा दर्ज़ किया गया है।



पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पलटा गोवंशों से लदा कंटेनर।

### गौसेवा संघ ने की जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय गौसेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि धनपतगंज थाना क्षेत्र में टीकर गांव के निकट गांव तस्करों का खेल जो चल रहा है कहीं न कहीं पुलिस की संलिप्तता जाहिर होती है। जिंदा बचे 12 गोवंश को सुरक्षित गौशाला भेजने के साथ गो वंश के तस्कर व गाड़ी के ड्राइवर पर सख्त कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना से बात किया गया। आश्वासन मिला है कि जल्द ही गो वंश के तस्कर में लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर जरूरी कार्यवाही कराई जाएगी।

# अलग-अलग स्थानों से दो किशोरियां लापता, केस दर्ज

▸▸ तहरीर मिलने पर पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो किशोरी घर से गायब हो गई। किशोरियों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को पड़ोस के रहने वाले एक युवक बहलाकर भगा ले गया। आरोप है कि गांव के दो अन्य लोग भी उसकी पुत्री के भगाने में हाथ है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया महिला की तहरीर पर तीनों के खिलाफ़ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

दूसरी घटना कोतवाली देहात एक गांव की है। गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी जो कि इंटर की छात्रा है। पड़ोसी जिले के एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है। अनहोनी की आशंका है कृपया विधिक कार्यवाही की जाय। कोतवाली देहात थानाध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

**कार्यक्रम** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद मेनका संजय गांधी ने जासापारा गांव में लगाई ब्लॉक स्तरीय चौपाल

# चार सामुदायिक भवन व 18 सड़कों का शिलान्यास-लोकार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने संसदीय क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को सांसद योजना के दो करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जयसिंहपुर विकासखंड के ग्राम जासापारा में ब्लॉक स्तरीय जन चौपाल लगाकर 144 फरियादियों की समस्याओं को निस्तारित किया। उन्होंने बिजली, जल निगम, नलकूप, जमीनी विवाद, कृषि, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों की मिली शिकायतों को वहां मौजूद विभागीय अधिकारियों से तत्काल निस्तारित करने को निर्देशित किया। चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें जल जीवन मिशन योजना की मिलने पर जल निगम के अधिशासी अभियंता से फोन पर वार्ता कर कार्यदायी एजेंसी गायत्री मिलेनियम के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

सांसद श्रीमती गांधी ने पीपी कमैचा विकास खंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल की मौजूदगी में 2 करोड़ रुपए की सांसद निधि योजनान्तर्गत लंभुआ विधानसभा में बनने वाले 4 सामुदायिक भवनों व 18 सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। श्रीमती गांधी ने पीएम एवं सीएम आवास योजना अंतर्गत 21 परिवारों को घरौनी व चाबी तथा पांच दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित किया। यहां पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती गांधी ने कहा हमने अपने क्षेत्र में 70 से 80 हजार लोगों के जमीनी व अन्य विवादों का समाधान किया है। मैं हर 15 दिन में आती हूं, तीन दिन रहती हूं। इस दौरान विकास खंडों में चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान कराती हूं। मैं कभी किसी का नाम, जाति और कौम पूछे सबका काम व मदद करती हूं। इसके बाद सांसद श्रीमती गांधी ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला के माता जी के निधन पर उनके गांव बनभोकार पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पहले सांसद श्रीमती गांधी ने हयात नगर में नरेंद्र शर्मा के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा व लंभुआ में भाजपा नेता जयशंकर त्रिपाठी, धम्मौर में सुधांशु सिंह के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुई।सांसद श्रीमती गांधी भाजपा नेता कृपाशंकर मिश्रा के पुत्र के विवाह पर तिवारीपुर गांव पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया।भाजपा नेता पारसनाथ सिंह के नाती के तिलक कार्यक्रम में शामिल हुई। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि श्रीमती गांधी ने अपर पुलिस अधीक्षक से शाहगंज पुलिस चौकी व गभड़िया पुलिस चौकी क्षेत्र को आतिक्रमण मुक्त करने के लिए दोनों पुलिस चौकी इंचार्ज को जिम्मेदारी देने को कहा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर शुक्ला रिंकू, चन्दर प्रताप सिंह, जगदीश चौरसिया, पीडी केके पांडेय, मनोज गोस्वामी आदि मौजूद रहे। सांसद शुक्रवार को बल्दीराय विकास खंड के हेमनापुर गांव में चौपाल लगाकर जन शिकायतों का निस्तारण करेंगी।



सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका संजय गांधी। अमृत विचार

# सफाईकर्मी को पीटा, फिर चढ़ा दी बोलेरो

▸▸ परिजन ले गए मेडिकल कॉलेज, ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** घर से ड्यूटी के लिए निकल रहे सफाई कर्मी को विपक्षियों ने मारने के लिए दौड़ा लिया। कर्मी घर में घुस कर जान बचाते हुए डायल 112 को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सफाई कर्मी को थाने चलने की बात कही। पत्नी के साथ बाइक से थाने जा रहे कर्मी को विपक्षियों ने रास्ते में रोककर पीटने लगे। साथ ही उस पर बोलोरो भी चढ़ा दिए। पुलिस को आता देख विपक्षी बोलोरो से ही भाग निकले। ग्रामीण घायल कर्मी को एंबुलेस से सीएचसी ले गए, मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र आशापुर निवासी रेखा पत्नी रवींद्र कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। रेखा ने बताया कि उसके पति जयसिंहपुर बिकास खंड के परसौंहा में बतौर सफाई कर्मी है। गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे घर से ड्यूटी के लिए घर से निकले तभी विपक्षी स्वामी नाथ, अजय कुमार, सभाराज, दशरथ, सूरज, जगतराम, राम दयाल गली देते हुए मारने दौड़े। पति रविन्द्र भागते हुए घर में घुस दरवाजा बंद कर लिया। घर के अंदर से ही डायल 112 को सूचित किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने थाने चलकर रिपोर्ट लिखवाने की बात कही तो पति की बाइक पर बैठ कोतवाली जा रही थी। उनका आरोप है कि जैसे ही हम लोग बगिया चौराहा पीढ़ी संपर्क मार्ग पर नंदी धाम पहुंचे थे तभी विपक्षियों ने बोलेरो खड़ी कर बाइक रोक लिया। उक्त लोगों ने लाठी डंडे से उसके पति को पीटने लगे। पुलिस व राहगीरों को आता देख उक्त लोग बोलेरो में बैठ जान से मारने की नियत से वाहन उसके पति रवींद्र के उपर चढ़ा दी। मारने व गाड़ी चढ़ाने से रवीन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल रवींद्र को चिकित्सकों ने प्रथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

एसओ प्रेमचंद्र ने बताया कि मामले में हल्का दारोगा को मौके पर भेजा गया है। जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।



घायल युवक को किया गया रेफर।

# गोरखपुर में जल्द शुरू होगा कम्प्रेस्ड बॉयो फ्यूल का उत्पादन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** जल्द ही गोरखपुर देश के बायो फ्यूल उत्पादन करने वाले जिलों की रैंकिंग में शामिल हो जाएगा। इसके लिए धुरियापार के बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स में कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के कमर्शियल उत्पादन की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। अक्टूबर 2023 से ही यहां स्थापित प्लांट का ट्रायल जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन होगा। गुरुवार को कमिश्नर अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने इंडियन ऑयल की तरफ से लगाए गए प्लांट का निरीक्षण कर ट्रायल का अवलोकन किया और इसे पूर्णरूप से संचालन योग्य बनाने के आयामों पर चर्चा की।



बायो फ्यूल उत्पादन प्लांट का निरीक्षण करते कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीएम कृष्णा करुणेश और सीडीओ संजय मीना।

धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल के 50 एकड़ परिसर में बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने की जिम्मेदारी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 18 सितंबर 2019 को किया था। इस कॉम्प्लेक्स में पहले चरण में सीबीजी और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। पहले चरण में सीबीजी प्लांट तैयार हो गया है जबकि दूसरे चरण में 900 करोड़ रुपये से टूजी (सेकेंड जेनरेशन) एथेनॉल प्लांट का निर्माण होगा। 169 करोड़ रुपये की लागत वाली सीबीजी प्लांट में प्रतिदिन 230 टन कचरे से 28 टन बॉयो गैस बनाई जाएगी। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद अक्टूबर 2023 से ही ट्रायल चल रहा है। इसमें पराली (पुआल, गेहूं के डंठल, मक्के की डाठ, गन्ने की पत्ती) और गोबर का इस्तेमाल किया जाएगा।प्लांट में कमर्शियल उत्पादन शुरू होने के साथ ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

### प्रतिदिन 150 कुंतल बायो खाद भी तैयार होगी

सीबीजी प्लांट का ट्रायल देखने पहुंचे कमिश्नर व डीएम को इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने बताया कि कम्प्रेस्ड बायो गैस के उत्पादन के साथ ही यहां प्रतिदिन 150 कुंतल बायो खाद भी तैयार होगी। इस खाद को किसान प्लांट से सीधे खरीद सकेंगे। बायो खाद से मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ फसलों की पैदावार भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन पराली व गोबर की आवश्यकता को देखते हुए अभी से इंतजाम किया जा रहा है ताकि प्लांट का संचालन निर्बाध हो सके। बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स से किसानों को सर्वाधिक फायदा होगा। इसमें कच्चे माल के रूप में अब तक खेतों में जला दी जाने वाली पराली, अन्य अपशिष्ट और गोबर का प्रयोग होगा। प्लांट की ओर से इन चीजों की खरीद की जाएगी, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इसके साथ ही उत्पादन से वितरण तक विभिन्न प्रकार के रोजगार भी सृजित होंगे।

## पुलिस ने गश्त कर लोगों से किया संवाद

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग कर आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में आगामी त्योहार एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं बार्डर के आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म का आरोप पुलिस को दी तहरीर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जोगिया कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। लेकिन अब पीड़िता की सास का आरोप है कि उसकी बहू के साथ दुष्कर्म भी हुआ है। कलक्ट्रेट में परिवार के साथ पहुंची महिला ने धरना दिया। इसके बाद जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 3 फरवरी को बहू को आरोपी ने एक स्थान पर लेकर जाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में शिकायती किया गया तो पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया था। पीड़िता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामला मारपीट का था, केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है।

### 71वें माघ मेला एवं प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर।** 71वें माघ मेला एवं प्रदर्शनी 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा उप जिलाधिकारी बांसी कुणाल, बांसी नगर पालिका अध्यक्ष, चमन आरा राइनी, इंद्रिश पटवारी की उपस्थिति में फीता काट कर किया गया।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान को लेकर की गई बैठक

**गोरखपुर, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत त्रिनेत्र संचालक मंडल के साथ गोष्ठी की। जिसमें कहा गया कि शहर के प्रमुख स्थानों एवं एंट्री के रास्तों पर एएनपीआर कैमरा लगवाये जाएंगे। त्रिनेत्र में लगे सभी कैमरों का डिजिटल फीड एक सेंट्रलाइज्ड लोकेशन रिजर्व पुलिस लाइन गोरखपुर में लगाया जाएगा। जिससे किसी भी व्यक्ति या गाड़ी का मूवमेंट पूरे शहर में एक ही जगह बैठ के देखा जा सकेगा। त्रिनेत्र सेफ्टी फण्ड के नाम से एक अकाउण्ट खुलवाया गया है। इसमें जीडीए, नगर निगम द्वारा एवं गोरखपुर के प्रमुख उद्यमियों संगठनों के सहयोग से चलाया जायेगा। त्रिनेत्र सेफ्टी फण्ड का उपयोग आने वाले समय के अनुसार नये कैमरा लगवाने, पूर्व में लगाये गये सभी कैमरा का भी वार्षिक रखरखाव भी किया जाएगा।

# मौनी अमावस्या आज घाटों पर उमड़ेंगे श्रद्धालु

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** माघ मास की अमावस्या या मौनी अमावस्या का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। क्षेत्र की कूड़ा, बूढ़ी राप्ती, बड़ी राप्ती नदियों के विभिन्न घाटों पर मौनी अमावस्या पर भारी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं और यथा शक्ति दान पुण्य भी करते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। घाटों पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

मान्यता है कि इस पर्व पर नदियों में स्नान और दान से जीवन सुखमय होता है। इस पर्व पर क्षेत्र के नौखनिया घाट पर मेला भी लगता है। ज्योतिषाचार्य पं. सूर्य प्रकाश मणि त्रिपाठी के अनुसार, माघ माह में मौनी अमावस्या पर मौन व्रत रखना चाहिए। इस व्रत के समय कुछ भी नहीं बोला जाता है। इस लिए इसे मौनी अमावस्या कहते हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि का शुभ संयोग भी बन रहा है।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

इस मौनी अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि का शुभ संयोग बन रहा है। यह शुभ संयोग 9 फरवरी को सुबह 7 बजकर 5 मिनट से देर रात 11 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। शुभ संयोग के समय व्यक्ति के द्वारा किए कार्य में सफलता प्राप्त होती है। इस संयोग में पूजा पाठ करने से व्यक्ति को पूर्ण लाभ होता है।

### मौनी अमावस्या मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, माघ माह में मौनी अमावस्या दिन शुक्रवार को है। मौनी अमावस्या की शुरुआत 9 फरवरी को सुबह 8 बजकर 2 मिनिट से होगी। अमावस्या 10 फरवरी की सुबह 4 बजकर 28 मिनट तक रहेगी।

## विधायक ने की बढ़नीचाफा से रोडवेज बस संचालन की मांग

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विधायक सैयदा खातून ने बुधवार को परिवहन मंत्री से मिलकर नगर पंचायत बढ़नीचाफा से रोडवेज बस संचालन की मांग की है। उन्होंने यह पहल लगातार जनता की मांग को देखते हुए किया। डुमरियागंज तहसील के अंतिम छोर पर बसे बढ़नीचाफा से जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर के लिए चलने वाली परिवहन निगम की बस सेवा एक साल से अधिक समय से बंद है। जिस पर जिला मुख्यालय जाने के लिए यहां के लोगों की समस्या से संबंधित लगातार या मामला आ रहा था। क्षेत्रवासियों को आवागमन मे हो रही दिक्कतों को संज्ञान में लेकर सपा विधायक सैयदा खातून ने लखनऊ में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की। साथ ही उन्हें पत्र देकर क्षेत्रीयजनों को हो रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए बस सेवा का संचालन फिर से शुरू किए जाने की मांग की है। परिवहन मंत्री ने उन्हें अगले महीने से बंद पड़ी बस सेवा का संचालन शुरू करवाने का आश्वासन दिया है। विधायक ने परिवहन मंत्री का आभार जताया है।



# दो दर्जन विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का रोका गया वेतन

## बच्चों का आधार कार्ड नॉट के लिए एवुलेबल पेडेंसी के मामले में कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बच्चों का आधार कार्ड नॉट के लिए एवुलेबल पेडेंसी एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण न होने के कारण बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र के लगभग दो दर्जन विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। जबकि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए बच्चों का आधार कार्ड जरूरी है। जिन बच्चों का आधार कार्ड बना था, उनका हो गया है। जिनका नहीं बना उनका नहीं हो पाया है और अभिभावक आधार कार्ड बनवाने में विशेष रुचि नहीं ले रहे हैं।

परिषदीय विद्यालयों में सभी बच्चों का पूरा बायोडाटा आधार कार्ड सहित आनलाइन फीड होना है। अधिकांश बच्चों के अभिभावकों ने आधार कार्ड बनवाकर दे दिया। जिनका नहीं बना उनका बनवाने के लिए शिक्षक दौड़-दौड़कर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। कई बच्चों जिनका पूरा डाक्यूमेंट था, उनका शिक्षक खुद ले जाकर बनवा भी रहे हैं। लेकिन आधार कार्ड बनवाने के लिए निवास प्रमाण पत्र सहित कई अभिलेखों की जरूरत पड़ती है। शिक्षक उसको कहा से पाए इसके साथ-साथ फीस भी लगता है।

कई शिक्षकों ने बताया कि हम लोग जिनके पूरे कागज है। उनका आधार कार्ड ले जाकर खुद पैसा देकर बनवा दे रहे हैं। लेकिन जिनके पास निवास आदि नहीं है, उनका कैसे बनवाया जाए। विभाग है कि हम लोगों का वेतन अवरुद्ध करने का आदेश जारी किया है। क्षेत्र के कन्या मधुबेनिया, देवियापुर, कंपोजिट विद्यालय नंदनगर, प्राथमिक विद्यालय पिछौरा, बनकटवा, अगयाकला, भगवानपुर, नरकुल, बढया, चकईजोत, महादेवा कुर्मी सहित अनेकों विद्यालय के शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध किए जाने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

इस संबंध में शिक्षक संघ के बर्डपुर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र का कहना है कि शिक्षक पूरी तन्मयता के साथ शिक्षण कार्य कर रहे हैं। जिन बच्चों का आधार कार्ड था उसका हो गया जिनका नहीं है। उनमें भी अनेकों लोगों का हम शिक्षकों ने प्रयास करके अनेकों बच्चों का पैसा भी देकर शिक्षकों ने आधार कार्ड बनवाया। लेकिन कुछ अभिभावक रुचि नहीं ले रहे है। आधार कार्ड बनवाने के लिए निवास सहित कई कागजात लगते हैं, ऐसे में शिक्षक बिना अभिभावक के सहयोग के कहां से ला सकते हैं।

# साथी से मारपीट में अधिवक्ता को बार से किया निष्कासित

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन ने न्यायालय परिसर में मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोपी अधिवक्ता की तीन वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। इस बीच उन्हें बार एसोसिएशन से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित करने का भी निर्णय लिया गया है। वकालतनामा लगाने के मामले में हुई मारपीट में अधिवक्ता गोपाल त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था, जिनकी स्थिति में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने अधिवक्ता गोपाल त्रिपाठी की तहरीर पर अधिवक्ता श्रवण कुमार पांडेय पर जान लेने की मंशा से हत्या के प्रयास व प्राणघातक चोटें कारित करने का केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने अधिवक्ता श्रवण पांडेय की तहरीर पर घायल अधिवक्ता गोपाल त्रिपाठी और उनके भाई पर भी हत्या के प्रयास का दर्ज कर दिया था। सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कार्य से विरत रहकर आम सभा की बैठक किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने श्रवण पांडेय को बार से निष्कासित करते हुए उनको बार से मिलने वाली सुविधाओं यथा चैंबर, बिजली, मताधिकार, अनुभव प्रमाण पत्र व अन्य सुविधाओं से वंचित करने का प्रस्ताव पारित किया। कार्यकारिणी ने आमसभा की बैठक के बाद कारण बताओ नोटिस उनको दिया था जिसपर उन्होंने अवसर की मांग किया।





कार्यकारिणी की बैठक में उनके अवसर प्रार्थना पत्र को औचित्यविहीन पाकर निरस्त करते हुए निष्कासन की कार्रवाई की। महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय ने बुधवार को अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा की अध्यक्षता में हुई कार्यकारणी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमसभा द्वारा मंगलवार को पारित सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के अनुक्रम में अधिवक्ता श्रवण कुमार पांडेय को तीन वर्ष के लिए बार से निष्कासित करके बार एसोसिएशन के समस्त सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। इसकी सूचना समुचित स्थानों पर चस्पा की जा चुकी है तथा प्रतिलिपि जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक को व बार कौंसिल उत्तर प्रदेश को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

### पेयजल स्वच्छता को लेकर किया गया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम में मेसर्स फाल्कन लखनऊ ने ग्राम पंचायत पिकौरा विकासखंड बढ़नी में एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता पर आधारित फिल्म दिखाकर लोगों को जागरूक किया। पाइप पेयजल परियोजना के माध्यम से जो पानी की टंकी ग्राम पंचायत में बनाई जा रही हैं। उसके संबंध में जनजागरूकता फैलाई गई कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत के अन्य जनमानस के बीच कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## सार-संक्षेप



आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**उसका बाजार , सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** क्षेत्र के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसा खुर्द में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सीएचसी उसका बाजार की मेडिकल टीम ने इस मौके पर स्वच्छता के लिए भी जागरूक किया। बच्चों में स्वच्छता के महत्व को समझाया। साथ ही साथ उससे होने वाले लाभ भी बताए। मेडिकल टीम में डॉक्टर सुनील चौधरी, डॉक्टर प्रीति शुक्ला, फार्मासिस्ट महरूफ, बबिता सिंह, आंगनवाड़ी मंजू आदि लोग मौजूद रहे।

### नगर निगम की टीम ने वसूला 4 लाख का संपत्ति कर

**गोरखपुर, अमृत विचार।** नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर गुरुवार को कुल 4,15,102 रुपए संपत्ति कर वसूल किया। जोन-01 में जोनल अधिकारी अनुष्का सिंह व कर अधीक्षक बृजेन्द्र लाल, जोन- 02 में जोनल अधिकारी नर्वदेश्वर पाण्डेय, जोन-03 में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय, जोनल अधिकारी सुरेन्द्र सिंह व कर अधीक्षक ओम प्रकाश यादव ने अलग-अलग अभियान चलाया। यह अभियान में की गयी वसूली एवं अन्य कार्यवाही किया गया। अभियान के दौरान जोन-03 में नगर निगम प्रवर्तन दस्ता तथा थाना तिवारीपुर का पुलिस बल मौजूद रहा। नगर आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि वसूली में रूचि न लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम के समस्त बकायेदारों को भी यह निर्देश दिये गये हैं कि अपना बकाया सम्पत्ति कर नगर निगम दुकान एवं आवासों का किराया एवं लाईसेन्स शुल्क का भुगतान तत्काल सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनकी सम्पत्ति को सील करने व कुर्की करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।



जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

### भारत को खुले में शौच से मुक्त कराना है

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत जनपद के विकासखंड उसका बाजार में एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की तरफ से ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी आशीष मणि त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार पांडेय, न्यू जेनेसिस टीम से जिला समन्वयक तौकीर आजम, सहायक गोविंद सिंह, शिखा वर्मा, तरुण त्रिपाठी, अनिल निषाद, चंद्र शेखर आदि उपस्थित रहे। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से खुले में शौच मुक्त भारत बनाने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बताया गया कि हमे खुले में शौच नहीं करना चाहिए। खुले मे शौच करने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है। जिससे हमें अनेक बीमारियां परेशान करने लगती हैं। हाथ धुलने का सही तरीका बताया गया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आम जनमानस के बीच में प्रस्तुत करने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आएगा। इसके बाद खण्ड विकास अधिकारी ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

### लावारिस किशोरी व बालक को किया बरामद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल छपरा द्वारा छपरा स्टेशन यार्ड से रेल सम्पत्ति की चोरी करने वाले चोर को पेंडाल क्लिप, सिग्नल केबल एवं उसके निशानदेही पर शिव गली भगवान बाजार, छपरा कबाड़ की दुकान से कॉपर वायर, पेंडाल क्लिप, लोहे की बोल्ट जैसी रेल सम्पत्तियों के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-12565 में 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, लखनऊ को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में गाड़ी संख्या-15077 में टिकट निरीक्षक को 08 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। जिसे रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ के उपरान्त लड़के को एशियन सहयोग संस्था, गीता वाटिका, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-15280 में यात्रा कर रही महिला को प्रसव होने की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा रेलवे चिकित्सक को सूचित कर महिला यात्री का प्राथमिक उपचार कराया। रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी संख्या-15003 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। 7 फरवरी को यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। इसी तरह गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-22538 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया।

# चालू वित्त वर्ष में 125 करोड़ का रिकार्ड उत्पादन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। सिग्नल कारखाना, गोरखपुर छावनी वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 में रू 125 करोड़ का रिकार्ड उत्पादन करने की ओर अग्रसर है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में रू 110.50 करोड़ की तुलना में 13.12 प्रतिशत अधिक है। इसी क्रम में, उत्पादन में वृद्धि के लिये बजट 2024-25 में सिगनल कारखाना को रू 04 करोड़ का आवंटन किया गया है।



रेल संचलन हेतु ट्रैक फीड बैटरी चार्जर एवं इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर गेट का नियमित उत्पादन किया जा रहा है इसके अतिरिक्त दो नये उत्पाद क्यू.एल.-1 एवं क्यू.बी.सी.ए.-1 रिलों को सम्मिलित करने हेतु अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ द्वारा टाइप अप्रूवल की प्रक्रिया में है। सिगनल कारखाना द्वारा चालू वित्त वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर, 2023 तक 82.80 मिलियन टन (एमटी) फेरस स्क्रैप का निस्तारण किया गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 49.74 मिलियन टन (एमटी) की तुलना में 66.47 प्रतिशत अधिक है। स्क्रैप निस्तारण होने से रेल राजस्व में निरन्तर वृद्धि हो रही है। रेल संचलन में इलेक्ट्रिक प्वाइंट मशीन (ई.पी.एम.), सिगनलिंग रिले एवं आपरेटस केस अति महत्वपूर्ण उपकरण हैं, जिसे सिगनल कारखाना द्वारा इस रेलवे के अतिरिक्त उत्तर रेलवे/नई दिल्ली, दक्षिण रेलवे/चेन्नई, पूर्व रेलवे कोलकाता, पश्चिम रेलवे चर्च गेट मुम्बई, मध्य रेलवे मुम्बई, पूर्व मध्य रेलवे/हाजीपुर, दक्षिण मध्य रेलवेसिकंदराबाद, उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर)/प्रयागराज इत्यादि को प्रमुख रूप से आपूर्ति की जा रही है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह ने दी।

**निरीक्षण** अपर आयुक्त ने कलेक्ट्रेट में समस्त संभागों के पटलों का निरीक्षण किया, संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# अभिलेखों का रख-रखाव बेहतर ढंग से किया जाए : कुंवर बहादुर

गोरखपुर

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त कुंवर बहादुर सिंह ने पुराने कलेक्ट्रेट में चल रहे समस्त संभागों के पटलों का निरीक्षण किया। अपर आयुक्त ने कहा कि विभिन्न पटलों के अंतर्गत सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय। अभिलेखों का रख-रखाव बेहतर ढंग से होना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने न्याय सहायक कक्ष, बिल लिपिक कक्ष, नजारत कक्ष, अभिलेखागार, सीलिंग अनुभाग, स्थानीय निकाय पटल, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, सीआरए कक्ष, दैवीय आपदा अनुभाग, भूलेख, सम्मिलित कार्यालय, नजूल कक्ष, एनआईसी, सांख्यकी अनुभाग, राजस्व लेखाकार कक्ष सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों /व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावलियों सेवा पुस्तिका आदि का भी अवलोकन किया। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण के दौरान कहा कि वरासत के कोई भी प्रकरण पेंडिंग न रहे, हर शस्त्र के यूएनआई कोड मौजूद रहने चाहिए। पर्यटन विभाग में चल रहे कलेक्ट्रेट परिसर की साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। रिकॉर्ड रूम की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने का निर्देश दिया। राजस्व कार्यों के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से जारी होने वाली राजस्व विभाग की सेवाओं की स्थिति, आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, विभिन्न आयोगों यथा महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, न्यायालय आदि के प्रकारणों के संबंध में समीक्षा की। कहा कि विभिन्न आयोगों के प्रकरणों में किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न रहे।



अभिलेखों का निरीक्षण करते अपर आयुक्त। अमृत विचार

इनका प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। आईजीआरएस की शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने डीएम, एडीएम वित्त, मुख्य राजस्व अधिकारी, एडीएम सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम प्रशासन कोर्ट आदि के वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। कहा कि चल रहे मुकदमा के हर फाइलों पर बार कोड अवश्य पढ़ाना चाहिए। बिना बारकोड का किसी भी मुकदमे में निस्तारण नहीं होने चाहिए। सभी कोर्ट की पुराने तीन फाइलों का विधिवत निरीक्षण किया। विभिन्न भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कोई भी वाद पांच वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। इनको चिन्हित कर तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। कहा कि भूखंडों के पैमाइश संबंधी वादों को पैमाइश कराकर निस्तारण किया जाय। पैमाइश के दौरान सभी पक्षकारों को अनिवार्यतः इसकी सूचना रहे। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता, विनीत कुमार सिंह, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़, सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे, अपर आयुक्त प्रशासन स्टोनो रिजवान अहमद आदि मौजूद रहे।

# नकलविहीन शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

## 11 फरवरी को 15 केंद्रों पर समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी की होगी परीक्षा



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर बैठक करते डीएम। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले में आगामी 11 फरवरी को 15 केंद्र पर समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा 2023 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के अध्यक्षता डीएम अरविंद सिंह ने करते हुए कहा कि जिले में समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा शांतिपूर्ण नकल विहीन व पारदर्शी तरीके से कराना बड़ी जिम्मेदारी है। अधिकारी निष्पक्ष तरीके से परीक्षा कराएं। परीक्षा को लेकर डीएम ने बिजली विभाग के सर्किल ऑफिसर व अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि परीक्षा के दौरान बिजली की समुचित व्यवस्था कारण किसी भी सूरत में बिजली की कटौती न होने पाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षा के दिन सरकारी बसों का पर्याप्त इंतजाम करें किसी भी तरह की परेशानी परीक्षार्थियों को न हो। एसपी केशव कुमार ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसके लिए उन्होंने एएसपी नम्रता श्रीवास्तव को कुछ जिम्मेदारी दी है। बैठक में नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार ने परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश उपस्थित अधिकारियों को देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया है।

बैठक में सहायक नोडल अधिकारी, यूपी जिला अधिकारी उतरौला ओमप्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम, आयोग से नामित समन्वय पर्यवेक्षक मौजूद रहे। जिले के केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सहित स्टैटिसटिक्स मजिस्ट्रेट व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मुक्त चिकित्सा अधिकारी, डाक विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग अधिकारी अरविंद कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी उपस्थिति रही। नोडल अधिकारी ने बताया की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा 15 केंद्र पर आयोजित होगी। परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रवेश द्वार पर ही परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेकर प्रवेश दिया जाएगा।

### एक नजर

#### विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में चार को मिलेगा अवसर

**बलरामपुर।** देवी पाटन मुख्यालय गोंडा मे मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार छात्रों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाने में सफल हुए। इन चारों को प्रदेश स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। जिला विज्ञान क्लब कोऑर्डिनेटर सर्वजीत वर्मा ने बताया कि गोंडा मुख्यालय पर मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जिले से 15 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। राजकीय इंटर कॉलेज गैसड़ी की छात्रा कोमल चौरसिया, आरएल शांति स्कूल की काव्या श्रीवास्तव, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा कोमल मिश्रा व कुबेरमति इंटर कॉलेज के छात्र राज करण का चयन प्रदेश स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के लिए हुआ।

# निपुण लक्ष्य प्रगति की सीडीओ ने की समीक्षा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के 45 एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के साथ दस दस स्कूलों में विद्यार्थियों को सत प्रतिशत निपुण बनाने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में परिषदीय प्रधानाध्यापक व अध्यापकों को बेहतर शिक्षा बच्चों को देने के लिए प्रोत्साहित करने की पहल की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य परिषदीय बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना है। जिसके तहत 45 एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के साथ 10 स्कूलों में छात्रों को सत्य प्रतिशत निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों को प्रोत्साहित किया जाए। ताकि वह मन लगाकर बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूती देने में कोई कमी ना छोड़े। स्कूलों में सहयोगात्मक व सकारात्मक पर्यवेक्षक के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक माहौल उत्तम व उत्कृष्ट बनाने की जरूरत है ताकि बच्चों का मन पढ़ाई में लग सके व निपुण लक्ष्य को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन से निपुण असेसमेंट परीक्षा कराई गई उसकी समीक्षा की जा रही है। उसमें और भी सुधार की आवश्यकता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कहा कि निपुण लक्ष्य के तहत शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नियंत्रण परिषदीय विद्यालयों में कार्य किया जा रहे है। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अब तक किए गए शैक्षिक प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने एकेडमिक रिसोर्स पर्सन व प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर से संतृप्त किया जाए। स्कूलों में बेहतर पठन-पाठन के लिए व्यवस्था की जाए। इस दौरान सामुदायिक सहभागिता जिला संबंधित निरंकार पांडे, जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी, जिला निर्माण संबंधित एनके सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार, अशोक पाठक व अन्य अधिकारी क्रमचारी मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क बलरामपुर में सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महाराज बलरामपुर जयेन्द्र प्रताप सिंह की दिव्य उपस्थित पूरे समय तक प्राप्त हुई।

विशिष्ट अतिथि संभाग निरीक्षक अवरीश, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, एनसीसी कर्नल आरके मोहंता उपस्थित रहे। संघ के विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी पूर्व प्राचार्य, पूर्व आचार्य पुरातन छात्र विभिन्न सेवा में लगे हुए समाज के पत्रकार बंधु सभी की उपस्थिति से पंडाल खचाखच भरा रहा। लक्ष्मीबाई की प्रस्तुति, शिव तांडव की प्रस्तुति, होली मिलन, राम सबरी मिलन, देशभक्त परक, देशभक्ति गीत व नृत्य से मंच संजीव हो उठा। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सतीश सिंह, अध्यक्षा डॉ. कौशल्या गुप्ता, सह प्रबंधक डॉ. दिव्य दर्शन तिवारी, हरिवंश सिंह, संजय शर्मा विद्यालय के प्रधानाचार्य राम तीरथ यादव तथा समस्त आचार्य परिवार व कर्मचारियों का विशेष योगदान व सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.साधना श्रीवास्तव ने किया।

**संस्थापक सप्ताह समारोह** कला, विज्ञान, शिक्षा व वाणिज्य संकाय के प्रतिभागियों के बीच रहा जबरदस्त मुकाबला

# कला संकाय ने अवार्ड पर जमाया कब्जा

संवाददाता, बलरामपुर




एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह में प्रतिभागी छात्रों के साथ मौजूद अतिथि व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे संस्थापक सप्ताह समारोह के सातवें दिन मंगलवार की देर शाम अंर्तसंकाय विविधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कला संकाय ने अपना दबदबा कायम रखते हुए एक बार फिर चलबेजंती पुरस्कार पर कब्जा जमाया।

अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आरके मोहन्ता, संयुक्त सचिव बीके सिंह, 51वीं यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल, प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो पीके सिंह ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। सुर और ताल के महामुकाबले में कला, विज्ञान, शिक्षक शिक्षा व वाणिज्य संकाय के प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। सभी संकाय के प्रतिभागी अपने अपने प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

प्रतियोगिता में एक ओर कबीरदास जी की फ़कीरी 'मन लागो यार फकीरी में ने छाप छोड़ी तो वहीं दूसरी तरफ भर दे झोली मेरे या मोहम्मद ने भी समां बांधा। शिवाजी महाराज व अफजल खान का चरित्र आकर्षण का केन्द्र रहा तो वहीं राम आयेंगे व उनकी स्थापना का विहंगम दृश्य ने भावविभोर कर दिया। निर्णायक उषा तिवारी, विवेक मर्दन व विशाल सिंह ने एकल गायन में विज्ञान को प्रथम, कला को द्वितीय व बीएड को तृतीय स्थान के लिए चुना।

वहीं समूह गान में कला को प्रथम, विज्ञान को द्वितीय व बीएड को तृतीय स्थान के लिए चुना। एकल नृत्य छात्र वर्ग में कला को प्रथम, वाणिज्य को द्वितीय व विज्ञान को तृतीय व छात्रा वर्ग में कला को प्रथम, विज्ञान को द्वितीय व बीएड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं समूह नृत्य में कला को प्रथम, विज्ञान को द्वितीय व बीएड को तृतीय स्थान हासिल हुआ। पांच विधाओं में से चार में पहला स्थान प्राप्त कर कला संकाय विनर रहा। वहीं विज्ञान संकाय रनर रहा। सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल मोहंता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी।

प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए परिणाम की घोषणा की। सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा जनपद बहराइच

पत्रांक :– 603/न0प0परि0नान0/रा0वि0आ0यो0/नि0का0/2023–24 दिनांक :–08.02.2024

**निविदा सूचना**

समस्त विभागो के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से वर्ष 2023–24 में स्वीकृत राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत 43 निर्माण कार्यो एंव 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत 02 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक–20.02.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक सील बन्द निविदाए प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद, नानपारा बहराइच के कार्यालय में निम्नलिखित शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जायेगी। जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में खोली जायेगी। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा फार्म के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो की पदनाम से बन्धक हो प्रत्येक कार्य के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 / आयकर श्रम विभाग का पंजीकरण एंव अनुभव प्रमाण पत्र तथा रू0–100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (टी–4) भी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायोगा। निविदा फार्म कार्यालय से 10:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक दिनांक–12 व 13.02.2024 को प्राप्त किये जा सकते है। कार्य का विवरण अनुमानित लागत एंव 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि का विवरण निम्नवत है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | बी0ओ0क्यू0 की धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड न0–1 मोहल्ला गोडियन टोला में विजय के मकान से राजेश मौर्या के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 370767.00 | 370767.00 | 7000.00 | 370.00 | 3 माह |
| 2 | वार्ड न0–1 मोहल्ला गोडियन टोला में अवधराम के मकान से विष्णु के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 204786.00 | 204786.00 | 4100.00 | 250.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड न0–2 मोहल्ला मेहतर टोला में जफर खां के मकान से आफताब के मकान तक नाली चौडीकरण व इण्टरलाकिंग सुधार कार्य। | 343628.00 | 343628.00 | 7000.00 | 350.00 | 3 माह |
| 4 | वार्ड न0–4 मोहल्ला जुबलीगंज में रानी के मकान से चांदू के मकान तक एंव लाडले के मकान से सलीम के मकान तक नाली एंव नाली चौडीकरण व इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 259013.00 | 259013.00 | 6000.00 | 260.00 | 3 माह |
| 5 | वार्ड न0–4 मोहल्ला जुबलीगंज में अनिल मदेशिया के सामने से गुलाम रसूल तक नाली मरम्मतव इण्टरलाकिंग का कार्य । | 362352.00 | 362352.00 | 7300.00 | 365.00 | 3 माह |
| 6 | वार्ड न0–4 मोहल्ला जुबलीगंज में काली कुण्डा मन्दिर के उत्तरी गेट के सामने नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 371424.00 | 371424.00 | 7000.00 | 375.00 | 3 माह |
| 7 | वार्ड न0–4 मोहल्ला जुबलीगंज में जाकिर हुसैन के मकरान से कदीर के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 205240.00 | 205240.00 | 4100.00 | 250.00 | 3 माह |
| 8 | वार्ड न0–5 मोहल्ला राढन टोला में वेदप्रकाश पोरवाल से अशोक त्रिपाठी के मकान होते हुए अम्बर लाल के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 419677.00 | 419677.00 | 8500.00 | 450.00 | 3 माह |
| 9 | वार्ड न0–5 मोहल्ला कायस्थ टोला में माधवदास मन्दिर से किशुन के मकान होते हुए अतुल श्रीवास्तव के मकान तक नाली चौडीकरण व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 482328.00 | 482328.00 | 9700,00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | वार्ड न0–6 मोहल्ला राढन टोला में जानकी के मकान से धनीराम तक एंव आदेश के मकान से शेरू के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 308058.00 | 308058.00 | 6100.00 | 350.00 | 3 माह |
| 11 | वार्ड न0–7 मोहल्ला बावर्ची टोला में लडडन के मकान से अकबर के मकान तक नाली एंव इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 257397.00 | 257397.00 | 5200.00 | 300.00 | 3 माह |
| 12 | वार्ड न0–7 मोहल्ला बावर्ची टोला में चरन सिंह के मकान से मन्दिर होते हुए कल्लर के मकान तक नाली उच्चीकरण एंव इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 444857.00 | 444857.00 | 9000.00 | 450,00 | 3 माह |
| 13 | वार्ड न0–11 मोहल्ला पडाव में नयन के मकान से मनीष के मकान तक नाली एंव इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 320947.00 | 320947.00 | 6500.00 | 350.00 | 3 माह |
| 14 | वार्ड न0–11 मोहल्ला पडाव में शहजादे के मकान से सुधा के मकान तक नाली उच्चीकरण एंव आर0सी0सी0 कवर का कार्य। | 421160.00 | 421160.00 | 4500.00 | 450.00 | 3 माह |
| 15 | वार्ड न0–11 मोहल्ला हसनगंज में बी0एस0एन0एल0 टावर के पास कासिंग व आर0सी0सी0 कवर का कार्या। | 362159.00 | 362159.00 | 7300.00 | 375.00 | 3 माह |
| 16 | वार्ड न0–14 मोहल्ला पुरानी बाजार में उमेर के मकान से अली बक्श के मकान होते हुए स्कूल के बगल तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 368071.00 | 368071.00 | 7400.00 | 375.00 | 3 माह |
| 17 | वार्ड न0–15 मोहल्ला घसियारन टोला में कल्लू गैस वाले से नईम राइनी के सामने नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 364876.00 | 364876.00 | 7300.00 | 375.00 | 3 माह |
| 18 | वार्ड न0–15 मोहल्ला घसियारन टोला में रमजान अली के मकान से हसनैन के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 480237.00 | 480237.00 | 9700.00 | 500.00 | 3 माह |
| 19 | वार्ड न0–15 मोहल्ला घसियारन टोला में मोहम्मद अहमद के मकान से इनाम रसूल के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 179046.00 | 179046.00 | 4000.00 | 200.00 | 3 माह |
| 20 | वार्ड न0–16 मोहल्ला बेलदारन टोला में अरफाद के मकान से मो0 सिराज खान के मकान तक नाली चौडीकरण एंव इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 199009.00 | 199009.00 | 20000.00 | 200.00 | 3 माह |
| 21 | वार्ड न0–16 मोहल्ला बेलदारन टोला में अब्दुल मजीद खान के मकान से डा0 फरीद खान के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 221255.00 | 221255.00 | 4500.00 | 250.00 | 3 माह |
| 22 | वार्ड न0–17 मोहल्ला तोपखाना में शालू ठेलिया के सामने व शादाब प्लाई के सामने नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 345068.00 | 345068.00 | 7000.00 | 350.00 | 3 माह |
| 23 | वार्ड न0–17 मोहल्ला तोपखाना में राजू पेन्टर से मेन रोड तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 284034.00 | 284034.00 | 5700,00 | 300.00 | 3 माह |
| 24 | वार्ड न0–18 मोहल्ला कहारन टोला में कब्रिस्तान में बनी इण्टरलाकिंग का उच्चीकरण एंव एजिग मरम्मत का कार्य। | 478858.00 | 478858.00 | 9600.00 | 500.00 | 3 माह |
| 25 | वार्ड न0–19 मोहल्ला किला में हाजी भोला के मकान से रियासत के मकान तक एंव रईस से महमूद व पप्पू से बसन्त तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 412559.00 | 412559.00 | 4300.00 | 450.00 | 3 माह |
| 26 | वार्ड न0–19 मोहल्ला बेलदारन टोला में पप्पू के मकान से सलाहुद्दीन के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 285728.00 | 285728.00 | 4700.00 | 300.00 | 3 माह |
| 27 | वार्ड न0–19 मोहल्ला बेलदारन टोला में जन्नू के मकान से डा0 शफी के मकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 120854.00 | 120854.00 | 2500.00 | 150.00 | 3 माह |
| 28 | वार्ड न0–20 मोहल्ला बेलदारन टोला में कलीम के मकान से आलमगीर के मकान तक मिट्टी पटाई नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 322294.00 | 322294.00 | 6500.00 | 350.00 | 3 माह |
| 29 | वार्ड न0–21 मोहल्ला कसाई टोला में इब्राहीम बाबा के मकान से नौशाद के मकान तक व हबीब अहमद की गली व सामने नाली उच्चीकरण व इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 426487.00 | 426487.00 | 8600.00 | 450.00 | 3 माह |
| 30 | वार्ड न0–22 मोहल्ला किला में अब्दुल्ला के मकान से जाकिर के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 199878.00 | 199878.00 | 4000.00 | 200.00 | 3 माह |
| 31 | वार्ड न0–22 मोहल्ला किला में शिया मस्जिद से यूनानी अस्पताल के बगल तक इण्टरलाकिंग का कार्य। | 479402.00 | 479402.00 | 9600.00 | 500.00 | 3 माह |
| 32 | नगर पालिका परिषद नानपारा में काली कुण्डा से शंकर स्कूल तक बने नाले पर आर0सी0सी0 कवर का कार्य। | 499000.00 | 499000.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 33 | वार्ड न0–23 मोहल्ला मिरयासी टोला में मतीन के मकान से शेरू मुन्शी के मकान तक मिटटी पटाई व नाली एंव इण्टरलाकिंग का कार्य। | 460068.00 | 460068.00 | 9250.00 | 475.00 | 3 माह |
| 34 | वार्ड न0–24 मोहल्ला बाडा में मास्टर सज्जाद के मकान से अजीजुलउलूम मदरसे के बगल तक नाली चौडीकरण व इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 266952.00 | 266952.00 | 5350.00 | 275.00 | 3 माह |
| 35 | वार्ड न0–24 मोहल्ला बाडा में अब्दुल हफीज के मकान से रियाज के मकान तक नाली चौडीकरण व इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 394381.00 | 394381.00 | 7900,00 | 400.00 | 3 माह |
| 36 | वार्ड न0–25 मोहल्ला पुरानी बाजार में कल्लू मिठाई की दुकान से मामू घडी वाले तक नाली मरम्मत एंव इण्टरलाकिंग सुधार का कार्य। | 128599.00 | 128599.00 | 2600.00 | 150.00 | 3 माह |
| 37 | वार्ड न0–25 मोहल्ला अकब नई बाजार में नफीस के मकान से शर्मा की दुकान तक नाली मरम्मत व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 260843.00 | 260843.00 | 5300.00 | 260.00 | 3 माह |
| 38 | वार्ड न0–25 मोहल्ला अकब नई बाजार में अलीम के सामने नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 499995.00 | 499995.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 39 | नगर पालिका परिषद नानपारा में वार्ड न0–5 मोहल्ला कायस्थ टोला में हरिश्चन्द्र के मकान से चन्द्रभाल के मकान तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 476200.00 | 476200.00 | 9550.00 | 480.00 | 3 माह |
| 40 | नगर पालिका परिषद नानपारा में उपलब्ध 07 कूडा गाडी 07 दाली व 50 हत्थू ठेलिया का सुधार कार्य। | 487635.00 | 487635.00 | 9800,00 | 500.00 | 3 माह |
| 41 | कल्लन खां मोहल्ला में स्थित कब्रिस्तान में सेमी हाईमास्ट लाईट लगाने का कार्य। | 181219.00 | 181219.00 | 3700.00 | 200.00 | 15 दिन |
| 42 | नगर पालिका परिषद नानपारा में बैकू लोडर के मरम्मत का कार्य। | 204944.00 | 204944.00 | 4200.00 | 250.00 | 15 दिन |
| 43 | गोयल तिराहे से इमामगंज तिराहे तक मार्ग के मध्य में मार्ग विभाजक बनाने का कार्य। | 141010.00 | 141010.00 | 2800.00 | 150.00 | 15 दिन |
| | 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क | | | | | |
| 44 | वार्ड न0–1 मोहल्ला चमारन टोला में परशुराम के मकान से मेन रोड तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 315451.00 | 315451.00 | 6300.00 | 350.00 | 3 माह |
| 45 | वार्ड न0–25 मोहल्ला संगत टोला में अशदउल्ला के मकान से रफीक लाटरी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 475838.00 | 475838.00 | 9500.00 | 475.00 | 3 माह |

नियम व शर्तेः– 1. निविदादाता को 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की टी0डी0आर0/एफ0 डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नानपारा बहराइच के पदनाम से बन्धक हो निविदा फार्म के साथ पृथक–पृथक संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। 2. जिन ठेकेदारों/फर्मो के हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र की निर्धारित समयवृद्धि समाप्त हो गयी है उन्हे निविदा फार्म नही दिया जायेगा। 3. निविदादाता को जिलाधिकारी महोदय बहराइच द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र एंव जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र जो निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो तथा रू0–100.00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र के साथ–साथ पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर, जी0एस0टी0, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र एंव अनुभव प्रमाण पत्र स्वतः प्रमाणित छायाप्रति टेण्डर फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। 4. सीलबन्द निविदाए कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा में रखे निविदा बाक्स में दिनांक–20.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक डाली जायेगी औरउसी दिन सायं 04:00 बजे खोजी जायेगी। निर्धारित तिथि समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 5. ठेकेदार / फर्म का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है। 6. अपरिहार्य कारणो से यदि निविदा फार्म प्राप्त किये जाने अथवा निविदा डालने एंव खोलने की तिथि तक किसी कारणवंश कार्यालय बन्द रहता है तो निविदा खोलने की तिथि की कार्यवाही अगले कार्य दिवसो में होगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। कार्यस्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य के दौरान व कार्य के पूर्ण होने पर अलग–अलग फोटोग्राफ देना होगा एंव कार्य प्रारम्भ से पूर्व डिस्प्ले बोर्ड ठेकेदार को लगाना होगा। 7. निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ की सूचना अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद नानपारा को लिखित रूप में ठेकेदार को देना होगा। तदोपरान्त अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा तथा कार्य पूर्ण होने पर ठेकेदार को लिखित रूप में कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में सूचना अवर अभियन्ता को देना होगा। 8. कार्यस्थल पर निरीक्षण के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है तो उक्त ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता के निर्देशानुसारकार्य को मानक के अनुरूप पूर्ण कराना होगा। अन्यथा कराये गए कार्य का भुगतान नही किया जायेगा तथा ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। 9. स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्री की जांच ठेकेदार को स्वंय अपने खर्च पर करानी होगी। 10. सभी कार्यो हेतु न्यूनतम 03 निविदाए प्राप्त होने पर ही निविदा स्वीकृति पर कार्यवाही की जायेगी। निर्माण कार्यो के 11 आगणन में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सम्मिलित है जिसका भुगतान नियमानुसार किया जायेगा। 11 निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि के अन्दर न्यूनतम निविदादाता को पूर्ण कराना होगा। 12. उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नही किया जायेगा।

**(रंगबहादुर सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नानपारा बहराइच**

**अब्दुल वहीद**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नानपारा–बहराइच**

## एक नजर

### लावारिस हालत में मिली बाइक, जांच शुरू

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बिना नंबर प्लेट की बाइक सड़क के किनारे लावारिस हालत में पाए जाने से ग्रामीणों में सनसनी मच गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी और थाने की पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के जगतूपुर बिल्टई गांव का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ग्रामीण जब घर से बाहर निकले तो गांव स्थित प्राइमरी पाठशाला के पीछे सड़क के किनारे एक बिना नंबर की प्लेट हीरो होंडा एचएफडीलक्स लावारिस पड़ी हुई थी। पीआरबी के हेड कांस्टेबल दिग्विजय यादव, कांस्टेबल अखंड प्रताप यादव, होमगार्ड चालक दीपचंद यादव व मालीपुर थाने के कांस्टेबल कुलदीप यादव समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बाइक को कब्जे में ले लिया।

# जांच की आंच में प्रदेश के कई मदरसे

## निर्धारित समय सीमा के बाद भी जिलों से नहीं भेजी गई आख्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल - फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया। रजिस्ट्रार कहती हैं कि जांच को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही परिणाम सामने आ जाएगे। फिलहाल बोर्ड की प्राथमिकता मदरसा परीक्षा है।

### बोर्ड अध्यक्ष कर चुके हैं विरोध

जांच का विरोध बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद की ओर से किया जा चुका है। परीक्षा व अन्य मामलों का हवाला देते हुए इसे रद करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक को पत्र अध्यक्ष द्वारा लिखा जा चुका है।




▸▸ अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक ने दिया था जिलावार आदेश

### लखनऊ और गोरखपुर के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब

विभाग अपनी जांच में लखनऊ और गोरखपुर में संचालित मदरसों पर खास नजर बनाए है। बताते हैं कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से सवाल-जवाब हुए हैं। कई मामलों में जानकारियां मांगी गई हैं। ऐसे में बोर्ड के जिम्मेदारों से बातचीत को लेकर देर शाम तक फोन की घंटिया बजती रहीं।

# पराली और गोबर से बनेगी 28 टन बायो गैस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोरखपुर में जल्द शुरू होगा सीबीजी का व्यावसायिक उत्पादन

▸▸ 169 करोड़ रुपये की लागत से बने प्लांट का अक्टूबर 2023 से हो रहा ट्रायल

**अमृत विचार:** जल्द ही गोरखपुर देश के बायो फ्यूल उत्पादन करने वाले जिलों की रैंकिंग में शामिल हो जाएगा। इसके लिए धुरियापार के बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स में कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के कमर्शियल उत्पादन की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। अक्टूबर 2023 से ही यहां स्थापित प्लांट का ट्रायल जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इसकी औपचारिक शुरुआत होगी।

गुरुवार को कमिश्नर अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने इंडियन ऑयल की तरफ से लगाए गए प्लांट का निरीक्षण कर ट्रायल देखा और इसे पूरी तरह से संचालन योग्य बनाने के आयामों पर चर्चा की।

धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल के 50 एकड़ परिसर में बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने की जिम्मेदारी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के पास है। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 18 सितंबर 2019 को किया था।

इस कॉम्प्लेक्स में पहले चरण में सीबीजी और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। 169 करोड़ रुपये की लागत वाली सीबीजी प्लांट में प्रतिदिन 230 टन कचरे से 28 टन बायो गैस बनाई जाएगी। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद अक्टूबर 2023 से ही ट्रायल चल रहा है। इसमें पराली (पुआल, गेहूं के डंठल, मक्के की डाठ, गन्ने की पत्ती) और गोबर का इस्तेमाल किया जाएगा। प्लांट में कमर्शियल उत्पादन शुरू होने के साथ ही प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से पांच हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। वहीं क्षेत्रवासियों को बायो गैस के माध्यम से एनर्जी का नया स्रोत भी मिलेगा।

# विप में गूंजा मदरसा शिक्षकों का मामला

**विधान मंडल सत्र**

## सपा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद में गुरुवार को मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न, ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मजदूरी का मामला गूंजा। वहीं सपा के आशुतोष सिन्हा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया, प्रदेश में फार्मासिस्टों के 7080 पदों के सापेक्ष 6396 पद भरे हैं, 684 रिक्त पदों पर नियुक्ति व नव स्थापित 50 बेडेड अस्पतालों के लिए नियमानुसार अधियाचन भेजा है।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में सपा सदस्य शाहनवाज खान के एक सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा दवाएं प्रत्येक मरीज की जरूरत के अनुसार डाक्टर द्वारा अपने विवेक से लिखी जाती हैं। दवाएं कहीं से भी खरीदी जा सकतीं हैं। वैसे राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर द्वारा जेनरिक दवा ही लिखी जाती है। भोजनावकाश बाद डॉ.जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में सदन के कार्यसूची के मदों को निपटाया गया। सपा के लाल बिहारी यादव ने समाजवादी पेंशन बंद करने व अन्य खामियां गिनाते बजट का विरोध किया। वहीं मत्सय मंत्री संजय निषाद ने मछली उत्पादन में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा कि मछुआ कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने बजट का समर्थन किया। शाम 05.05 बजे अधिष्ठाता ने सदन शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**पैथोलॉजी के बाहर पैथोलॉजिस्ट के नाम की होगी जाचं:** ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा मदरसा मिनी आईटीआई में पूर्ण कर्मचारियों को गैरमद से वेतन देने के सवाल पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों को आंशिक व गैर वेतन मद शब्दावलि का प्रयोग करने मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं शहर में पैथोलॉजिस्ट से ज्यादा पैथोलॉजी का सवाल सपा के शहनवाज खान ने उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डीम का पत्र लिखकर पैथोलॉजी के बाहर पैथोलॉजिस्ट के नाम अंकित कराने संबन्धी आदेश का अनुपालन कराया जाएगा।

### धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें हटाई जाए

शून्य प्रहर में नियम 115 में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें बन्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को सुनिश्चित कराने की सूचना दी। जिसमें कहा गया कि धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के आस-पास मांस बिक्री की दुकानों को चिह्नित कर तत्काल हटवाया जाये। न्यायालय के इस आदेश का अभी अनुपाल नहीं हो पाया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा सरकार धर्म एवं पंथ के नाम पर भेदभाव कर रही है। जांच के नाम पर लगातार प्रताड़ना ठीक नहीं। लाल बिहारी यादव ने कहा मदरसा शिक्षक भीषण ठंड में भी बीती 18 दिसम्बर से इको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। सरकार की उपेक्षा से 21 हजार शिक्षक भुखमरी की कगार पर हैं। सत्ता पक्ष होने की वजह से भाजपा के मोहसिन रजा को पीठ ने बोलने से रोक दिया। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा मदरसों के बच्चे भी इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक बनें, इसके लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। पूरा वेतन देने के संबन्ध में उन्होंने बताया कि मदरसों में शिक्षकों को लेकर केन्द्र सरकार का जो निर्णय होगा उसी के अनुरूप हम काम करेंगे। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सरकार को निर्देश दिया कि अपने संसाधनों से देखिये शिक्षकों को काम का मात्र 40 फीसदी वेतन उचित नहीं है।

### निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नहीं मिल रहा

शून्य प्रहर में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्या, आशुतोष सिन्हा, डॉ.मानसिंह यादव, शहनवाज खान, मो.जासमीर अंसारी और मुकुल यादव ने प्रदेश में मदरसा के आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के केन्द्रांश की राशि जारी कराने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षकों को निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नहीं मिल रहा है।

### मजदूरों को भी मिले अवकाश का मानदेय

बसपा के भीमराव आंबेडकर ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उपयुक्त मजदूरी न मिलने का मामला कार्य स्थगन के रूप में कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा प्रदेश में अब तक मजदूरी सलाहकार बोर्ड का गठन नही हुआ है। मजदूरों की मजदूरी दोगुनी की जाये और सरकारी छुट्टी रविवार की मजदूरी इनके खाते में भेजी जाये। जवाब देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा न्यूनतम मजदूरी पर रिब्यू के लिए सरकार ने कमेटी बनायी है। कमेटी की सिफारिशें आने पर सरकार कार्रवाई करेगी। पांच हजार श्रमिकों को सवा लाख प्रतिमाह वेतन पर इजराइल भेजे जा रहे हैं। जहां उनको खाना-पीना फ्री है, उनकी संरक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत सरकार की है।

## ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाएं शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की।

इस क्रम में मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, मऊ, प्रतापगढ़ और महोबा में औद्योगिक अस्थानों का शिलान्यास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत गोमती नगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास, खाद्य एवं प्रसंस्करण के अंतर्गत कौशाम्बी में केला और गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

साथ ही मिनी औद्योगिक अस्थान बिल्हौर कानपुर नगर, पचरावां रायबरेली और अयोध्या का उच्चीकरण, जिला उद्योग केंद्र कौशाम्बी, अमेठी और वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया।

योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का भी सम्मान किया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत बाराबंकी के राहुल (नाई), लखनऊ से निधि मल्होत्रा (दर्जी), सीतापुर के फिरोज अहमद (मोची) को सम्मानित किया गया। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत रायबरेली के रंजीत कुमार का सम्मान किया।




प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, साथ में प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी व अन्य। अमृत विचार

### परिवहन निगम की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे मंत्री-विधायक

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के मंत्री व विधायक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे। निगम ने 11 फरवरी को विधानसभा के सभी सदस्यों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने का फैसला लिया है। राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बीते दिन सभी सदस्यों से 11 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया। शासन के आकिरियों ने बताया कि विधानसभा के सभी सदस्यों को ले जाने के लिए निगम की बसें विधानभवन के गेट संख्या-एक व तीन के सामने सुबह सवा आठ बजे उपलब्ध रहेंगी। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने अयोध्याधाम के दर्शन कराने वाली बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर करने व पर्दे की व्यवस्था करने, बसों में सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन यंत्र सुनिश्चित करने, साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। परिवहन राज्यमंत्री ने कहा है कि बसों में रामधुन अवश्य बजाएं। चालक-परिचालक व्यवहार कुशल हों। साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगाएं।



### सहकारिता प्रकोष्ठ के सहसंयोजक का स्वागत

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा युवा नेता राजेश प्रकाश मिश्र को सहकारिता प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र का सह संयोजक मनोनीत किए जाने पर बधाइयों का तांता जारी है। बृहस्पतिवार को भाजपा के जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने खलीलाबाद स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में उनका स्वागत किया गया। पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र के सुपुत्र राजेश प्रकाश मिश्र को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ का सह संयोजक गोरक्ष प्रांत नामित किए जाने पर समूचे जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास का वातावरण है। राजेश प्रकाश मिश्र वर्तमान में नगर सहकारी बैंक खलीलाबाद के सचिव पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लोगों की सेवा और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। स्वागत करने वालों में जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, वरिष्ठ नेता विवेकानंद वर्मा, एमएलसी प्रतिनिधि अंबरीश राय उर्फ मंटू, मोहित पांडेय, बृजेश मिश्र, हैप्पी राय, पंचराम, रमाशंकर, जितेंद्र पांडेय, सुरेंद्र चौधरी, धनंजय पाण्डेय समेत तमाम लोग शामिल रहे।

### युवक का गला दबाने के मामले में दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने करंट लगाकर और गला दबाकर हत्या का प्रयास करने के मामले में आरोपी के विरुद्ध प्राण घातक हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। हिरासत में लिए गए आरोपी युवक को जेल भेजने के बजाय शांति भंग में चालान कर दिया गया। घटना बीते तीन फरवरी की रात को थाना के ताहापुर गांव निवासी नरेन्द्र वर्मा के साथ घटित हुई थी। गांव निवासी पीड़ित नरेन्द्र वर्मा बीते तीन फरवरी की रात को मुख्य दरवाजे पर ताला बंद कर सो रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर इसी गांव का विपक्षी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा छत के रास्ते घर में घुस गया और एक बोर्ड से बिजली का तार लगाकर हत्या के उद्देश्य से उसके हाथ में लगा दिया। करंट से युवक जाग गया तब तक आरोपी उसका गला दबाने लगा। जब नरेन्द्र करंट के झटके और सांस रुकने से मरणासन्न हो गया। पीड़ित के परिजनों ने जब इसकी जानकारी सीओ देवेन्द्र कुमार को दिया तो उन्होंने पुलिस को फटकार लगाई तब कहीं उसे हिरासत से छोड़ा गया।

# बाढ़ प्रबंधन के लिए 227.18 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लखनऊ, गोरखपुर, झांसी व गाजियाबाद में नगरीय बाढ़ प्रबंधन व न्यूनीकरण के लिए कुल 227.18 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। प्रस्ताव के तहत लखनऊ में 71.24 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत आरसीसी पाइप नाले के निर्माण व किला मोहम्मदी ड्रेन के रीमॉडलिंग का कार्य कराया कराया जाएगा।

इसके अलावा गोरखपुर में प्रथम चरण में 20 करोड़ रुपये की लागत से बड़े और छोटे पंपिंग स्टेशन व गाजियाबाद में 119.32 करोड़ रुपये से वार्ड-24 बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में बरसाती पानी के नालों के रीमॉडलिंग का कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार झांसी में 16.62 करोड़ रुपये से नालों क निर्माण व सफाई के लिए मशीन का क्रय किया जायेगा।

इसी क्रम में बैठक में बाढ़ से होने वाली जनहानियों के रोकने के लिये फ्लड सेंटर, जलप्लावित ग्रामों में नौकाओं की उपलब्धता, रिवर सेन्सर्स व अर्ली वॉर्निंग सिस्टम के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार गंभीर रूप से जलमग्न होने वाले 2412 ग्रामों के बीच 804 बाढ़ राहत नौकाओं का क्रय किया जायेगा। पहले चरण में 40 करोड़ रूपये की लागत से 400 नौकाएं क्रय करने की स्वीकृति दी गई है।

# होटल व लॉज मालिकों के साथ पुलिस अधीक्षक ने की गोष्ठी

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिले के सभी होटलों और लॉज मालिकों के साथ गोष्ठी किया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित होटल व लॉज के प्रबन्धकों को सुरक्षा के दृष्टिगत अपने प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगवाने और कम से कम एक कैमरे को मुख्य सड़क की तरफ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से होटल की भीतरी सुरक्षा के साथ ही बाहरी सुरक्षा भी मजबूत बनी रहेगी। किसी प्रकार की आपराधिक वारदातें होने पर अपराधियों को पकड़ने और पहचान करने में बड़ी आसानी होती। उन्होंने होटल व लॉज में ठहरने वाले यात्रियों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों की सघन जांच करने, आईडी की फोटो प्रति अपने पास सुरक्षित रखने तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अग्निशामक उपकरणों को समय समय पर चेक करते रहने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने हाइवे व सड़क किनारे स्थित होटलों और लॉज के सामने सड़क पर वाहनों को पार्क न कराने का निर्देश दिया। गोष्ठी के दौरान रीडर पुलिस अधीक्षक कृष्णदेव सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव समेत भारी संख्या में होटल और लॉज संचालक मौजूद रहे।



होटल और लॉज संचालकों के साथ गोष्ठी करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**निर्माणाधीन आवासीय परिसर का किया निरीक्षण: मेंहदावल** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर ने मेंहदावल थाने के निर्माणाधीन आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। भवन निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया व अन्य उपलब्ध सामानों के गुणवत्ता की बारीकी से जांच किया। साथ ही भवनों में लग रहे दरवाजे, टाइल्स व दीवालों के प्लास्टर आदि की भी गुणवत्ता जांचकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने ठेकेदार को सीमेंट, सरिया, टाइल्स, पेन्ट, ग्लास, इलेक्ट्रिक आदि सामानों की गुणवत्ता मानक के अनुरुप रखने का निर्देश दिया।



# मौनी अमावस्या पर भक्त आज लगाएंगे आस्था की डुबकी

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** माघ मास की अमावस्या तिथि पर हर वर्ष लगने वाले स्नान पर्व की तैयारियां पूरी करा ली गई हैं। जिले से हजारों श्रद्धालु विभिन्न साधनों से प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। शेष श्रद्धालु जिले की सबसे पवित्र सरयू नदी के विभिन्न घाटों समेत राप्ती, आमी और कुआनो नदी के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाएंगे। मौनी अमावस्या पर स्नानार्थियों की सर्वाधिक भीड़ सरयू नदी के बिड़हरघाट पर देखने को मिलती है।

**लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद: धनघटा।** तहसील धनघटा क्षेत्र के बिड़हर घाट पर सरयू नदी में मौनी अमावस्या का स्नान करने लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद को लेकर स्थानीय प्रशासन सुरक्षा को लेकर सतर्क है। सरयू नदी का बिडहर घाट छोटी अयोध्या के नाम से पूरे जिले मे मशहूर है। यहां संत कबीर नगर के साथ अगल बगल के जिलों के लोग काफी संख्या मे पहुंच कर आस्था की डुबकी लगाते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी केशव नाथ, धनघटा थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा को देखते हुए 55 कांस्टेबलों के साथ 29 सब् इंस्पेक्टर और 6 निरीक्षकों को मौनी अमावस्या मेले की निगरानी और सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। विड़हर घाट के महंत भुईंलोटन दास और आचार्य राम शंकर दूबे ने बताया कि मौनी अमावस्या पर आज लाखों स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है।



सरयू नदी में स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई बैरिकेटिंग। अमृत विचार

### अब तक 66 हजार युवाओं को दिया गया रोजगार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित 36843 अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने में सफलता मिली। वहीं उप्र. कौशल विकास मिशन के माध्यम से कुल 29354 प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न कंपनियों में सेवायोजित कराया गया है। इस तरह व्यावसायिक शिक्षा के जरिए प्रदेश के 66 हजार से ज्यादा युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। खास बात यह रहा कि रोजगार प्राप्त करने वालों में सभी 18 मंडलों के 75 जिलों से छात्र शामिल हैं। विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह जानकारी साझा की गई है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल ने सवाल के जवाब में लिखित जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया कि सभी 75 जिलों के छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और कौशल विकास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेने के बाद सेवायोजित करने में सफलता मिली है।

# जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े, कंबल

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संतकबीरनगर के सौजन्य से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक और यूनानी 50 बेड आयुष चिकित्सालय मंझरियागंगा में बृहस्पतिवार को बृहद कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान वृद्धा आश्रम के सभी 60 पुरुष और महिलाओं को कंबल, धोती और त्रिपाल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के लगभग 1000 लोगों में कंबल त्रिपाल, धोती, टी शर्ट, मास्क, स्टोव, आक्सीमीटर के साथ ही जूनियर हाईस्कूल की 70 छात्राओं को हाइजीनिक किट मास्क प्रदान किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने रेड क्रॉस सोसाइटी को इस तरह के आयोजन पर हार्दिक शुभकामनाएं और धन्यवाद देते हुए उपस्थित सभी लोगों को आयुर्वेद और आयुर्वेदिक उपचार के संबंध में जानकारी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बारे में इस आयुर्वेद सेंटर पर आकर जानकारी ले सकता है और उपचार करा सकता है। बेहतरीन आयोजन और सराहनीय सेवा कार्यों के लिए जिलाधिकारी ने रेडक्रास सोसायटी और रोटरी क्लब के पदाधिकारी रामकुमार सिंह की खूब सराहना किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, डा आलोक सिन्हा, उप चिकित्साधिकारी डा शैलेश सिंह, डा दिनेश चंद्रा, चिकित्साधीक्षक 50 शैय्या आयुष आयुर्वेदा हॉस्पिटल प्रभारी, क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ श्याम श्रीवास्तव, डा. अभिषेक कुमार उपाध्याय, डा. नागेंद्र कुमार, डा. राम शंकर गुप्ता, बिनोद सिंह पूर्व ग्राम प्रधान, वर्तमान प्रधान अवधेश कुमार, नागेंद्र सिंह, अमरेश पाण्डेय, अरुणेश पाण्डेय, सहित हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे।



जरूरतमंद को गर्म कपड़े देते करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## धनघटा में तीन नए थाने स्थापित कराए जाने की उठी मांग



**संतकबीरनगर।** धनघटा के भाजपा विधायक गणेश चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को क्षेत्र में तीन नए थाने स्थापित कराए जाने के लिए मांगपत्र सौंपा। पत्र में विधायक ने बताया है कि विधानसभा क्षेत्र के पौली, लौहरैया और काली-जगदीशपुर में नया थाना काफी समय से प्रस्तावित है। उसकी पत्रावली शासन में लम्बित है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ है। इसे और सुदृढ़ बनाने के लिए तीन नए थानों का महती आवश्यकता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। जून और सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत रहेगी।

### नियमों का अनुपालन नहीं करने पर पेटीएम के खिलाफ की कार्रवाई



आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह साफ किया कि नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन से मामलों को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी

▶▶ **सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा**



212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, ''बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,100। |

## राजस्थान सरकार ने की 70,000 पदों पर भर्तियों की घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने 70,000 पदों पर भर्तियां करने, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालिक ऋण देने, जयपुर के निकट 'हाईटेक सिटी' विकसित करने, 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का 'सेविंग बॉन्ड' देने सहित कई घोषणाएं कीं। पिछले साल दिसंबर में सत्ता में आई भाजपा सरकार का यह पहला अंतरिम बजट था।

## सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

## एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 21,780 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **जनवरी माह में दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था। मार्च, 2022 में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 28,463 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि इक्विटी कोषों में लगातार 35 माह से शुद्ध निवेश आ रहा है। समीक्षाधीन महीने में वैल्यू फंड को छोड़कर, इक्विटी खंड की सभी श्रेणियों में शुद्ध प्रवाह आया। थीम आधारित फंडों में 4,805 करोड़ रुपये, स्मॉल-कैप फंड में 3,257 करोड़ रुपये और मल्टी-कैप में 3,039 करोड़ रुपये आए।



# संप्रग के कार्यकाल की चुनौतियों पर राजग ने काबू पाया

## संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक 'श्वेत पत्र' संसद में पेश किया। श्वेत पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से विरासत में मिली चुनौतियों पर पिछले 10 वर्षों में सफलतापूर्वक काबू पाया है। साथ ही भारत को उच्च वृद्धि के रास्ते पर लाने के लिए 'कड़े फैसले' किए हैं।



कुल 59 पृष्ठ के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' में कहा गया है कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी, सार्वजनिक वित्त खराब स्थिति में था। साथ ही आर्थिक कुप्रबंधन, वित्तीय अनुशासनहीनता और व्यापक भ्रष्टाचार का बोलबाला था। सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि यह एक संकटपूर्ण स्थिति थी। अर्थव्यवस्था को चरण दर चरण सुधारने और शासन प्रणालियों को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी बहुत बड़ी थी। श्वेत पत्र के मुताबिक, संप्रग सरकार आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप देने में बुरी तरह विफल रही। इसके बजाय संप्रग सरकार ने बाधाएं पैदा कीं, जिससे अर्थव्यवस्था पीछे रह गई। इस दस्तावेज में साथ ही यह भी कहा गया कि 2014 में राजग सरकार को विरासत में बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था मिली थी। श्वेत पत्र में कहा गया कि मोदी सरकार ने व्यापक आर्थिक बेहतरी के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत को समझा। इसके मुताबिक-हमारी सरकार ने अपनी पिछली सरकार के विपरीत एक मजबूत ढांचा बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था की नींव में निवेश किया।

### अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद में मंजूरी

संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई। उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी।

### लोकतंत्र के मंदिर को प्रासंगिक बनाए रखने का किया गया प्रयास: धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर को संवाद, बहस और विचार-विमर्श का मंच बनाकर प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है। श्री धनखड ने गुरुवार को राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के विदाई कार्यक्रम में कहा कि यह हम सभी के लिए एक भावनात्मक अवसर है। सदन के 68 सहयोगियों को विदाई दी जा रही है। ये सदस्य अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद फरवरी से मई के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य भी भारत और प्रत्येक भारतीय के हित को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के लिए गहन संतुष्टि की भावना के साथ जाएंगे।

# भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▶▶ **गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच पर दी जानकारी**

▶▶ **कहा-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को



बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

शाह ने एक्स पर कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने फैसला किया है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमा की सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत और म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर दिया जाएगा। यह घोषणा शाह के इस बयान के दो दिन बाद आई कि भारत ने पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरने वाली भारत-म्यांमा सीमा वर्तमान में एफएमआर है। इसे 2018 में भारत की 'पूर्वोन्मुख नीति' के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने की प्रतिबद्धता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का बहुत आभारी हूं। जैसा कि भारत के गृह मंत्री ने सिफारिश की है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 15 घायल

**रायगंज।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक दो वाहनों से टकराकर पलट गया, जिससे एक स्वयंसेवी सहित चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर करणदिघी में तुंगीदिघी बस स्टैंड के पास हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तेज रफ्तार ट्रक पहले दो चलती गाड़ियों से टकराया और इसके बाद पलट गया। इस हादसे में एक साइकिल सवार समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।

### फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

## नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शाम करीब सात बजे हिद्दुर गांव से करीब 500 मीटर दूर नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी की।

## कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

**मुंबई, एजेंसी**

▶▶ **अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे**

महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे।

बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे। सिद्दीकी (66) ने कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले का कोई कारण नहीं बताया है। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कुछ चीजों को अनकहा छोड़ दिया।

# विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▶▶ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को लेकर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण को रोकने में कई प्राधिकरणों की 'विफलता' को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर में ''पूर्ण अराजकता'' फैल जाएगी और पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा कि केंद्र संरक्षित स्मारकों निजामुद्दीन की बावली और बाराखंभा मकबरे के पास अनधिकृत निर्माण को रोकने में अधिकारियों की विफलता ने अदालत को स्तब्ध कर दिया है। अदालत ने मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने का संकेत देते हुए कहा कि किसी भी संस्था अवैध कृत्य करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया।

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

**उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह**

▶▶ **पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे**

**अमृत विचार:** उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है। चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ट सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई।

# यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान



*दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालांकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई हैं। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।*

### समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

### हिंदू विवाह अधिनियम



हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ



भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

### भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।




### अन्य समुदाय



ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

### यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

### धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

### अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

### राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

### लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।



## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया।

### आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

**ग्रिंडाविक (आइसलैंड)।** दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। आइसलैंड के मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किलोमीटर दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हो रही है, जिसे 18 दिसंबर को पिछले विस्फोट से पहले खाली करा लिया गया था।

### अमेरिकी सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर ढेर

**वाशिंगटन।** इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी बलों ने गुरुवार देर रात हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ। अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा।" गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था।

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर हादसे में पांच नौसैनिकों की मौत हो गयी है। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि मंगलवार को कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। मरीन कॉर्प्स की ओर जारी बयान में कहा गया है, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिकों की मौत हुई है। बता दें, प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी हैं। दुर्घटना की जांच चल रही है।

## पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं के बीच हुआ मतदान, मोबाइल सेवाएं रहीं ठप

# हाइब्रिड सरकार के आसार, सेना के हाथ में होगी नए पीएम की कमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर तक ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है।

चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतदान के बाद मतगणना स्थलों पर ही उम्मीदवारों के एजेंटों के समक्ष मतपेटियों की सील तोड़कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।





मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

### चार पुलिसकर्मियों की मौत, 2 अन्य घायल

आतंकवादियों ने गुरुवार दोपहर को आम चुनाव के बीच खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने पहले यहां आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई। खैबर पख्तूनख्वा में हुए इस आतंकी हमले में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों के चलते चुनाव के दिन पूरे पाकिस्तान में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय आवश्यक है।

### सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल

पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

| निर्वाचित पीएम | कार्यकाल | सरकार क्यों गई |
|---|---|---|
| बेनजीर भुट्टो | 1988-1990 | राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग |
| नवाज शरीफ | 1990-1993 | इस्तीफा देना पड़ा |
| बेनजीर भुट्टो | 1993 से 1996 | राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त |
| नवाज शरीफ | 1996 से 1999 | मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट |
| 1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे | | |
| युसुफ रजा गिलानी | 2008 से 2012 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| नवाज शरीफ | 2013 से 2017 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| इमरान खान | 2018 से 2022 | अविश्वास प्रस्ताव |

### पेस सैटेलाइट लॉन्च मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद



**केप केनवेरल।** गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।

## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर



**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।

यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

## मोदी को आगामी चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन

**वाशिगटन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे।



**देशभर में होगी 25 लाख लोगों को फोन कर वोट देने की अपील**

काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं।

ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## भारतवंशी वरुण श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने



**मेलबर्न, एजेंसी।** भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।

लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद् भगवद्गीता पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

### यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई का विरोध करने पर चुनाव लड़ने से रोका

**मॉस्को।** रूस के मुख्य चुनाव प्राधिकरण ने गुरुवार को यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य कार्रवाई का विरोध करने वाले एक राजनेता को आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। मॉस्को के पास एक कस्बे के स्थानीय विधायक बोरिस नादेजदीन को कानून के अनुसार उम्मीदवारी के समर्थन में कम से कम 100,000 हस्ताक्षर इकट्ठा करने की आवश्यकता थी। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नादेजदीन के अभियान द्वारा प्रस्तुत 9,000 से अधिक हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया।

### विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफड्र्सविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।

### हिमस्खलन...





**जम्मू-कश्मीर:** श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर साराबल गांदरबल में बेहद बड़ा हिमस्खलन हुआ है। इसमें किसी प्रकार का जान माल का नुकसान होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक ये हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। बता दें, कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। 24 घंटे तक खतरे वाले इलाकों में नहीं जाने को कहा गया है। ● एजेंसी

**विज्ञान** पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

# जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचारः** जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।



जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

### उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

### भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच समुद्री सुरक्षा पर चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस की नौसेना के बीच नई दिल्ली में 17वीं स्टाफ वार्ता आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण और सूचना का आदान-प्रदान समेत वर्तमान में नौसेना के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि 17वीं भारत-फ्रांस नौसेना स्टाफ वार्ता छह से सात फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की गई थी।

भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि दोनों देशों की नौसेना के बीच समुद्री क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही कहा कि समुद्री क्षेत्र के खतरों पर भी वार्ता में चर्चा की गई। इस दौरान परिचालन, प्रशिक्षण समेत सहयोग के तरीकों पर बातचीत हुई। समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

## भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।



**निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं**

### नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ विस्फोटक सामग्री जब्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया गया।

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि बुधवार देर रात को खुफिया जानकारी मिली थी कि कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली तिराहे पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व हिदुर गांव में सशस्त्र नक्सली डेरा डाले हुए हैं। सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी में नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद नक्सली घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। विस्फोटक सामग्री, आईईडी बरामद किए गए हैं।